@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 3 मई 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 171 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## राकेश टिकैत के साथ धक्का-मुक्की, पगड़ी गिरी

मुजफ्फरनगर, 2 मई। हिंदू संगठनों की ओर से जन आक्रोश यात्रा में पहुंचे भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को विरोध झेलना पड़ा। उनके साथ धक्का-मुक्की हुई। इस दौरान सिर से उनकी पगड़ी गिर गई। पुलिस सुरक्षा में टिकैत को निकाला गया। इस घटना के विरोध में भाकियू ने शहर में ट्रैक्टर मार्च का एलान किया है। शुक्रवार को टाउनहॉल के मैदान पर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता एकत्र हुए। भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने माइक लेकर संबोधन करने का प्रयास किया, लेकिन इस बीच उनका विरोध हो गया। भीड़ में आगे खड़े लोगों ने हूटिंग शुरू कर दी। विरोध बढ़ता देख सुरक्षाकर्मियों और भाकियू कार्यकर्ताओं ने टिकैत को सुरक्षा के घेरे में निकालने का प्रयास किया। सुरक्षा घेरे के बीच में ही एक युवक ने झंडे से उनके सिर पर हमला करने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओं ने युवक को रोका। इस दौरान जब टिकैत युवक की तरफ बढ़े तो भीड़ में उनके पीछे खड़े व्यक्ति का हाथ लगने से उनकी पगड़ी गिर गई। दोबारा उन्हें पगड़ी पहनाई गई। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत भी मौके पर पहुंचे और टिकैत को सकुशल वहां से निकलवाया गया। पहलगाम प्रकरण के बाद भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने सिंधू नदी का पानी बंद किए जाने को गलत बताया था। इसका विरोध शुरू हो गया। भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत के बयानों पर भी कुछ लोग नाराज थे। ऐसे माहौल में टिकैत जन आक्रोश यात्रा में पहुंचे तो उनकी हूटिंग की गई। भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि जन आक्रोश यात्रा को कैप्चर कर लिया गया था। यह किसान आंदोलन को कुचलने का प्रयास है। पुलिस को अपना काम करना चाहिए। वीडियो फुटेज मौजूद है। हम शहर में सबके सहयोग से ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे, वह सबका होगा।



# पहलगाम हमले पर जवाब के लिए सरकार की रणनीति स्पष्ट नहीं: खरगे

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 2 मई। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की महत्वपूर्ण बैठक में शुक्रवार को पहलगाम आतंकी हमले और केंद्र सरकार की ओर से किए गए जाति जनगणना के एलान पर चर्चा की गई। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया था कि सीडब्ल्यूसी इन दोनों अहम मुद्दों पर बैठक में चर्चा करेगी। सूत्रों के मुताबिक, सीडब्ल्यूसी की इस बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए जा सकते हैं। पहले प्रस्ताव में पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की जा सकती है। दूसरे प्रस्ताव में जल्द जाति जनगणना के लिए धन आवंटन की मांग की जा सकती है। बैठक में यह भी मांग उठाई जा सकती है कि संविधान में संशोधन करके आरक्षण पर लगी 50 फीसदी की सीमा को हटाया जाए। साथ ही सरकार से यह अपील भी की जा सकती है कि अनुच्छेद 15(5) को लागू किया जाए, जो निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण का प्रावधान करता है। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की। इसमें पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और कोषाध्यक्ष अजय माकन समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। यह बैठक ऐसे समय पर हुई है, जब केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि अगली जनगणना में जाति के आंकड़ों को भी शामिल किया जाएगा। ऐसा देश की आजादी के बाद पहली बार होगा। कांग्रेस प्रमुख खरगे ने कहा कि केंद्र के पास पहलगाम आतंकी हमले के बाद की स्थिति से निपटने की कोई स्पष्ट रणनीति नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है। खरगे ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दबाव और सच्चाई से उठाए गए मुद्दों के कारण सरकार को झुकना पड़ा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने फिर साबित कर दिया कि अगर हम ईमानदारी से जनता के मुद्दे उठाते हैं, तो सरकार को झुकना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि पिछली सीडब्ल्यूसी बैठक में कांग्रेस ने आतंकवाद के खिलाफ सरकार को हरसंभव समर्थन देने की बात कही थी, लेकिन हमले के कई दिन बाद भी केंद्र की तरफ से कोई स्पष्ट रणनीति सामने नहीं आई। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने कानपुर में शहीद शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात कर सरकार से उन्हें शहीद का दर्जा और सम्मान देने की मांग की। खरगे ने कहा, हम देश की एकता, अखंडता और समृद्धि को



चुनौती देने वाली हर ताकत का मिलकर और सख्ती सें सामना करेंगे। इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष सरकार के साथ है। हमने यह संदेश पूरी दुनिया को दिया है। सीडब्ल्यूसी इससे पहले 24 अप्रैल को भी पहलगाम हमले को लेकर बैठक कर चुकी है, जिसमें उसने पाकिस्तान को इस हमले का मास्टरमाइंड बताया और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहले कहा था कि 22 अप्रैल के हमले में मारे गए 26 लोगों के दोषियों को सजा मिलनी चाहिए और प्रधानमंत्री को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने जाति जनगणना को लेकर सरकार के फैसले का स्वागत तो किया, लेकिन यह भी कहा कि 11 साल विरोध करने के बाद अब अचानक फैसला लेने के पीछे क्या मंशा है, यह स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि सरकार जाति जनगणना की प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक स्पष्ट समय-सीमा तय करे, नहीं तो यह भी महिला आरक्षण विधेयक की तरह अधूरा रह सकता है। राहुल गांधी ने यह भी दावा किया कि सरकार ने कांग्रेस के दबाव में आकर ही जाति जनगणना का एलान किया है। वहीं, गुजरात कांग्रेस के नेताओं ने केंद्र सरकार की ओर से अगली जनगणना में जातिगत गणना शामिल करने के फैसले का स्वागत किया और इसका श्रेय राहुल गांधी को दिया और कहा कि उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार को यह कदम उठाने के लिए मजबूर किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने भूषण स्टील एंड पावर को दिवालिया घोषित किया

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 2 मई। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जेएसडब्ल्यू स्टील की उस योजना को रद्द कर दिया, जिसमें उसने भूषण स्टील एंड पावर लिमिटेड (बीएसपीएल) का अधिग्रहण करने की कोशिश की थी। कोर्ट ने कहा कि यह योजना दिवालिया कानून (आईबीसी) के खिलाफ है और गैरकानूनी है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि इससे कर्ज देने वाले बैंकों को नुकसान हो सकता था। जस्टिस बेला एम.त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने आदेश दिया कि बीएसपीएल का दिवालिया कानून के परिसमापन (लिक्विडेट) करा दिया जाए। यहां परिसमापन का मतलब कंपनी की सारी संपत्तियों को बेचकर उससे मिलने वाले पैसे से कर्ज चुकाना और फिर कंपनी को बंद कर देने से है। शीर्ष कोर्ट ने इस मामले से जुड़े सभी जिम्मेदार पक्षों के व्यवहार



की कड़ी आलोचना की। इनमें समाधान विशेषज्ञ, कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) और राष्ट्रीय कंपनी कानून अधिकरण (एनसीएलटी) शामिल हैं। कोर्ट ने कहा कि इन लोगों ने मिलकर दिवालिया कानून का साफ तौर पर उल्लंघन किया। जस्टिस बेला त्रिवेदी ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि समाधान विशेषज्ञ ने कॉर्पोरेट दिवालियापन से जुड़ी प्रक्रिया के दौरान अपनी वैधानिक जिम्मेदारियां नहीं निभाई, जैसा कि दिवालियापन कानून और उससे जुड़ी नियमावली में तय किया गया था। कोर्ट ने आगे कहा कि कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) ने जेएसडब्ल्यू की समाधान योजना को बिना सोचे-समझे मंजूर किया।

### जातीय जनगणना पर केंद्र के फैसले का किया स्वागत

बंगलूरू, 1 मई। केंद्र सरकार ने एक बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए आगामी जनगणना में जातिगत गणना को शामिल करने की घोषणा कर दी है। केंद्र के इस फैसले को विपक्ष और खासकर कांग्रेस अपनी बड़ी जीत मान रही है। साथ ही इस फैसले का जोरो शोरो से स्वागत भी किया जा रहा है। इसी बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्र के इस फैसले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हम केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत करते है। लेकिन इस फैसला का विशेष रूप से श्रेय लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जाता है। सीएम सिद्धारमैया ने जातिगत जनगणना के फैसले को लेकर श्रेय राहुल गांधी को देते हुए आगे कहा कि पिछले पांच वर्षों से राहुल गांधी केंद्र सरकार से जाति जनगणना कराने का आग्रह करते रहे हैं। उन्होंने इसके लिए बड़े पैमाने पर अभियान भी चलाया है। साथ ही लगातार रूप से इस मुद्दे की वकालत की भी है। दूसरी ओर कर्नाटक के सीएम ने इसे चुनावी दांव बताते हुए कहा कि केंद्र द्वारा जातिगत जनगणना कराने के पिछे का कारण बिहार में होने वाले चुनाव भी हो सकता है।

## दिल्ली विधानसभा से हट गई कांच की दीवार

नई दिल्ली, 2 मई। दिल्ली विधानसभा से कांच की एक दीवार हटा दी गई है। इससे अब मीडियाकर्मी विधानसभा में चल रही किसी भी कार्रवाई को ज्यादा बेहतर ढंग से देख-सुन और रिपोर्ट कर सकेंगे। पहले मीडिया गैलरी और विधानसभा के बीच कांच की दीवार होने से मीडियाकर्मियों को सीधे तौर पर कुछ सुनाई नहीं देता था। लेकिन कांच की दीवार हटने से अब यह बाधा समाप्त हो गई है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि विधानसभा से देश की आजादी की लड़ाई का गौरवशाली इतिहास जुड़ा हुआ है। जिस जगह से देश की आजादी की लड़ाई लड़ने की नींव पड़ी, पिछली सरकार ने वहीं पर मीडियाकर्मियों को विधानसभा की कार्रवाई को सुनने से रोक दिया था। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण था, लेकिन अब नई सरकार में विधानसभा की कार्रवाई को मीडियाकर्मी ज्यादा बेहतर ढंग से देख-सुन सकेंगे। गुप्ता ने कहा कि उन्होंने देश की लोकसभा और कई राज्यों के विधानसभा सदनों को देखा। उन्होंने पाया कि विधानसभाओं का स्तर काफी अच्छा था। इसे देखते हुए दिल्ली विधानसभा में भी बड़े सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरी विधानसभा को मानसून सत्र तक पेपरलेस कर दिया जाएगा। सभी विधायकों की सीट पर कंप्यूटर प्रणाली स्थापित की जाएगी जिससे वे अपने रिकॉर्ड कंप्यूटर पर देखकर अपनी राय से सदन को अवगत करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही ऑडियो-विजुअल माध्यम से विधानसभा का गौरवशाली इतिहास लोगों की जानकारी के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

## आज का कार्यक्रम कई लोगों की नींद में खलल डालने वाला: प्रधानमंत्री मोदी

**सौरभ शर्मा**

तिरुवनंतपुरम, 2 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को केरल दौरे पर हैं। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री पिनरई विजयन और कांग्रेस सांसद शशि थरूर के साथ मंच साझा किया। उन्होंने विझिनजाम बंदरगाह के उद्घाटन समारोह में कहा, मैं सीएम को बताना चाहता हूं कि आप गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं। शशि थरूर भी यहां बैठे हैं। आज का कार्यक्रम कई लोगों की नींद में खलल डालने वाला है। हालांकि, उनके भाषण को स्थानीय भाषा में दोहराने वाले व्यक्ति ने इसका ठीक से अनुवाद नहीं किया। इससे प्रधानमंत्री को यह कहना पड़ा कि संदेश उन तक पहुंच गया है, जिन्हें यह संदेश पहुंचाना था। इससे पहले उन्होंने केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में विझिनजम अंतरराष्ट्रीय गहरे पानी के बहुउद्देशीय बंदरगाह का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि यहां दुनिया के बड़े मालवाहक जहाज आसानी से आ सकेंगे। अभी तक भारत का 75त्न ट्रांसशिपमेंट देश के बाहर के पोर्ट्स पर होता था, इससे बहुत बड़ा नुकसान होता आया है। ये परिस्थिति अब बदलने जा रही है। अब देश का पैसा देश के काम आएगा। जो पैसा बाहर जाता था, अब वो केरल और विझिनजम के लोगों के लिए नए अवसर लेकर आएगा। देश में विकास का ब्यौरा देते हुए पीएम



मोदी ने कहा कि नाविकों की संख्या के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल है। पिछले 10 वर्षों में हमारे बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हो गई है। उनकी दक्षता में सुधार हुआ है। वहां टर्नअराउंड समय में 30 प्रतिशत की कमी आई है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि बंदरगाह का निर्माण 8,800 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। निकट भविष्य में इसकी ट्रांसशिपमेंट हब क्षमता तीन गुनी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि गुजरात के लोग अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी से निराश होंगे, जिन्होंने केरल में इतना बड़ा बंदरगाह बनाया है, जबकि वे पश्चिमी भारतीय राज्य से आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के बंदरगाह मंत्री वीएन वासवन की ओर से अदाणी समूह यानी एक कॉर्पोरेट इकाई को कम्युनिस्ट सरकार के भागीदार के रूप में स्वीकार करना देश में हो रहे बदलावों को दिखाता है। तिरुवनंतपुरम जिले में स्थित बंदरगाह से अंतरराष्ट्रीय व्यापार और शिपिंग में भारत की भूमिका बदलने की उम्मीद है। गहरे पानी के बंदरगाह को भारत के सबसे बड़े बंदरगाह डेवलपर और अदाणी समूह के अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (क्क्स्श्ब्) की ओर से सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित किया गया है। सफल परीक्षण के बाद बंदरगाह को पिछले साल 4 दिसंबर को अपना वाणिज्यिक कमीशनिंग प्रमाणपत्र मिला था।

## पाकिस्तान के पक्ष में बोलने वालों पर असम के मुख्यमंत्री का कड़ा रुख

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

गुवाहाटी, 2 मई। पहलगाम चुनाव के बाद से भारत में पाकिस्तान को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। सरकार आतंकवाद समर्थक पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के बचाव के आरोप में असम में कम से कम 36 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। पंचायत चुनावों के रैली में संबोधित करते हुए सरमा ने लोगों से कहा कि लोग प्रार्थना करें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना को इतनी ताकत मिले की दुनिया में कहीं भी छिपे पाकिस्तानी आतंकवादियों को मारा सके। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादी आए और निर्दोष लोगों को मार डाला, लेकिन हममें से कुछ लोग पाकिस्तान जिंदाबाद कह रहे हैं। हमने उनमें से कई को गिरफ्तार किया है। अगर कोई



पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाएगा तो हम उसके पैर तोड़ देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य और देश को ऐसे लोगों की जरूरत नहीं है, जो यहां रहते हैं और यहां खाते हैं, लेकिन पाकिस्तान की तारीफ करते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने पुलिस को निर्देश दिया है कि आप पाकिस्तान जिंदाबाद कहने वालों के चेहरे न देखें। उन्हें कानून के अनुसार गिरफ्तार करें और उनके पैर तोड़ दें। हमें अपने असम और भारत को मजबूत करना है। पंचायत चुनाव प्रचार के दौरान सरमा ने यह भी आरोप लगाया कि जब असम में कांग्रेस की सरकार थी, तब धुबरी में कोई सुरक्षा नहीं थी। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि भाजपा के आने के बाद से धुबरी में विकास का कार्य हुआ है। यहां के लोग अब खुद को सुरक्षित महसूस करते है। कांग्रेस सरकार कभी भी यहां के जनता का साथ नहीं दिया है। यहां तक की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की नौकरी के लिए कांग्रेस सरकार ने 2-3 लाख रिश्वत देना पड़ा है। हर भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार था। असम में बिना बिचौलियों के कुछ भी नहीं हो सकता था।

## पीएम शहबाज का यूट्यूब अकाउंट भारत में बंद

नई दिल्ली, 2 मई। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आधिकारिक यूट्यूब चैनल को भारत में ब्लॉक कर दिया। चैनल पर अब यह संदेश दिख रहा है- यह सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े सरकारी आदेश के कारण इस देश में उपलब्ध नहीं है। शहबाज शरीफ का चैनल अब तक का सबसे हाई-प्रोफाइल खाता है, जिसे भारत सरकार ने ब्लॉक किया है। इससे पहले पाकिस्तान के वित्त मंत्री ख्वाजा आसिफ और सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर के खाते भी ब्लॉक किए जा चुके हैं। सरकार ने केवल राजनेताओं के खिलाफ ही नहीं, बल्कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और न्यूज चैनलों के खातों पर भी कार्रवाई की है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हमला किया था। इस हमले में 26 आम नागरिक मारे गए थे। जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा। भारत सरकार ने पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रही अफवाहों और दुष्प्रचार पर नकेल कसने के लिए यह कदम उठाए हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने उन कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों और सोशल मीडिया खातों को ब्लॉक करने का आदेश दिया है, जो भारत की संप्रभुता और सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने के लिए भ्रामक सामग्री फैला रहे हैं।

# नशा नहीं, लक्ष्य बनाओ, देश को अपने आगे बढ़ाओ: नायब सिंह सैनी

**नरेश मल्होत्रा**

चंडीगढ़, 2 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार देर शाम को पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित इंद्रधनुष सभागार में स्वामी संपूर्णानंद ब्रह्मचारी जी महाराज की कथा में पहुंचे और नशा नहीं लक्ष्य बनाओ, देश को अपने आगे बढ़ाओ पर केंद्रित कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के अभियान में सफलता के लिए संतों से आशीर्वाद मांगा और उनसे कथा के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए उन्हें प्रेरित करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा, कालका की विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा, पंचकूला के महापौर श्री कुलभूषण गोयल, संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्री प्रेम जी गोयल, हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता, भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती बंतो कटारिया के अलावा वृन्दावन और गोवा से आए संत प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूजनीय सम्पूर्णानन्द ब्रह्मचारी जी का युवाओं को समर्पित यह कार्यक्रम नशा नहीं लक्ष्य बनाओ नशा नहीं लक्ष्य बनाओ, देश को अपने आगे बढ़ाओ कार्यक्रम प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में युवाओं को नई प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि जब संतों का आशीर्वाद हमारे साथ है तो मुझे विश्वास हो गया है कि हरियाणा से नशा नाम की बुराई जड़ से खत्म हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा परम सौभाग्य है कि मुझे आज ऐसे ही आंदोलन में भाग लेने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि इसी ऑडिटोरियम में 26 जून, 2023 को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर नशे के विरुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया था। उसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी ने समाज को इस बुराई से बचाने के लिए संतों से प्रार्थना की थी। उस समय संतों ने पूरा सहयोग करने का विश्वास दिलाया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह सम्मेलन सरकार ने आयोजित किया था, लेकिन आज स्वयं संतों ने नशे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए इस सम्मेलन का आयोजन किया है मुख्यमंत्री श्री सैनी ने कहा कि ऐसा ही दृश्य मुझे पिछले दिनों नशे के खिलाफ निकाली गई राज्य स्तरीय साइकिल रैली में देखने को मिला था। मैंने स्वयं 5 अप्रैल को हरी झंडी दिखाकर उस रैली को हिसार से रवाना किया था। इसके बाद मैंने फरीदाबाद और जींद में भी इस रैली



के कार्यक्रमों में भाग लिया। गत 5 अप्रैल से 27 अप्रैल तक निकाली गई उस 23 दिवसीय साइकिल रैली ने कुल 2010 किलोमीटर की दूरी तय की। उसमें कुल 5 लाख 43 हजार 568 लोगों ने भाग लिया, जिसमें से 3 लाख 41 हजार 267 लोगों ने साइकिल चलाई। गत 27 अप्रैल को सिरसा में इस रैली के समापन समारोह में भाग लेने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। रैली का पूरे प्रदेश में जगह-जगह पर भारी स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री सैनी ने कहा कि बच्चों और युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए एक कार्यक्रम धाकड़ स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के स्तर पर शुरू किया गया है। हमने पंचकूला में एक अन्तर्राज्यीय ड्रग सचिवालय की स्थापना की है। मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिए हरियाणा में जिला, रेंज और राज्य स्तर पर एंटी नारकोटिक्स सैल्स स्थापित किये गये हैं। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी नशे को अर्थात् (अंधकार), (विनाश) और (तबाही) का प्रतीक बताया है। प्रधानमंत्री जी ने युवाओं से आग्रह किया है कि वे नशे को कूल या स्टाइल स्टेटमेंट न समझें, क्योंकि यह एक भ्रम है जो उन्हें विनाश की ओर ले जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे का जाल फैलाया जा रहा है। हमें इस जाल को तोड़ना है।

## संजय राउत ने शिवसेना शिंदे पर किया कटाक्ष

मुंबई, 2 मई। महाराष्ट्र में संरक्षक मंत्री पद को लेकर छिड़े विवाद के बीच शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शिवसेना शिंदे पर कटाक्ष किया। संजय राउत ने कहा कि गुंडों को रायगढ़ का संरक्षक मंत्री नहीं बनाया जाना चाहिए। संजय राउत ने कहा कि रायगढ़ जैसे जिले का संरक्षक पद गुंडों के पास नहीं होना चाहिए, बल्कि ऐसे व्यक्ति के पास होना चाहिए जो संतुलित हो और भ्रष्टाचार से लड़ सके। अदिति तटकरे एक सक्षम मंत्री और राज्य का युवा चेहरा हैं। वह रायगढ़ जिला परिषद की अध्यक्ष रह चुकी हैं और जिले को अच्छी तरह जानती हैं। वह धैर्यवान हैं और भ्रष्ट नहीं हैं। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के सहयोगी शिवसेना और एनसीपी के बीच रायगढ़ के संरक्षक मंत्री पद को लेकर खींचतान चल रही है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पहले महिला एवं बाल विकास मंत्री और एनसीपी नेता अदिति तटकरे को जिले का संरक्षक मंत्री नियुक्त किया था। इस कदम से शिवसेना नाराज हो गई, क्योंकि उसके पार्टी नेता और रोजगार गारंटी मंत्री भरत गोगावाले भी इस पद के लिए दावेदारी कर रहे थे। इसके बाद फडणवीस ने निर्णय स्थगित कर दिया। किसी भी जिले के प्रभारी मंत्री जिले में विकास के लिए फंड आवंटित करने और विभिन्न विकास कार्यों के लिए जिम्मेदार होते हैं। रायगढ़ में जल्द ही नए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण होना है, साथ ही कई आवासीय योजनाएं भी प्रस्तावित हैं। ऐसे में रायगढ़ अहम जिला हो जाता है। हाल ही में रायगढ़ दौरे गए गृह मंत्री अमित शाह ने तटकरे के घर पर लंच किया था। मंत्री अदिति तटकरे के पिता एनसीपी के सुनील तटकरे रायगढ़ लोकसभा सीट से सांसद हैं। वहीं जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में से तीन शिवसेना के पास हैं, जबकि एनसीपी, शिवसेना (यूबीटी) और भाजपा के पास एक-एक सीट है।

## ऑस्ट्रेलिया में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोग घायल



**एजेंसी**
**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के दक्षिणी तट पर शुक्रवार को एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। विक्टोरिया पुलिस ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे के बाद मेलबर्न से 60 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में तटीय शहर प्वाइंट लोन्सडेल के पास हेलिकॉप्टर को पानी में गिरते देखा गया। उन्होंने कहा कि विमान में सवार तीनों लोगों की औपचारिक पहचान नहीं हो पाई है। हादसे के बाद वे किनारे पर पहुंचने में सफल रहे। इनमें से एक पुरुष और एक महिला को गंभीर चोटों के साथ हवाई मार्ग से अस्पताल ले जाया गया जबकि दूसरे पुरुष को भी गंभीर चोटों के साथ सड़क मार्ग से अस्पताल ले जाया गया। विक्टोरिया पुलिस ने एक बयान में कहा कि घटना के सटीक हालात अभी पता नहीं चल पाए हैं। ऑस्ट्रेलियाई परिवहन सुरक्षा ब्यूरो पुलिस की सहायता से दुर्घटना की जांच करेगा।

## जर्मनी के बर्लिन में गोलीबारी में दो लोग घायल



**बर्लिन ।** जर्मनी के बर्लिन में गोलीबारी की घटना में दो लोग घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी है। बर्लिन पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर कहा कि यह घटना क्रेउज़बर्ग जिले में हुई जहाँ संदिग्धों ने एक या एक से अधिक वाहनों से कई गोलियाँ चलाई  अख़बार बिल्ड के अनुसार दोनों पीड़ितों को अस्पताल ले जाया गया एवं उनकी चोटें जानलेवा नहीं मानी जा रही हैं। घटना के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ़्तार किया गया है। हमले के पीछे का मकसद अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

## ट्रंप ने ईरान से तेल खरीदने वाले देशों पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाने की दी धमकी

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से तेल खरीदने वाले किसी भी देश पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाने की धमकी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक्स पोस्ट पर लिखा  ईरानी तेल और सभी प्रकार के पेट्रोकेमिकल्स उत्पादों की खरीद तुरंत बंद होनी चाहिए। कोई देश या व्यक्ति ईरान से तेल या पेट्रोकेमिकल्स उत्पाद खरीदता है तो उसके खिलाफ तुरंत प्रभाव से द्वितीयक प्रतिबंध लगाये जायेंगे। उन्होंने आगे लिखा ऐसा करने वाले अमेरिका के साथ किसी भी तरह से व्यापार नहीं कर पायेंगे। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह धमकी तब आयी है जब ओमान ने घोषणा की कि इस आने वाले सप्ताहांत के लिए निर्धारित परमाणु वार्ता स्थगित कर दी गयी है। ओमान के विदेश मंत्री बदर बिन हमद अल बुसैदी ने एक्स एकाउंट पर लिखा लॉजिस्टिक कारणों से तीन मई शनिवार को प्रस्तावित यूएस-ईरान वार्ता को हम पुनर्निर्धारित कर रहे हैं। आपसी सहमति के बाद वार्ता की नयी तारीख की घोषणा कर दी जायेगी।



## राष्ट्रपति के अभिभाषण से पहले कैबिनेट बैठक स्थगित, राज्य मंत्री का शपथग्रहण रुका

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने आज राष्ट्रपति के अभिभाषण से पहले कैबिनेट बैठक को स्थगित कर दिया, जिसमें सरकार की नीति तथा कार्यक्रम को पारित किया जाना था। इसके अलावा नवनियुक्त ऊर्जा राज्य मंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को स्थगित कर दिया गया है। राष्ट्रपति आज शुक्रवार को तीन बजे संसद के संयुक्त सत्र में सरकार की नीति तथा कार्यक्रम पेश करने वाले हैं। उससे पहले कैबिनेट बैठक से इसे पारित किया जाना था। लेकिन अंतिम समय में प्रधानमंत्री की तरफ से कैबिनेट बैठक को स्थगित कर दिया गया। हालांकि इसका कारण अभी तक नहीं बताया गया है।इसके अलावा आज ही नवनियुक्त ऊर्जा राज्य मंत्री का भी शपथग्रहण भी स्थगित कर दिया गया है। सरकार ने कल नेपाली कांग्रेस के खम बहादुर गरबुजा को ऊर्जा राज्य मंत्री के रूप में नियुक्त किया था। शपथ ग्रहण आज सुबह 10 बजे निर्धारित किया गया था।

# नासा के स्फीयरएक्स ने विज्ञान संचालन शुरू किया

**एजेंसी**
**संयुक्त राष्ट्र ।** लॉस एंजिल्स 02 मई (वार्ता) अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष वेधशाला स्फीयरएक्स ने आधिकारिक तौर पर विज्ञान संचालन शुरू कर दिया है जो ब्रह्मांड की उत्पत्ति, आकाशगंगाओं के विकास और आकाशगंगा में जीवन के निर्माण खंडों में नई अंतर्दृष्टि को उजागर करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नासा ने  यह घोषणा की। नासा ने बताया कि स्फीयरएक्स अगले दो वर्षों में प्रतिदिन लगभग 3,600 चित्र लेगा एवं पूरे आकाश का व्यवस्थित रूप से सर्वेक्षण करेगा। नासा के अनुसार 11 मार्च को लॉन्च किए गए स्फीयरएक्स ने पिछले छह सप्ताह जांच, अंशांकन और अन्य गतिविधियों से गुजरते हुए बिताए हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह ठीक से काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब विज्ञान संचालन शुरू होने के साथ वेधशाला तीन आयामों में करोड़ों आकाशगंगाओं की स्थिति का चार्ट बनाएगी। इसका लक्ष्य ब्रह्मांड विज्ञान में कुछ सबसे गहन प्रश्नों को संबोधित करना है, जैसे कि ब्रह्मांड कैसे शुरू हुआ और इसकी बड़े पैमाने की संरचना कैसे विकसित हुई।वाशिंगटन में नासा मुख्यालय में खगोल भौतिकी प्रभाग के कार्यवाहक निदेशक शॉन डोमागल-गोल्डमैन ने कहा यह नई वेधशाला अंतरिक्ष आधारित खगोल भौतिकी सर्वेक्षण मिशनों के समूह में शामिल हो रही है जो नासा के नैन्सी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप के प्रक्षेपण की ओर अग्रसर है। इन अन्य मिशनों के साथ वेधशाला ब्रह्मांड के बारे में उन बड़े सवालों के जवाब देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी जिनसे हम नासा में हर दिन निपटते हैं।÷ नासा के अनुसार वेधशाला अपने 25 महीनों के नियोजित सर्वेक्षण कार्यों में 11,000 से अधिक परिक्रमाएँ पूरी करेगी जो प्रतिदिन लगभग 14 और आधा बार पृथ्वी की परिक्रमा करेगी।



## पाकिस्तान में सिंधु नदी से सटे कराकोरम राजमार्ग पर हादसा, कार खाई में गिरी, परिवार के आठ सदस्यों की मौत



**एजेंसी**
**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान में कल शाम हुए एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के आठ सदस्यों की जान चली गई। यह हादसा लोअर कोहिस्तान के मट्टा बंदा इलाके में सिंधु नदी से सटे कराकोरम राजमार्ग पर हुआ। द न्यूज इंटरनेशनल अखबार के अनुसार, एक कार गिलगित बाल्टिस्तान से पंजाब जा रही थी। चालक के स्टीयरिंग पर नियंत्रण खो देने से कार राजमार्ग पर एक तीव्र मोड़ के दौरान खाई में गिर गई। पुलिस अधीक्षक तैमूर खान ने बताया कि सभी आठ शवों को बरामद कर लिया गया है। पीड़ितों की पहचान रावलपिंडी के आसिफ इकबाल, उनकी पत्नी मेमोना इकबाल, उनके चार बच्चों और दो रिश्तेदारों आयशा सिद्दीकी और बुशरा वसीम के रूप में हुई है। खान ने कहा कि कराकोरम राजमार्ग पर ऊपरी और निचले क्षेत्र में कई खतरनाक मोड़ हैं। यहां आमतौर हादसे होते रहते हैं।

## नोटम अलर्ट की अनदेखी कर बांग्लादेश का विमान मदीना से उड़ा, ढाका में नहीं हो सकी लैंडिंग

**एजेंसी**
**ढाका।** 'बांग्लादेश एयरलाइन बिमान' कंपनी के बोइंग 777 ने कल नोटम अलर्ट की अनदेखी कर सऊदी अरब के मदीना से ढाका के लिए उड़ान भरी। इस वजह से उसे यहां हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमित नहीं मिली। आखिरकार उड़ान को सिलहट की ओर मोड़ना पड़ा।  दे डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, बोइंग 777 के पायलट-इन-कमांड ने ढाका स्थित हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नोटम (एयरमैन नोटिस) अलर्ट को नजरअंदाज किया। इसमें संकेत दिया गया था कि हवाई अड्डा एक निश्चित अवधि के लिए अनुपलब्ध रहेगा। सूत्रों ने बताया कि उड़ान के मार्ग परिवर्तन से एयरलाइन को भारी नुकसान हुआ। नोटम पायलटों और एयरलाइन संचालकों को बंद रन-वे, हवाई क्षेत्र प्रतिबंध, खतरे या हवाई अड्डे की सुविधाओं में बदलाव जैसी चीजों के बारे में सचेत करता है। इनके बारे में उन्हें उड़ान से पहले या उड़ान के दौरान पता होना चाहिए। सूत्रों के अनुसार, उड़ान नोटम अवधि के दौरान बुधवार को पहुंची। नोटम अवधि सुबह 11:45 से दोपहर 12:45 बजे तक थी। इस कारण उड़ान को सिलहट उस्मानी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डायवर्ट करना पड़ा। कंपनी ने माना है कि इस डायवर्जन से बचने के लिए मदीना से प्रस्थान में देरी करनी चाहिए थी। बिमान के महाप्रबंधक (जनसंपर्क) बुशरा इस्लाम ने इस चूक को स्वीकार किया है। इससे पहले इसी तरह की एक घटना में कंपनी के विमान डिस्पैचर सहित सभी चालक दल को निलंबित किया जा चुका है।




## खालिदा जिया लंदन से पांच मई को लौटेंगी स्वदेश

**एजेंसी**
**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया लंदन से 05 मई को स्वदेश लौट सकती हैं। वह लंबे समय से लीवर सिरोसिस, किडनी, हृदय, मधुमेह और गठिया सहित विभिन्न शारीरिक बीमारियों से पीड़ित हैं। इस साल 08 जनवरी को उन्हें बेहतर इलाज के लिए लंदन ले जाया गया था।

दे डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, खालिदा जिया लंदन में इलाज के बाद अब बेहतर महसूस कर रही हैं।बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य एजेडएम जाहिद हुसैन ने बताया कि उनकी शारीरिक स्थिति पहले से काफी बेहतर है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो वह 05 मई को स्वदेश लौट आएंगी। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के साथ उनकी दो बहुएं तारिक रहमान की पत्नी डॉ. जुबैदा रहमान और दिवंगत अराफात रहमान कोकर की पत्नी सईदा शमिला रहमान सिंथी भी होंगी। वह बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस की नियमित उड़ान से स्वदेश लौटेंगी।साल 2018 में खालिदा जिया को भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार कर ओल्ड ढाका सेंट्रल जेल में बंद कर दिया गया था। कोरोना महामारी के दौरान पिछली सरकार ने उन्हें विशेष परिस्थियों में घर भेज दिया था। पिछले साल 05 अगस्त को अवामी सरकार के पतन के बाद राष्ट्रपति के आदेश पर खालिदा जिया को रिहा कर दिया गया था। इसके बाद अदालत ने भ्रष्टाचार के दो मामलों में फैसले को रद्द कर दिया। उन्हें इस साल 08 जनवरी को बेहतर इलाज के लिए लंदन ले जाया गया। वहां 17 दिनों तक लगातार उनका इलाज किया गया। 25 जनवरी को लंदन के क्लीनिक से उन्हें अपने बेटे तारिक रहमान के घर ले जाया गया। खालिदा जिया ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ ईद मनाई। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री ने अपनी कैद के दौरान चार ईदें जेल और बांग्लादेश मेडिकल यूनिवर्सिटी अस्पताल में बिताई। खालिदा जिया फिलहाल तारिक रहमान के घर पर हैं।



## भारत से लौटने वाले हमारे नागरिकों के लिए खुली रहेगी वाघा बॉर्डर : पाकिस्तान

**एजेंसी**
**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान ने भारत से लौटने वाले अपने नागरिकों के लिए वाघा सीमा को खुला रखने की घोषणा की। पहलगामा आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली ने पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए थे। पाकिस्तान विदेश कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, हालांकि भारत से पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी की अंतिम तिथि 30 अप्रैल थी, लेकिन यदि भारतीय अधिकारी उन्हें अपनी ओर से सीमा पार करने की अनुमति देते हैं तो लाहौर में वाघा बॉर्डर हमारे नागरिकों के लिए खुला रहेगा। बयान में कहा गया, वाघा सीमा भविष्य में भी पाकिस्तानी नागरिकों के लिए खुली रहेगी। विदेश कार्यालय ने कहा, पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने का भारत का निर्णय गंभीर मानवीय चुनौतियां पैदा कर रहा है।

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए और उनके स्वेदश लौटने के लिए 30 अप्रैल तक की समय-सीमा तय की। पाकिस्तान ने भी यही कदम उठाया, जिससे दोनों तरफ के सैकड़ों परिवारों को अपने प्रवास को छोटा करने और देश छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। बता दें आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थीं। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। प्रतिबंधित आतंकवादी समूह 'लश्कर-ए-तैयबा' से जुड़े 'टीआरएफ' ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। नई दिल्ली ने इस्लामबाद के खिलाफ कई सख्त कूटनीतिक और रणनीतिक कदम उठाए हैं। इनमें 1960 के सिंधु जल समझौते को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने, अटारी इंटिग्रेटेड चेक पोस्ट को बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने, शामिल हैं। भारत के इन फैसलों के बाद पाकिस्तान ने शिमला समझौते को स्थगित करने और भारतीय उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने, भारतीय नागरिकों के वीजा रद्दे करने जैसे कदम उठाए।




## ट्रंप प्रशासन ने जलवायु परिवर्तन संबंधी मुकदमों पर रोक के लिए हवाई और मिशिगन पर किया मुकदमा

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने हवाई और मिशिगन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है ताकि ये राज्य तेल कंपनियों के खिलाफ जलवायु परिवर्तन से जुड़े संभावित मुकदमे दाखिल न कर सकें। प्रशासन का कहना है कि ये डेमोक्रेटिक शासित राज्य घरेलू ऊर्जा उत्पादन में बाधा डाल रहे हैं और संघीय अधिकारों से परे जाकर काम कर रहे हैं।

हालांकि हवाई और मिशिगन ने अभी तक कोई औपचारिक मुकदमा दायर नहीं किया है, लेकिन हवाई के गवर्नर जोश ग्रीन ने स्थानीय टीवी चैनल को बताया कि उनका राज्य जल्द ही जीवाश्म ईंधन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेगा। वहीं, मिशिगन की अटॉर्नी जनरल डाना नेसल ने पिछले वर्ष जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुकदमों में सहायता के लिए कुछ कानूनी फर्मों की नियुक्ति की थी। इससे पहले, हवाई और मिशिगन में अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा दायर मुकदमों में कहा गया कि इन राज्यों के प्रस्तावित मुकदमे संघीय पर्यावरणीय नीतियों और विदेश नीति में अनुचित हस्तक्षेप करते हैं। यह एक असाधारण क्षेत्रीय अतिक्रमण है जो संविधान के तहत अस्वीकार्य है। जस्टिस डिपार्टमेंट ने अपने मुकदमे में कहा,राज्य स्तर पर लगाए गए प्रतिबंधों और बोझ के कारण अमेरिकी जनता को ऊर्जा के लिए अधिक भुगतान करना पड़ रहा है और देश की सुरक्षा भी खतरे में है।

# अमेरिका ने महामारी-प्रवण वायरस के लिए अगली पीढ़ी का सार्वभौमिक वैक्सीन प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च किया

**एजेंसी**
**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका ने महामारी प्रवण वायरस के लिए अगली पीढ़ी का सार्वभौमिक वैक्सीन प्लेटफार्म लॉंच किया है। अमरीकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग (एचएचएस) और नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ (एनआईएच) ने  जेनरेशन गोल्ड स्टैंडर्ड के लॉन्च की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह महामारी-प्रवण वायरस से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया एक अगली पीढ़ी का सार्वभौमिक वैक्सीन प्लेटफ़ॉर्म है। एनआईएच के अनुसार यह प्लेटफ़ॉर्म बीटा-प्रोपियोलैक्टोन (बीपीएल)-निष्क्रिय, संपूर्ण-वायरस दृष्टिकोण पर आधारित है जो पारंपरिक वैक्सीन तकनीक का एक आधुनिक रूप है। एनआईएच ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह पहल पारदर्शिता, प्रभावशीलता और व्यापक तैयारी की ओर एक निर्णायक बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है जो एनआईएच के सार्वभौमिक इन्फ्लूएंजा और कोरोनावायरस टीकों के इन-हाउस विकास को वित्तपोषित करती है जिसमें बीपीएल-1357 और बीपीएल-24910 शामिल हैं। एनआईएच के अनुसार इन टीकों का उद्देश्य महामारी-प्रवण वायरस जैसे एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा सहित कोरोनावायरस के कई प्रकारों के खिलाफ व्यापक-स्पेक्ट्रम सुरक्षा प्रदान करना है। एनआईएच के निदेशक डॉ. जय भट्टाचार्य ने कहा, जनरेशन गोल्ड स्टैंडर्ड एक आदर्श बदलाव है। यह स्ट्रेन-विशिष्ट सीमाओं से परे वैक्सीन सुरक्षा का विस्तार करता है और फ्लू वायरल खतरों के लिए तैयार करता है न केवल आज बल्कि कल भी 21वीं सदी में लाई गई पारंपरिक वैक्सीन तकनीक का उपयोग करके। एनआईएच के अनुसार सार्वभौमिक इन्फ्लूएंजा टीकों के लिए नैदानिक परीक्षण 2026 में शुरू होने वाले हैं जबकि अमरीकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की स्वीकृति 2029 के लिए लक्षित है।



## पाकिस्तान युद्ध में बच्चों को थमा सकता है बंदूक, नियंत्रण रेखा के पास स्कूलों में दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**एजेंसी**
**इस्लामाबाद।** भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को कराए गए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के हाथ-पांव फूले हुए हैं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विस इंटेलीजेंस (आईएसआई) और फौज को लग रहा है कि भारत कभी भी सैन्य कार्रवाई कर सकता है। इसलिए अपने कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के स्कूलों के खेल मैदानों को तेजी के साथ प्राथमिक चिकित्सा शिविरों में बदला जा रहा है। पाकिस्तान के लगभग सभी प्रमुख अखबारों में आज इस खबर को तरजीह दी गई है। जियो न्यूज में अन्य समाचार माध्यम से प्रसारित की गई खबर में कहा गया है कि इसका मकसद है अगर भारत के साथ युद्ध छिड़ जाता है तो बच्चों के कैसे जवाब देना है। सनद रहे पाकिस्तान कह चुका है कि उसके पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है कि भारत आसन्न सैन्य हमले की योजना बना रहा है। पाकिस्तान के अधिकारियों का कहना है कि सीमा के पाकिस्तान की तरफ 6,000 से अधिक स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय हैं। इनमें नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर 1,195 हैं। हाल ही में मुजफ्फराबाद के 13 स्कूलों में बच्चों को युद्ध के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर कल रावलपिंडी में देखे गए। उन्होंने टीला फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा किया। सैनिकों से युद्ध में पीछे न हटने का आह्वान किया। उन्होंने पाकिस्तान सेना की मंगला स्ट्राइक कोर के प्रशिक्षण अभ्यास को भी देखा।



## राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज को हटाया, विदेशमंत्री मार्को रुबियो को सौंपी जिम्मेदारी

**वाशिंगटन।** सिग्नल ऐप चैट से सुर्खियों में आए अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) माइकल वाल्ट्ज की छुट्टी कर दी गई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कल घोषणा की कि उन्होंने अपने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज को हटा दिया है।

# बांग्लादेश - अवमानना के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को कारण बताओ नोटिस

**एजेंसी**
**ढाका।** बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और अवामी लीग की प्रतिबंधित छात्र शाखा बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) के नेता शकील आलम बुलबुल को अदालत की कथित अवमानना के मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि आईसीटी अभियोजक गाजी एमएच तमीम ने दोनों व्यक्तियों को 15 मई तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया है। न्यायाधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गुलाम मुर्तुजा मुजुमदार की अध्यक्षता में सोशल मीडिया पर लीक हुए एक वायरल ऑडियो क्लिप की सामग्री पर यह आदेश पारित किया गया, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री को दिखाया गया था, जिसके माध्यम से उन्होंने कथित तौर पर न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया और न्यायाधिकरण को धमकी दी। आईसीटी अभियोजक ने कहा कि जांच एजेंसी ने फोरेंसिक परीक्षण कराया और पुष्टि की कि आवाज शेख हसीना की है। पिछले वर्ष अगस्त में सत्ता में आने के बाद मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री, उनके परिवार के सदस्यों और अवामी लीग समर्थकों के खिलाफ कई गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।

पिछले महीने बांग्लादेश के एक न्यायाधिकरण ने 2013 में ढाका के शापला छत्तर में हुए कथित सामूहिक हत्याकांड के लिए हसीना और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) बेनजीर अहमद सहित चार अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इससे पहले जनवरी में ढाका में एक विशेष न्यायाधिकरण ने पूर्व प्रधानमंत्री हसीना और 11 अन्य लोगों के खिलाफ जबरन गायब किए जाने की घटनाओं के संबंध में गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। विडंबना यह है कि इस न्यायाधिकरण की स्थापना शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अपराध (न्यायाधिकरण) अधिनियम के तहत की गई थी, जिसका उद्देश्य 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान बांग्लादेश के भूभाग में पाकिस्तानी सेना द्वारा अपने स्थानीय सहयोगियों की मदद से किए गए नरसंहार, मानवता के विरुद्ध अपराध, युद्ध अपराध और अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत अन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों का पता लगाना, उन पर मुकदमा चलाना और उन्हें दंडित करना था। विश्लेषकों का मानना है कि यह घटनाक्रम यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार द्वारा किया जा रहा एक बड़ा राजनीतिक प्रतिशोध है, क्योंकि अगस्त 2024 में उनके पद से हटने के तुरंत बाद पूर्व प्रधानमंत्री और उनके समर्थकों के खिलाफ तुच्छ आधार पर कई मामले दर्ज किए गए थे। देश में लोकतंत्र की बहाली के संघर्ष में अग्रणी आवाज रहीं बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हसीना को अपमानजनक तरीके से देश छोड़कर 5 अगस्त को भारत में शरण लेनी पड़ी थी। फरवरी में भारत से अवामी लीग समर्थकों को ऑनलाइन संबोधित करते हुए अपदस्थ प्रधानमंत्री ने यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर देश को कथित तौर पर आतंकवाद और अराजकता के केंद्र में बदलने का आरोप लगाया था।



कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in

R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472

Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## राकेश वर्मा ने आईआईआईडीईएम के महानिदेशक का संभाला कार्यभार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी राकेश वर्मा ने आज भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम), नई दिल्ली के महानिदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। वे 1993 बैच के पंजाब कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। वर्मा ने आईआईटी दिल्ली से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री प्राप्त की है। कार्यभार ग्रहण करने से पहले वे जल शक्ति मंत्रालय के अधीन जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा उन्होंने पर्यटन मंत्रालय में भी संयुक्त सचिव और अतिरिक्त सचिव के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। वहीं आशीष गोयल ने आज भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) में मीडिया के महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाला। गोयल 1996 बैच के भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) अधिकारी हैं। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय से एमबीए और पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ से इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री प्राप्त की है। इससे पहले, वे संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय संग्रहालय के महानिदेशक और सालार जंग संग्रहालय के निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) के रूप में कार्य कर चुके हैं।

# महाराष्ट्र और गुजरात ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से देश के विकास को गति दी : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में गुजरात और महाराष्ट्र के स्थापना दिवस के अवसर पर मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम से देश के विकास का जो सूत्र दिया है उसे दोनों राज्यों ने स्वीकारा है। केंद्रीय मंत्री शाह ने अपने संबोधन में बॉम्बे पुनर्गठन अधिनियम के तहत 1 मई 1960 को बॉम्बे राज्य को दो अलग-अलग राज्यों गुजरात और महाराष्ट्र में विभाजित करने के निर्णय का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस निर्णय ने यह उदाहरण प्रस्तुत किया है कि कैसे एक राज्य के दो हिस्से बिना किसी कटुता के स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए एक-दूसरे का सम्मान करते हुए अपने-अपने विकास के माध्यम से देश के समग्र विकास में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस दिन को देश के सभी राजभवनों में मनाया जाता है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना को चरितार्थ करने का



मजबूत उदाहरण है। शाह ने कहा कि गुजराती और मराठी भाषाओं के बीच कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। दोनों भाषाएं अपनी-अपनी जगह महान हैं और इनका साहित्य विश्व की सभी भाषा के साहित्य से कम समृद्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि ये दोनों भाषाएं देश की सांस्कृतिक धरोहर को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साथ ही, दोनों राज्यों ने अपनी परंपराओं को संरक्षित रखते हुए आधुनिकता को अपनाया है और राष्ट्र की एकता व अखंडता को मजबूत करने में भी अहम योगदान दिया है। केंद्रीय मंत्री शाह ने गुजरात और महाराष्ट्र दोनों राज्यों से अपना जुड़ाव बताया और कहा कि उनका जन्म और विवाह महाराष्ट्र में हुआ तथा उनकी कर्मभूमि गुजरात बनी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के कारण हम गुजरात और महाराष्ट्र के स्थापना दिवस समारोह को साधारण ढंग से मना रहे हैं। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वालों श्रद्धांजलि भी दी। उपराज्यपाल के राजधानी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के प्रयासों की सराहना करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि वह बहुत पहले श्री श्री रविशंकर के कार्यक्रम में यमुना तट कालिंदी घाट पर आये थे। उस समय यहां बहुत कूड़ा-करकट होता था। आज स्थिति में बदलाव देखकर प्रतीत होता है कि दिल्ली बदल रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यमुनोत्री से लेकर प्रयागराज तक यमुना नदी के प्रवाह वाले क्षेत्रों में जल को पवित्र और शुद्ध करने तथा दिल्ली में साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर एक रिवर फ्रंट विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्रवाई शुरू की है।

## दिल्ली हाई कोर्ट से साकेत गोखले को झटका, मानहानि मामले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** लक्ष्मी पुरी मानहानि मामले में टीएमसी नेता साकेत गोखले को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने लेखिका लक्ष्मी पुरी की ओर से दायर मानहानि मामले को चुनौती देने वाले टीएमसी नेता साकेत गोखले की याचिका खारिज कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर माफी मांगने और 50 लाख रुपये का हर्जाना देने के कोर्ट के आदेश को पलटने की मांग की थी। पिछले हफ्ते ही दिल्ली हाई कोर्ट ने मुआवजा देने के लिए सांसद के तौर पर उनका वेतन जब्त करने का निर्देश दिया था, क्योंकि उन्होंने मुआवजा नहीं दिया था। वहीं, अपनी याचिका में टीएमसी सांसद साकेत गोखले ने मानहानि मामले में सजा को वापस लेने और मुआवजा राशि में संशोधन करने की मांग दिल्ली हाई कोर्ट से की थी। पिछले साल जुलाई में हाई कोर्ट ने साकेत गोखले को मानहानि का दोषी पाया और लक्ष्मी पुरी को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया था। अदालत ने अतिरिक्त निर्देश भी जारी किए थे, जिसमें सोशल मीडिया पर सार्वजनिक माफी मांगने के लिए भी कहा गया था, जो कम से कम छह महीने तक साकेत के सोशल मीडिया हैंडल पर रहना चाहिए। अदालत ने साकेत गोखले को एक प्रमुख राष्ट्रीय समाचार पत्र में अपना माफीनामा प्रकाशित करने का भी आदेश दिया था। साथ ही यह भी कहा था कि आदेश का पालन आठ सप्ताह के भीतर किया जाना चाहिए। साकेत गोखले द्वारा 13 और 26 जून 2021 को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ पोस्ट डाले गए थे, जिसके बाद यह मामला अदालत तक पहुंचा। दरअसल, इन पोस्ट्स में गोखले ने आरोप लगाया था कि लक्ष्मी पुरी ने स्विट्जरलैंड में अपनी आय से अधिक संपत्ति खरीदी है।

## जातीय जनगणना केंद्र सरकार का स्वागतयोग्य फैसला, पीएम मोदी ने लोगों की भावनाओं का किया सम्मान : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली ।** भोजपुरी अभिनेता और दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने बिहार की सियासत और एनडीए के सहयोगियों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने चिराग पासवान, नीतीश कुमार, जातिगत गणना और महागठबंधन की रणनीति पर खुलकर अपनी राय रखी। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के विधानसभा चुनाव लड़ने और भविष्य में मुख्यमंत्री बनने की संभावना पर तिवारी ने कहा, ÷चिराग पासवान हमारे गठबंधन के प्रमुख नेता हैं। उनके निर्णय का हम सम्मान करते हैं और उसी के आधार पर भविष्य में विचार करेंगे। केंद्र सरकार द्वारा जातिगत गणना के फैसले पर तेजस्वी यादव और राहुल गांधी द्वारा क्रेडिट लेने की कोशिश पर तिवारी ने तंज कसा। उन्होंने कहा, जब इन लोगों के पास मौका था, तब इन्होंने जातिगत गणना क्यों नहीं कराई? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हैं और यह जनता की मांग थी, इसलिए केंद्र ने यह फैसला लिया।भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह के भाजपा में शामिल होने और चुनाव लड़ने की अटकलों पर तिवारी ने कहा, ÷कुछ दिन इंतजार कीजिए, सब स्पष्ट हो जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के उस दावे पर कि विधानसभा चुनाव के बाद नीतीश कुमार को भाजपा साइडलाइन कर देगी, मनोज तिवारी ने कड़ा जवाब दिया।

## पहलगाम की गुस्ताखी का स्थान और समय चुन भारतीय सेना देगी जवाबः रविंदर रैना

**नई दिल्ली ।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान लगातार सीजफायर का उल्लंघन करता आ रहा है। पाकिस्तान एलओसी से सटे गांवों में गोलीबारी कर रहा है। लगातार हो रही इस घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व अध्यक्ष रविंदर रैना ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान की इस गुस्ताखी का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। भाजपा नेता ने दावा किया कि हमारी सेना ने पाकिस्तान की कई चौकियों को ध्वस्त कर दिया है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। 26 सैलानियों की आतंकवादियों ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। इस घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के संबंधों में तनाव पैदा हो गया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान लगातार कई दिनों से सीमा से सटे गांवों में गोलीबारी कर रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से सटे बॉर्डर क्षेत्रों पर पाकिस्तान लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। भारतीय सेना पाकिस्तान की इस नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। उन्होंने कहा कि राजौरी, पुंछ, कुपवाड़ा और उरी में पाकिस्तान गोलीबारी कर रहा है। जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है।

## एमसीडी ने मलबा निस्तारण के लिए 106 स्थल किए निर्धारित

**नई दिल्ली।** । दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने शहर में कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके लिए एमसीडी ने 106 स्थानों को निर्धारित किया है। जहाँ निवासी निर्माण और मरम्मत कार्य से उत्पन्न निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सीएंडडी) कचरे का निपटान कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य निवासियों को अपने सीएंडडी कचरे का प्रबंधन करने के लिए एक नियत और कुशल तरीका प्रदान करना है। जिससे एक स्वच्छ और अधिक व्यवस्थित दिल्ली बनाने में योगदान मिल सके।

# कांग्रेस ने ओबीसी और एससी को केवल वोट बैंक के रूप में किया इस्तेमालः तरुण चुघ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने मोदी सरकार के जातिवार गणना के फ़ैसले को जनहित में ऐतिहासिक फ़ैसला बताया । उन्होंने मीडिया से कहा कि सरकार ने जो अगली जनगणना में जाति आधारित गणना को शामिल करने का फ़ैसला लिया है, यह ऐतिहासिक और युगांतकारी फ़ैसला है । भारतीय जनता पार्टी जाति की राजनीति नहीं, बल्कि हर जाति का कल्याण, समाज के हर वर्ग का कल्याण हो, इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री ने निरंतर कल्याण के कार्य किए। चुघ ने कांग्रेस पार्टी को याद दिलाते हुए कहा कि आज जातीय गणना का श्रेय लेने की होड़ में लगे राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए कि कांग्रेस के शासन में यह क्यों नहीं हुई। कांग्रेस ने सदैव अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अनुसूचित जाति (एससी) को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि नेहरू खुद जातिवार गणना के विरोधी थे और कांग्रेस ने ही काका कालेलकर रिपोर्ट भी दबा दी थी। मंडल आयोग के समय इंदिरा गांधी ने रिपोर्ट का विरोध किया, जबकि तत्कालीन गृहमंत्री ज्ञानी जैल सिंह ने जातिवार गणना की मांग खारिज कर दी थी। राजीव गांधी भी इसके पक्ष में नहीं थे। तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार ने सिर्फ कैबिनेट में विचार का आश्वासन देकर बात टाल दी थी। कांग्रेस का असली चेहरा कुछ और है, जो हर बार नकली मुखौटे के पीछे छिपा रहता है। राहुल गांधी की कांग्रेस का विजन सिर्फ समाज के विभाजन का रहा है। कांग्रेस का चरित्र अवसरवादी और वोटबैंक की राजनीति करने वाला है। आज कांग्रेस की फैमिली फर्स्ट, घमंड और पाखंड में डूबी है। कांग्रेस पार्टी के बयानों से पता चलता है कि उनके लिए सामाजिक न्याय महज राजनीतिक स्वार्थपूर्ति के लिए है। राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की नीति का यह तार्किक और सैद्धांतिक विस्तार है। यह फ़ैसला सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के भावों के अनुरूप है।

समाज की अंतिम सीढ़ी पर खड़ी और अब तक विकास में वास्तविक भागीदारी से वंचित जातियों की पहचान और उनके उत्थान का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लिया गया जातिगत गणना का निर्णय सामाजिक न्याय के प्रति राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की

# जाति जनगणना पारदर्शी, समावेशी और राजनीतिक दखल से मुक्त होनी चाहिए : सलीम इंजीनियर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष प्रो. सलीम इंजीनियर ने आगामी राष्ट्रीय जनगणना में जातिवार गणना को शामिल करने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले का स्वागत किया है। इसके साथ ही उन्होंने इसे पारदर्शी, समावेशी और राजनीतिक दखल से मुक्त होने की मांग की है। एक बयान में जमाअत उपाध्यक्ष ने कहा कि हम आगामी जनगणना में जातिवार गणना को शामिल करने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले का स्वागत करते हैं। जाति अभी भी भारत में एक मजबूत सामाजिक संरचना है जो शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व तक पहुंच को आकार देती है। यह पिछड़ी जातियों, दलितों और आदिवासियों द्वारा सामना किए गए ऐतिहासिक अन्याय को सुधारने के लिए एक सामाजिक, कानूनी, प्रशासनिक और नैतिक आवश्यकता है। यह सकारात्मक कार्रवाई नीतियों की निगरानी के लिए सटीक डेटा प्रदान करेगी और इन समुदायों को सामाजिक और आर्थिक रूप से विकसित करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि यह सर्वविदित तथ्य है कि केवल मापी गई चीज का ही अच्छे से प्रबंधन किया जा सकता है और इसलिए सूचित नीति निर्माण और समावेशी विकास के लिए जातिगत डेटा आवश्यक है। जातिवार गणना इन उपेक्षित समुदायों के लिए सकारात्मक व्यावहारिक नीतियों की निगरानी और उन्हें मजबूत करने के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध कराएगी, विशेष रूप से बढ़ते निजी क्षेत्र और घटती सरकारी नौकरियों के संदर्भ में। सरकार के निर्णय को स्वीकार करते हुए प्रो. इंजीनियर ने जाति जनगणना कराने में सरकार की पूर्व अनिच्छा पर



चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जैसा कि संसद में दिए गए आधिकारिक बयानों से पता चलता है, सरकार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से परे जाति जनगणना के पूरी तरह से खिलाफ थी लेकिन ऐसा लगता है कि उसने अंततः इसकी प्रभावशीलता को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पूरी प्रक्रिया के लिए एक निश्चित समयसीमा जारी की जानी चाहिए। जाति जनगणना के लिए पर्याप्त बजट आवंटित किया जाना चाहिए।


**NAME CHANGE**

I, No.-14684968F Rank-HAV Name-SUNIL KUMAR SAROJ Father of KUMARI LAXMI residing at VILL-DARBESHPUR, PO- JALALPUR, TEHSIL-KERAKAT, DISTT-JAUNPUR, U.P-222136, have changed my minor daughter's name from KUMARI LAXMI to LAKSHMI SAROJ for all future purposes vide Affidavit dated 02/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SHIVKUMAR YADAW Father of No-14849582M Rank-SEP/MT Name-MANOJ KUMAR YADAW Presently residing at WARD NO-5, CHORHA DEVRI, KHAIRA (DAGNIYA), BILASPUR, KHAIRA, CHHATTISGARH-495442, have changed my name from SHIVKUMAR YADAW to SHIVKUMAR YADAV for all future purposes vide Affidavit dated 02/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

I Amisha Sarki D/o Mantu Sarki R/o C-394, 1st Floor, Mohan Gali, Nanak Chand Basti, Kotla Mubarakpur, Lodhi Road, Central Delhi, Delhi-110003 That I have Embraced ISLAM and RENOUNCED HINDUISM and also changed my name from Amisha Sarki to AMAL KHAN for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, MALWAY Mother of No-2605955F Rank-HAV Name-SURESH MARUTI MISALE Presently residing at MURAKI BHAVI, BELGAUM, KARNATAKA-591121, have changed my name from MALWAY to MALLAVA M MISALE for all future purposes vide Affidavit dated 02/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, No. 14880228Y Rank-SEP/MT Name-IFITKHAR AHMED KHAN Presently residing at VILL-SARAI KHATELA, PO-KHATELA, TEH-HODAL, DIST-PALWAL, HARYANA-121105, have changed my father's name from HARUN KHAN to MOHAMMAD HARUN KHAN for all future purposes vide Affidavit dated 02/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, No. 14839671X Rank-HAV/MT Name-MANOJ KUMAR Presently residing at VILL-KANCHANPUR, PO-CHECHADHI, TEH-DAUDNAGAR, DIST-AURANGABAD, BIHAR-824124, have changed my mother's name from SUMINTRA DEVI to SUMITRA DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 02/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, Rohit Joshi S/o Shri Prem Chand Joshi, R/o Plot No. 41b Gali No.1, Near Ram Chander Market Rajpur Ext Colony, Delhi-110068 have changed my name Rohit Joshi to Rohit Kumar Joshi for all future purposes.

**PUBLIC NOTICE**

My Client Kamla Devi W/o Sh. Motilal R/o H.No. GD-160, Pul Pehladpur, South Delhi. Delhi-110044, have disowned and debarred his Son Lakhan and his wife Komal from their all movable, immovable properties and I have no relation with them in future and I have no responsibility of any kind of acts, Civil and criminal liabilities.

**HARSH CHAUDHARY**
Advocates
Ch.No.844, Saket Court
NEW DELHI-110017

**NAME CHANGE**

I, No. 14858665Y Rank-SEP/MT Name-BRID MAHENDRA ANANT Presently residing at VILL-TULSHIWADI, PO-TARDEV, TEH-MALBAR HILL, DIST-MUMBAI, MAHARASHTRA-400034, have changed my mother's name from BRID SULABHA ANANT to SULBHA ANANT BRID for all future purposes vide Affidavit dated 02/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, No. 14835830M Rank-HAV/MT Name-MINTU MISHRA Presently residing at VILL-CHISTIPUR, PO-MANGLAMARO, TEH-CONTAI, DIST-PURBA MEDINIPUR, WEST BENGAL-721434, have changed my daughter's name from SABITRI to SABITRI MISHRA for all future purposes vide Affidavit dated 02/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, No. 14830024W Rank-HAV/MT Name-SRIKANTA PANIGRAHI Presently residing at VILL-INDIPATTA, PO-KISHOREPRSAD, TEH-GANIA, DIST-NAYAGARH, ODISHA-752085, have changed my mother's name from SHILA BALA to SHAILABALA PANIGRAHI for all future purposes vide Affidavit dated 02/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, No. 14830024W Rank-HAV/MT Name-SRIKANTA PANIGRAHI Presently residing at VILL-INDIPATTA, PO-KISHOREPRSAD, TEH-GANIA, DIST-NAYAGARH, ODISHA-752085, have changed my father's name from RABINDRANATH to RABINDRA PANIGRAHI for all future purposes vide Affidavit dated 02/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, NO-GS192034A Rank-MTDVR-1 Name- RAJESH KUMAR UNIT ADD.-HQ DGBR SEEMA SADAK BHAWAN, RING ROAD DELHI CANTT, NEW DELHI-110010, R/o VILL-SANDWA KALA, PO&TEH NAINI, DISTT-PRAYAGRAJ, STATE-UTTAR PRADESH, PIN-211010 have changed my minor daughter name from NILIMA PAL to NEELIMA PAL for all future purposes. Vide affidavit dated 02.05.2025 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, FATIMA W/O MOHD KALSAR R/O 95 NIZAM NAGAR BASTI, HAZRAT NIZAMUDDIN, HAZRAT NIZAMUDDIN, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110013 declare that name of mine and my husband has been wrongly written as SUMAN and NARGIS in my minor daughter FIZA aged 14 years in his school Records. The actual name of mine, and my husband are FATIMA and MOHD KALSAR, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that **Mr. Ashok Kumar** is the owner of Plot no. 312, area measuring 53.51 Sq. Mtr, out of Khasra no. 475, situated in Unauthorized Colony Karkardooma, Village Karkardooma, Illaqa Shahdara, Delhi – 110092 through PM-Uday Conveyance Deed dated 04.02.2025 as doc. No. 2025/18/I/971 executed by POI through DDA in favour of Mr. Ashok Kumar in respect of Said Plot.

**Mr. Ashok Kumar** is in the process of mortgaging the said Plot with **SMFG India Home Finance Co. Ltd.** Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 07 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 07-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client.If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 07-days period by contacting

**Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301;**
Landline(s): +910120-3101683,
E-mail: accounts@lvnorth.in

**NAME CHANGE**

I, Neha Dave w/o Ashish Sharma R/o 339, Mandakini Enclave , Alaknanda , New Delhi-110019, have changed my name to Neha Dave Sharma permanently .

**NAME CHANGE**

I,ANJU KHURANA / ANJU W/o VIKRANT KHURANA R/o K1/131,13th FLOOR, INDIABULLS,CENTRUM PARK,SECTOR-103, GURGAON, HARYANA-122006, HAVE CHANGED MY NAME TO ANJU DHINGRA FOR ALL FUTURE PURPOSE

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as Chander Pal S/O Gujar,R/O House No-54, Index No-173, Block-BG-1,Shalimar Bagh, North West Delhi, Delhi -110088, have changed my name and shall hereafter be known as CHANDRA PATI.

**NAME CHANGE**

I, RAM RATTI Mother of No-17012215K Rank-HAV Name-NARENDRA KUMAR residing at VILL-RAMPUR, PO-ARGUPURKALAN, TEHSIL-SHAHGANJ, DIST-JAUNPUR, UTTAR PRADESH-222101, have changed my name from RAM RATTI to RATEE DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 02/05/2025 before Executive Magistrate, Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, मीनाक्षी कुमारी जीएस–163225एम, रैंक–ऑफिस सुपरिंटेंडेंट यूनिट– मुख्यालय डीजीबीआर, सीमा सड़क भवन, नई दिल्ली–110010, नाम– राम नाथ सिंह निवासी गांव–पुरोहित थोक, बिहार, पोस्ट–बिहार, वाया–नीबकरोरी, जिला–फर्रुखाबाद, राज्य उत्तर प्रदेश, पिन–209652 की बेटी हूं। मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम मीनाक्षी कुमारी से बदलकर मीनाक्षी कर लिया है। सब डिविजनल मजिस्ट्रेट दिल्ली के समक्ष दिनांक 02.05.2025 को दिए गए हलफनामे के अनुसार।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, मोनिका कुमारी जीएस–163225एम, रैंक–ऑफिस सुपरिंटेंडेंट यूनिट– मुख्यालय डीजीबीआर, सीमा सड़क भवन, नई दिल्ली–110010, नाम– राम नाथ सिंह निवासी गांव पुरोहित थोक, बिहार, पोस्ट–बिहार, वाया–नीबकरोरी, जिला–फर्रुखाबाद, राज्य उत्तर प्रदेश, पिन–209652 की बेटी हूं। मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम मोनिका कुमारी से बदलकर मोनिका रख लिया है। सब डिविजनल मजिस्ट्रेट दिल्ली के समक्ष दिनांक 02.05.2025 को दिए गए हलफनामे के अनुसार।

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that our client (1) Smt. Baby Sundaresan & (2) Sh. Sundaresan Kumar (Sudaresan K.) is the owner of Freehold Residential Unit/Portion Bearing no. 2 On Second Floor Without Roof/Terrace Rights Area Measuring 675 sq. ft approx., (i.e., 62.7075 sq. mtrs approx.) of Built-up Property Bearing no. 86, A-1 Measuring Approx., 225 sq. yds, in Ward no.4, Out of Khasra no. 1151/3min., Situated within the abadi Lal Dora of Village Mehrauli, Tehsil Mehrauli South Delhi, New Delhi-110030. by virtue of Sale Deed dated 16.12.2023 As Doc no. 10901, Book no.1, Vol no. 5849, Pages- 60 to 72, SRO- V A New Delhi. in the chain document below mentioned documents not available i.e. Conveyance Deed dated 03.11.1961 executed by DDA in favour of Sh. Shanti Lal Gupta (As Doc no. 8049, Book no.1, Vol no. 725, Pages- 25 to 27, SRO- New Delhi) & SMC of Late Sh. Om Prakash on dated 26.07.1986 now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same property sold too be Smt. Madhu and same has been finance by IndusInd Bank Ltd. Branch: Janakpuri New Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

**NAME CHANGE**

I AMIR S/O JABBAR AHMAD SAIFI R/O H-3/5, BLOCK-H, NAVEEN VIHAR, BEGUMPUR NORTH WEST DELHI 110086 HAVE CHANGED MY NAME TO AAMIR SAIFI

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि **श्री मनीष कुमार** उक्त संपत्ति प्लॉट संख्या 114 (भाग), क्षेत्रफल 150 वर्ग गज, खसरा संख्या 1389 में से, सेक्टर–3, गिरी मार्केट, गाँव लोनी (चकबंदी बहार), परगना और तहसील लोनी जिला गाजियाबाद में स्थित विक्रय विलेख के माध्यम से मालिक हैं जो की दिनांक 06.05.2024 दस्तावेज़ संख्या 7982 के रूप में श्रीमती प्रीति द्वारा श्री मनीष कुमार के पक्ष में उक्त संपत्ति के संबंध में निष्पादित किया गया। **श्री मनीष कुमार** उक्त **हीरो फिनकॉर्प लिमिटेड** को गिरवी रखने की प्रक्रिया में हैं। इस लेनदेन के संबंध में कोई भी आपत्ति या चिंता इस सार्वजनिक सूचना की तारीख से 07 दिनों की अवधि के भीतर उठाई जानी चाहिए। इस **07 दिन** की अवधि के पूरा होने के बाद प्रस्तुत की गई कोई भी आपत्ति उक्त संपत्ति या हमारे ग्राहक के हितों के संबंध में बाध्यकारी नहीं मानी जाएगी ! यदि कोई आपत्ति उठाना चाहता है, तो कृपया निर्धारित 07–दिवसीय अवधि के भीतर कार्यालय संख्या में

**लॉ वेरिटास– उत्तर (अधिवक्ता और कानूनी सलाहकार) से कार्यालय संख्या 11, पहली मंजिल, भवन संख्या ए–44/ए, सेक्टर– में संपर्क करके ऐसा करें। 16, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201301;**
लैंडलाइन: +910120–3101683,
ई–मेल: accounts@lvnorth.in

**Date of Birth Change**

I, RAJNI DEVI spouse of No.15346213X Rank-HAVILDAR, Name- AMAR BAHADUR UNIT- DGRE RDC MANALI, R/o VILL BHAISAURA, PO-MALWAN, TEH- BINDKI, DISTT- FATEHPUR, STATE- UTTAR PRADESH, PIN-212664 have changed my date of birth from 18/07/1988 to 04/08/1993 for all future purposes. Vide affidavit dated 02.05.2025 before Sub Divisional Magistrate Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**

सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि श्री विजय गोगिया, संपत्ति संख्या E–59 के स्वामी हैं, जिसका क्षेत्रफल 70 वर्ग गज है, जो कि खसरा नंबर 467 और 468 का हिस्सा है। यह संपत्ति गाँव मंडावली फज़लपुर, आबादी जवाहर पार्क, लक्ष्मी नगर, इलाक़ा शाहदरा, दिल्ली में स्थित है। श्री विजय गोगिया ने उक्त संपत्ति को मोहम्मद खालिद @ मोहम्मद खालिद और सतेंद्र कुमार से दिनांक 21.04.2025 को क्रय–विक्रय विलेख (सेल डीड) के माध्यम से खरीदा था। साथ ही यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित तीन मूल सेल डीड दस्तावेज़ खो गए हैं (1) सेल डीड, जो दस्तावेज़ संख्या 7412, बुक नंबर I, वॉल्यूम नंबर 595, पृष्ठ 38–39 में दिनांक 22.05.1972 को एस.आर.ओ., दिल्ली में पंजीकृत की गई थी, (2) सेल डीड, जो दस्तावेज़ संख्या 1540, बुक नंबर I, वॉल्यूम नंबर 2576, पृष्ठ 85–90 में दिनांक 22.04.1994 को एस.आर.ओ., दिल्ली में पंजीकृत की गई थी,. (3) सेल डीड, जो दस्तावेज़ संख्या 4589, बुक नंबर I, वॉल्यूम नंबर 2810, पृष्ठ 100–104 में दिनांक 24.08.1996 को एस.आर.ओ., दिल्ली में पंजीकृत की गई थी। इन दस्तावेज़ों के गुम होने के संबंध में एक ऑनलाइन प्राथमिकी (FIR) दिनांक 02.05.2025 को एल.आर. संख्या 2802896/2025 के अंतर्गत, थाना– क्राइम ब्रांच, दिल्ली में दर्ज की गई है। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त संपत्ति के कब्जे में पाया जाता है या किसी प्रकार की आपत्ति है, तो कृपया इस नोटिस की तारीख से 07 दिन के भीतर मूल संपत्ति दस्तावेज के साथ नीचे दिए गए पते पर संपर्क करें। ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री पत्र के अनुसार दावा विषय संपत्ति के संबंध में शून्य और अमान्य माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Vishakha Agrawal D/O Krishna Kanhaiya Agrawal W/O Abhishek Kumar R/O C-402 M2K Victoria Garden Azadpur North West Delhi 110033 have changed my name and shall hereafter be known as Vishakha Keyal.

**NAME CHANGE**

I, hitherto known as Shashi Devi alias Pinki Harit D/O Balram W/O Yogesh Kumar, R/O 1079, Dastoi Road, Adersh Nagar Colony, VTC: Hapur, PO: Hapur, District: Hapur, Uttar Pradesh, 245101, have changed my name and shall hereafter be known as Pinki Harit.

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82(2)(ii) Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्रीमती आसमा पत्नी हसमुद्दीन निवासी इरशाद का मकान, 25 फुटा रोड, आज़ाद एन्क्लेव, लोनी, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने एफआईआर सं. **289/2012, अन्तर्गत धारा 324/34 आईपीसी, थाना खजूरी खास, उत्तर-पूर्व ज़िला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्रीमती आसमा** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्रीमती आसमा** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. **289/2012, अन्तर्गत धारा 324/34 आईपीसी, थाना खजूरी खास, उत्तर-पूर्व ज़िला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्रीमती आसमा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.06.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री कनिका अग्रवाल**
दण्डाधिकारी न्यायधीश, प्रथम श्रेणी-03
शाहदरा, कोर्ट नं. 22
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/5589/NE/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **अफसाना, पत्नीः सिराज, निवासीः बंदू डेयरी वाले का मकान, शहीद नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश औरः मकान संख्या 306, पुरानी सीमा पुरी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.714/2014 U/S 380/411/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना सीमा पुरी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **अफसाना** नहीं मिली या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **अफसाना** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.714/2014 U/S 380/411/34 IPC, थाना सीमा पुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **अफसाना** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **10.06.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार सुश्री ऐश्वर्या सिंह कश्यप**
**एल.डी. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06,**
**कोर्ट संख्या 25, शाहदरा,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/5504/SHD/2025**
**(अदालती मामला)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तसलीम पुत्र शकील अहमद** निवासी D-333, शहीद नगर, गाजियाबाद ने **FIR.No. 193/2019 dt. 25.11.2019 U/s 356/379/411/34 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **तसलीम** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **तसलीम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR.No. 193/2019 dt. 25.11.2019 U/s 356/379/411/34 IPC.,** थानाः **पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **तसलीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री पी. भार्गव राव, JMFC-05,**
पूर्वी जिला, कमरा नंबर 03, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/5443/ED/2025**

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल श्री शिव शंकर (आधार संख्या 900136858421) पुत्र स्व. श्री राधेश्याम सोनी निवासी ए/115 अंबेडकर कॉलोनी छतरपुर पोस्ट ऑफिस छतरपुर जिला दक्षिण दिल्ली–110074 ने अपने असली बेटे और उसकी पत्नी शिव कुमार सोनी (आधार संख्या 749949193291) और श्रीमती सुमन (आधार संख्या 273955697529) पत्नी शिव शंकर निवासी ए/115 अंबेडकर कॉलोनी छतरपुर पोस्ट ऑफिस छतरपुर जिला दक्षिण दिल्ली–110074 के साथ अपने सभी संबंधों को अस्वीकार/वर्जित कर दिया है, यदि कोई भी व्यक्ति उनके साथ कोई लेन–देन करता है तो उसे अपने स्वयं के खर्च, जोखिम और किसी भी कार्य और कर्म के परिणामों के साथ ऐसा करना होगा।

**अजय गिरी वकील**
CH NO.541, LAWYERS CHAMBERS BLOCK,
DWARKA COURTS COMPLEX,
NEW DELHI-110075
MOB: 9069800022,
EMAIL: ajaygiri295@gmail.com

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किलगण श्री सुरेन्द्र सिंह व उनकी पत्नी श्रीमति पुष्पा, निवासिगण म. न. 630, गली नंबर–18, के1, संगम विहार, नई दिल्ली–110080, ने अपने पुत्र अनिल कुमार, उम्र 29 वर्ष व पुत्रवधू मोना, उम्र 24 वर्ष, पत्नी श्री अनिल कुमार से उनके असभ्य वर्ताव व लड़ाई–झगड़ों की वजह से उनसे अपने सभी तरह के रिश्ते–नाते समाप्त कर लिए है व उन्हे अपनी सभी प्रकार की चल व अचल संपत्ति से वेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। यदि भविष्य मे कोई भी व्यक्ति मेरे मुवक्किलगण के उपरोक्त पुत्र व पुत्रवधू से किसी भी प्रकार का कोई भी लेनदेन या कार्य करता है तो मेरे मुवक्किलगण या उनके परिवार का कोई भी सदस्य उनके लेनदेन या कार्य का जिम्मेदार नहीं होगा।

**निधि एडवोकेट, चैम्बर न. 336,**
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली 110017.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल वेद प्रकाश पुत्र श्री सुल्तान सिंह पता मकान न–320, शिब्बनपूरा, पटेल मार्ग, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201001, से अपने पुत्र आशीष व उसकी पत्नी दिव्या को उनके बुरे व्यहवार के कारण मेरे मुवक्किल अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे है। मेरे मुवक्किल का भविष्य में इन उरोक्त लोगो से किसी तरह का कोई भी लेना देना नहीं होगा और नाही भविष्य मेरे मुवक्किल इन उरोक्त लोगों के किसी भी लेन देनो की कोई जिम्मेदारी नहीं लेंगे।

**DR. RADHA PARIHAR & ASSOCIATES, Advocate**
CH.NO D-603 KARKARDOOMA
COURT DELHI-110032

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल माजिद अली पुत्र अब्दुल माबूद खान निवासी मकान संख्या–24ए/4, गली संख्या–15, सईदिया मस्जिद रोड के पास, चौहान बांगर न्यू सीलमपुर उत्तर पूर्व, दिल्ली–110053 ने अपने बेटे राशिद अली को उसके अपमानजनक व्यवहार और नियंत्रण से बाहर होने के कारण अपनी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है और तत्काल प्रभाव से सभी उद्देश्यों और उद्देश्यों के लिए उसके साथ अपने संबंध तोड़ लिए हैं। कोई भी व्यक्ति उसके साथ लेन–देन अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर करेगा।

**फैसल सत्तार एडवोकेट**

**NAME CHANGE**

I, PUSPA BAI YADAW Mother of No-14849582M Rank-SEP/MT Name-MANOJ KUMAR YADAW Presently residing at WARD NO-5, CHORAHA DEVARI, KHAIRA DAGANIYA, BILASPUR, CHHATTISGARH-495442, have changed my name from PUSPA BAI YADAW to PUSHPABAI YADAV for all future purposes and in my son's service record my date of birth wrongly mentioned as 05/10/1970 instead of my correct date of birth as 01/01/1979 vide Affidavit dated 02/05/2025 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I JABBAR S/O DEEN MOHAMMAD SAIFI R/O A-19, NAVEEN VIHAR BEGUMPUR NORTH WEST DELHI 110086 HAVE CHANGED MY NAME TO JABBAR AHMAD SAIFI

कार्यालय— दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बालोद, जिला—बालोद(छ.ग.)

// ई—निविदा सूचना //

ई—निविदा सूचना क्रमांक 167781, 167796, 167797 व 167798 दिनांक— 02/05/2025

दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बालोद द्वारा पेराई सत्र 2024—25 में उत्पादित लगभग 2000 मि.टन मोलासीस विक्रय के लिए ई—निविदा एवं पेराई सत्र 2025—26 हेतु मरम्मत के लिए विभिन्न अधिकृत व मेक सामग्रीयों के क्रय एवं विभिन्न सर्विसिंग कार्यो हेतु ई—निविदा आमंत्रित की जाती है। ई—निविदा हेतु इच्छुक फर्मो/निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई—टेण्डर के वेबसाईट में जाकर पृथक—पृथक ई—निविदा हेतु फार्म राशि 1000/— + 311/—चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-procurement Portal:http://eproc.cgstate.gov.in) में फार्म अपलोड किया जाना है।

नोटः—निविदा की शर्ते व नियम निविदा प्रपत्र कारखाने के वेब साईड www.dmsskm.com में भी अवलोकन कर सकते है।
ई—निविदा हेतु तकनीकि सहयोग के लिए सम्पर्क—7987900070 एवं अन्य जानकारी हेतु 9098817773

प्रबंध संचालक

## एसपी राजेश कुमार ने जिला मे आयोजित नीट यूजी परीक्षाओं को लेकर लिया परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा का जायजा

**नूंह।** नूंह जिले के पुलिस कप्तान राजेश कुमार ने आगामी 4 मई को होने वाली नीट यूजी परीक्षाओं के संबंध में जिला नूंह के चार परीक्षा केंद्रों का गहनता से निरीक्षण किया। इतना ही नहीं इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को परिक्षा केंद्रों पर सुरक्षा को लेकर उचित दिशा निर्देश दिए । आपको बता दें कि जिला में आगामी 4 मई को होने वाली नीट यूजी परीक्षा को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने भी बुधवार को परीक्षा की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि सभी अधिकारी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर एनटीए द्वारा जारी आदेशों की अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा संपन्न करवाएं । उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बॉयोमेट्रिक डाटा संग्रहण करने वाले कर्मचारियों को निर्देशित किया कि बॉयोमेट्रिक डाटा का गहन रूप से पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण करें, जिससे कोई परीक्षार्थी बॉयोमेट्रिक उपस्थिति कराने से वंचित नहीं रह सके। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित परीक्षार्थियों की जानकारी के अलावा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा दृष्टिकोण से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को ठीक ढंग से चलाने के निर्देश दिए।

## तावडू में गली गत एक वर्ष से दयनीय दशा में है, लोग परेशान

**तावडू।** शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित डॉक्टर सीशाह अस्पताल के सामने वाली गली गत एक वर्ष से दयनीय दशा में है। गली के लोग कई बार इस समस्या से प्रशासन को अवगत करा चुके हैं। लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। जिससे प्रशासन के प्रति लोगों में रोष पनप रहा है। गली वासियों ने जिला प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है। गलीवासी यश गाबा, श्याम सुंदर, तुषार कुमार, संजय गाबा, अक्षय, हरीश कुमार व प्रिंस आदि ने बताया कि डाक्टर सीशाह के सामने वाली गली लगभग एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर भी प्रशासन की लापरवाही से टूटी हुई है। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इन दुर्घटनाओं में लोगों का चोटिल होना आम बात बन चुकी है। इस समस्या को लेकर वह पालिका प्रशासन से स्थानीय एसड़ीएम को अवगत करा चुके हैं। लेकिन आज तक समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि वह इस समस्या को नवनियुक्त चेयरपर्सन को भी अवगत करा चुके हैं। लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। गलीवासियों ने जिला प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है। नवनिुक्त वार्ड़ पार्षद राजेश शर्मा ने माना कि यह समस्या उनके संज्ञान में आ चुकी है। जिसे वह पालिका प्रशासन के सम्मुख रख चुके हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस गली को प्राथमिकता से बनवा गली वासियों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

## विद्यालय में विदाई सम्मान समारोह राधे श्याम के सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में मनाया गया

**तावडू।**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विदाई सम्मान समारोह राधे श्याम के सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में मनाया गया। जिसमें आचार्य डॉक्टर राजेश ने कहा मनुष्य ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास इन अवस्थाओं में अपने जीवन को पूरा करता है, वहीं व्यक्ति मोक्ष का अधिकारी बनता है। सेवानिवृत्ति के उपलक्ष में आचार्य राजेश ने कहा अपने जीवन में व्यक्ति कभी धन से तृप्त नहीं होता। उसका सम्मान उसकी ईमानदारी उसका विश्वास आत्म संतुष्टि ही उसका वास्तविक नाम है। उन्होंने कहा कि राधेश्याम सच्चे, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ट, अनुभवी, सरल स्वभाव और आयुर्वेद के ज्ञाता रहे। स्कूल के प्रिंसिपल जयप्रकाश शर्मा ने कहा राधेश्याम ने अपने जीवन में सम्मान के साथ-साथ शिक्षा का शिक्षा प्रसार किया है। व्यक्ति अपने साथ केवल धर्म लेकर जाता है रामायण और गीता हमें कर्तव्य और कर्म करने का अधिकार बताती है। सेवानिवृत्ति के बाद अपने जीवन को मोक्ष और सामाजिक कार्यों में लगाना। इस अवसर पर अखय डागर, सुभाष चंद्र, जितेन्द्र जाखड़, खुशी मोहम्मद, किशन सिंह, चंगेज खान, ओमवीर, अशरफ मेवाती, संजीव सहरावत आदि उपस्थित रहे।

## घुड़चढ़ी विवाद पर गरमाया माहौल : पंचकूला में दलित आंदोलन के बाद राजपूतों ने बुलाई पंचायत, कहा- दबाव नहीं सहेंगे

**पंचकूला।** पंचकूला के मौली गांव में एक दलित दूल्हे की पारंपरिक घुड़चढ़ी को लेकर शुरू हुआ विवाद अब जातीय तनाव का रूप ले चुका है। पहले दलित समाज ने जोरदार आंदोलन कर अपना पक्ष रखा, अब राजपूत समाज ने पंचायत बुलाकर मोर्चा संभाल लिया है। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं, जबकि गांव में भारी पुलिस बल तैनात है। घुड़चढ़ी विवाद पर गरमाया माहौलः हरियाणा के पंचकूला जिले के रायपुररानी ब्लॉक स्थित मौली गांव में एक दलित दूल्हे की घुड़चढ़ी को लेकर शुरू हुआ विवाद अब एक बड़े सामाजिक टकराव में बदल चुका है। एक ओर जहां दलित समाज ने इस मुद्दे को लेकर जोरदार आंदोलन किया था, वहीं अब राजपूत समाज भी खुलकर विरोध में आ गया है। अब गांव में राजपूत समाज की एक महत्वपूर्ण पंचायत बुलाई गई, जिसमें क्षेत्र के कई गांवों के लोग शामिल हुए। पंचायत में समाज की ओर से प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की गई और यदि दबाव डाला गया तो विरोध जारी रखने की चेतावनी दी गई है।

# अधिकतर लोगों का मानना था कि जातिगत जनगणना करानी चाहिए इसलिए सरकार ने उसे स्वीकार कर लिया : अनिल विज

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने पाकिस्तानी सांसद के बाबरी की पहली ईंट पाक सैनिक द्वारा लगाने वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि ÷यह शायद सपने में बोल रहे हैं क्योंकि यह काम सपने में भी नहीं हो सकता। बाबरी की एक-एक ईंट उखाड़ कर फेंक दी गई है। वहां भव्य राम मंदिर बन गया है और इन्हें अब भी बाबरी याद आ रही है। पाकिस्तानी सांसद नींद के सपने में ये बोल रही हैं'। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने फैसला किया है कि जाति जनगणना को आगामी जनगणना में शामिल



किया जाएगा। वहीं जातीय जनगणना को लेकर राहुल गांधी बोले है कि हमने पहले ही कहा था, जाति जनगणना करवानी ही पड़ेगी, हम करवाकर रहेंगे, के सवाल के जवाब में कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल कोई भी फैसला करने से पहले उसका राष्ट्रव्यापी अध्ययन करवाता है। जो उसमें फैसला आता है उसके मुताबिक निर्णय लिया जाता है। अधिकतर लोगों का मानना था कि जातिगत गणना करानी चाहिए इसलिए सरकार ने उसे स्वीकार कर लिया। श्री विज ने तंज कसते हुए कहा कि अब राहुल गांधी तो कुछ भी कहते हैं वो तो ये भी कह रहे थे हफ्ते में एक दिन चंद्रमा नीचे आएगा। राहुल गांधी ने तो कई बातें कहीं हैं।पहलगाम आतंकी हमले को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि सरकार को आतंकियों के खिलाफ कड़ी और स्पष्ट कार्रवाई करना चाहिए। इस पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री गंभीरता के साथ बोल चुके है कहीं भी टालमटोल नहीं है। युद्ध की तैयारी हो रही है। पाकिस्तान डरा हुआ है उनके नेता कह रहे हैं कि कभी भी हमला हो सकता है। लेकिन हमला सब कुछ देखकर किया जाता है, यह ज्ञान राहुल गांधी को नहीं है क्या?।

## लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के बर्थडे पर पत्नी हिमांशी का बड़ा बयान, बोलीं- हम नहीं चाहते मुसलमानों के खिलाफ नफरत करें

एजेंसी

**करनाल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल का आज 1 मई को जन्मदिन है। इस मौके पर उनके परिवार ने आज करनाल में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया है। इस मौके पर विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल का बड़ा बयान सामने आया है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि पूरा देश उनके लिए प्रार्थना करें कि वह जहां भी हों, स्वस्थ और खुश रहें। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी के प्रति नफरत नहीं करना चाहती हैं।

**हम शांति चाहते हैं- हिमांशी नरवाल**ःमीडिया से बात करते हुए हिमांशी नरवाल ने कहा कि लोग मुसलमानों और कश्मीरियों के खिलाफ नफरत फैलाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसा नहीं चाहते, हम शांति चाहते हैं, बेशक हम न्याय चाहते हैं, जिन लोगों ने उनके साथ गलत किया है, उन्हें सजा मिलनी चाहिए.। उन्होंने कहा कि आज उनके पति का जन्मदिन है, इस मौके पर उनकी याद में आज सभी खून दार कर रहे हैं।

**मेयर रेणु बाला और विधायक जगमोहन आनंद भी आएः** ऐसा कहा जा रहा है कि बल्ड डोनेशन कैंप के दौरान मंच पर बैठी हिमांशी कई बार भावुक हुईं। उस दौरान उनका परिवार भी ? शांति का जाप करता दिखा। मंच पर हिमांशी के साथ विधायक जगमोहन आनंद और करनाल की मेयर रेणु बाला गुप्ता भी मौजूद रहीं।

## नीट परीक्षा - 6,672 परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए 18 परीक्षा केंद्रः डीसी

एजेंसी

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 4 मई को प्रदेशभर में आयोजित की जाएगी। गुरुग्राम जिले में इस परीक्षा के लिए सबसे अधिक 6,672 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जो जिले के 18 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। परीक्षा के निष्पक्ष और व्यवस्थित संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस संबंध में उपायुक्त (डीसी) ने आज प्रशासनिक अधिकारियों और परीक्षा प्रबंधन से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सीटीएम रविंद्र कुमार, एसीपी सुशीला, हिपा की ज्वाइंट डायरेक्टर (प्रशासन) ज्योति नागपाल, डीईओ इंदु बोकेन, सिटी कोऑर्डिनेटर विनोद कुमार यादव, सभी नोडल अधिकारी और केंद्रों के सुपरिटेंडेंट उपस्थित रहे। डीसी ने कहा कि परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सभी केंद्रों पर दो-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। प्रशासनिक दृष्टिकोण से हर पहलू पर सावधानी बरती गई है ताकि परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमितता या बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं–जैसे बिजली, पेयजल, शौचालय और पर्याप्त बैठने की व्यवस्था–सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, स्ट्रॉन्गरूम की निगरानी और लॉगबुक का संधारण पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि परीक्षा प्रक्रिया समाप्त होने तक लॉगबुक नियमित रूप से भरी जाए और उसका रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाए। डीसी ने परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात




प्रबंधन को लेकर पुलिस विभाग के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे समय पर केंद्रों तक पहुंच सकें। अभिभावकों से भी अपील की गई है कि वे परीक्षा केंद्रों के बाहर अनावश्यक भीड़ न लगाएं। उल्लेखनीय है कि पूरे हरियाणा में इस बार नीट परीक्षा के लिए कुल 162 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 60,687 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। गुरुग्राम में सर्वाधिक परीक्षार्थियों के कारण यहां सुरक्षा, ट्रैफिक और सुविधाओं को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं।

# क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी : सांसद किरण चौधरी

### अधिकारी जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर निर्धारित समय अवधि में उनका करें निदान : किरण चौधरी

एजेंसी

**तोशाम।** राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि पंजाब के साथ पानी के मसले को केंद्र और राज्य सरकार के नेताओं द्वारा जल्दी ही सुलझा दिया जाएगा। किसानों व आमजन को पानी को लेकर किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है। हरियाणा के हिस्से का पानी हरियाणा को जरूर मिलेगा। हरियाणा सरकार किसानों और आमजन के साथ खड़ी है। आज फसल की बिजाई से लेकर फसल बिक्री तक की चिंता सरकार की है। क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। बिजली, पानी, सड़क ,शिक्षा, चिकित्सा जैसी मूल सुविधाओं में भी इजाफा किया जाएगा। अधिकारी जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर निर्धारित समय अवधि में उसका निदान करें ताकि आमजन को कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी वीरवार को तोशाम हल्का के गांव आलमपुर, थिलोड़, पटौदी तथा सण्डवा में जन समस्याएं सुनने के उपरांत जनसभाओं को संबोधित कर रही थी। इस दौरान किरण चौधरी ने गांव आलमपुर में 15 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित अनुसूचित जाति चौपाल का उद्घाटन किया। उन्होंने गांव पटौदी कला व खुर्द में करीब डेढ करोड रुपए की लागत से नव निर्मित फिरनी का उद्घाटन किया। उन्होंने गांव



आलमपुर में 50 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की। उन्होंने गांव थिलोड़ में चकबंदी के कार्य में अधिकारियों को तेजी लाने के निर्देश दिए। चकबंदी का कोई कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान अपने संबोधन से ग्रामीणों से पानी की कीमत को पहचानने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पानी की एक-एक बूंद कीमती है। हमें पानी को किसी भी तरह से व्यर्थ नहीं बहाना है। उन्होंने किसानों से टपका सिंचाई व फवारा सिस्टम पर आधारित खेती करने का आह्वान किया और सिंचाई की नवीनतम तकनीक अपनाने को कहा। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए किरण चौधरी ने कहा कि तोशाम में विकास कार्य कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी तो तोशाम का विकास कार्यों में प्रदेश में अव्वल स्थान पर रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के साथ में कार्य कर रही है। आज युवाओं का भविष्य उज्जवल है। हरियाणा में बिना खर्ची और बिना पर्ची के मिल रही नौकरियों से युवाओं में एक नई ऊर्जा और स्पूर्ति का संचार हुआ है। मेहनतकश युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है। आज गरीब से गरीब घरों के बच्चे बड़े-बड़े पदों पर नौकरी पा रहे हैं। श्रीमति किरण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश ने दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। आज भारत की आवाज को पूरा विश्व गौर से सुनता है। भारत ने अपनी खोई हुई साख को फिर से हासिल किया है। आज भारत हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में विकास ने एक नई गति पकड़ी है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसंपर्क अभियान के दौरान आने वाली समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निदान करें। नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों द्वारा श्रीमती किरण चौधरी का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। राज्यसभा सांसद में प्रत्येक गांव में गांव के सर्वांगीण विकास के लिए विकास कार्यों की घोषणा की और कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कमी आगे नहीं आने दी जाएगी।

## स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज में ओपीडी का शुभारंभ

एजेंसी

**नारनौल** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के दिशा निर्देश अनुसार महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज कोरियावास की ओपीडी का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। निदेशक (मेडिकल कॉलेज) डा. पवन कुमार गोयल ने बताया कि ओपीडी का संचालन सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त किए गए चिकित्सकों द्वारा किया गया है।

ओपीडी में हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग, मनोरोग विभाग, मेडिसिन विभाग, नेत्र रोग विभाग, कान-नाक-गला रोग आदि सभी विभागों



की सुविधाएं प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ महेंद्रगढ़ जिले सहित आस-पास के सभी जिलों और राजस्थान के मरीजों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा। भविष्य में इस कॉलेज में सभी प्रकार के परीक्षण और इलाज की सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस अवसर पर डा. मुकेश कुमार, निदेशक मेडिकल कॉलेज नूंह, डा. ओपी यादव, आईएमए अध्यक्ष जिला महेंद्रगढ़, तथा सभी चिकित्सक, कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## युवक की हत्या कर देने के मामले में अदालत ने आरोपी को सुनाई उम्रकैद की सजा

एजेंसी

**गुरुग्राम।** ढाबे पर काम करने वाले व्यक्ति की चाकू से हत्या करने के मामले में सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार दीवान की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद व जुर्माने की सजा सुनाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 जनवरी 2021 को शिवाजी नगर थाना को राजीव चौक पार्किंग के अंदर किसी व्यक्ति को चाकू मार देने के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई जहां पर एक व्यक्ति ने बताया कि उसने बस व ट्रक की पार्किंग राजीव चौक के पास जगह किराए पर ले रखी है। रात को वह पार्किंग के अंदर ड्यूटी पर था। जब वह खाना खा रहा था तभी उसके पास निजामुद्दीन जो की पार्किंग के अंदर पंचर की दुकान करता है दौड़कर आया और बोला कि पार्किंग के अंदर राजेश भाई के ढाबे वाले बुड्ढे रामचरण को कोई आदमी चोट मार कर भाग गया है तो वह दौड़कर गया तो देखा कि ढाबे के अंदर रामचरण के गले के पास से काफी खून निकल रहा था। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी, सूचना पाकर राजेश ढाबा मालिक भी आ गया था और ढाबे के अंदर लकड़ी के बेंच के ऊपर व नीचे व आसपास काफी खून पड़ा हुआ था और घायल अवस्था में रामचरण को पुलिस के स्टाफ की सहायता से इलाज के लिए सरकारी अस्पताल सैक्टर-10 में ले गए। जिसको चिकित्सकों ने अधिक चोट लगने के कारण व अधिक खून निकलने की वजह से गुरुग्राम से सफदरजंग हस्पताल।

# स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अटेली हलके को दी 639.21 लाख रुपए की सौगात

### 394 लाख के उद्घाटन तथा 240 लाख के किए शिलान्यास

एजेंसी

**कनीना**। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने आज अटेली हलके को 639.21 लाख रुपए की 70 विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं की सौगात दी। स्वास्थ्य मंत्री ने कनीना के प्रशासनिक भवन के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में 394 लाख रुपए के उद्घाटन तथा 240 लाख रुपए के शिलान्यास किए। इसके अलावा उन्होंने जिला रेडक्रॉस तथा एलिम्को के सहयोग से 38 दिव्यांगों को 4.62 लाख के इलेक्ट्रिक तिपहिया साइकिल तथा अन्य सहायक उपकरण भी वितरित किए। इस मौके पर नागरिकों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने



कहा कि सरकार का उद्देश्य नागरिक अस्पतालों में प्राथमिक उपचार से लेकर उच्च गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। स्वास्थ्य मंत्री ने अटेली हलके के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि ये कार्य तो केवल ट्रेलर है।

विकास की पिक्चर अभी बाकी है। अगले साढ़े चार साल में विकास की और गंगा बहेगी।उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी। नागरिक अस्पताल नारनौल में भी पिछले दिनों एक करोड़ रुपए की ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन मशीन दी गई है। अब यहां भी ब्लड के अलग-अलग कंपोनेंट तैयार हो सकेंगे और डेंगू के मरीजों के लिए प्लेटलेट्स के अलावा फ्रेश फ्रोजन प्लाजमा इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम में पंचायत समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

इस मौके पर उपायुक्त डा. विवेक भारती, अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा, एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह, जिला परिषद के सीईओ मनोज कुमार, नगराधीश मंजीत कुमार, सीएमओ डा. अशोक कुमार, जिला परिषद के चेयरपर्सन डा. राकेश कुमार, नगर पालिका चेयरपर्सन रिंपी यादव, बीडीपीओ नवदीप सिंह, जिला रेडक्रास समिति के सचिव बलवान सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# समाधान शिविर में आई 39 शिकायतें




एजेंसी

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सैनी के दिशा-निर्देशों के अनुसार आज लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया। एसडीएम रमित यादव 39 नागरिकों की समस्याएं सुनीं। एसडीएम ने बताया कि इस शिविर में नागरिकों को अपनी समस्याओं को संबंधित सरकारी विभागों के अधिकारियों के सामने प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द इन शिकायतों का निवारण करने के दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर डीएसपी हरदीप सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेसवे पर सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री ने दी 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

एजेंसी

**नूंह**। जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर 26 अप्रैल को दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाली छह महिलाओं सहित सात मृतकों के परिजनों को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। मुख्यमंत्री राहत कोष से पीड़ितों के परिजनों के बैंक खातों में पांच-पांच लाख रुपये की आरटीजीएस की गई है। उपायुक्त ने कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन मृतक परिजनों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने एनएचएआई से लगातार संपर्क में है और एनएचएआई की ओर से भी पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए कहा गया है। उपायुक्त ने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर काम करने के लिए काफी महिलाएं जाती हैं। प्रतिदिन की भांति 26 अप्रैल 2025 शनिवार को भी खेड़ली कलां गांव की नौ महिलाएं तथा रीगड़ गांव की एक महिला दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर काम करने गई थी। उनके साथ झिमरावट गांव का एक सुपरवाईजर भी था। शनिवार को प्रातः दस बजे के लगभग दिल्ली की ओर से तेज गति से आ रही एक पिकअप ने दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेस वे पर काम करने के लिए आए 11 कर्मचारियों को टक्कर मार दी थी। इस दिल दहला देने वाले वीभत्स सड़क हादसे में खेड़ीकलां गांव की छह महिलाओं रेशम, पिस्ता, जयदेवी, रचना, प्रेमबती, सतनबती एवं झिमरावट के सुपरवाईर आस मोहम्मद की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस दुर्घटना में रीगड़ गांव की अनीता खेड़ीकलां गांव की हेमलता, लज्जावती, जगवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। एनएचएआई पर चालक की नौकरी करने वाले मुस्तफा की शिकायत पर पुलिस ने पिकअप के चालक के विरुद्ध मामला दर्जकर उसे गिरफ्तार कर लिया था।

# समाधान शिविर में डीसी ने सुनी समस्याएं, कई शिकायतों का मौके पर निपटारा

एजेंसी

**गुरुग्राम।** डीसी अजय कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें मुख्य रूप से पीपीपी, पेंशन संबंधित समस्याएं और राजस्व मामलों से जुड़ी शिकायतें शामिल रही।समाधान शिविर में सीटीएम रविन्द्र कुमार भी मौजूद रहे। समाधान शिविर में कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें डीसी अजय कुमार ने व्यक्तिगत रूप से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है, ताकि जनता का प्रशासन पर भरोसा और ज्यादा मजबूत हो। शिविर में विभिन्न शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए और शिकायतकर्ताओं को समाधान होने पर जानकारी दी जाए। उन्होंने बताया कि अब जिले में उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। नागरिकों से अपील है कि वे इन शिविरों में भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं।

## अगले दशक में 100 अरब डॉलर का होगा भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग- मुकेश अंबानी

एजेंसी

**मुंबई।** रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी का मानना है कि अगले दशक तक भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग चार गुना की वृद्धि दर्जा कर सकता है। यानी 100 अरब डॉलर से अधिक का आकंड़ा छू सकता है। अभी यह बाजार करीब 28 अरब डॉलर का है। मुकेश अंबानी मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हो रहे वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट 2025 में बोल रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत एक अग्रणी डिजिटल राष्ट्र बन गया है। कहानी कहने की कला और डिजिटल तकनीकों के मिश्रण ने भारत के मनोरंजन और सांस्कृतिक प्रभाव और पहुँच को बढ़ा दिया है।ह्व और इमर्सिव तकनीकों के उपकरण हमारी कहानियों को पहले से कहीं अधिक आकर्षक बना सकते हैं - और उन्हें तुरंत विभिन्न भाषाओं, देशों और संस्कृतियों के दर्शकों तक पहुँचा सकते हैं। मुझे विश्वास है कि भारत के सुपर-टैलेंटेड युवा वैश्विक मनोरंजन उद्योग पर राज करेंगे। पहलगाम में हाल ही में हुए बर्बर आतंकवादी हमले पर बोलते हुए मुकेश अंबानी ने कहा हम सभी पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री जी का कठिन परिस्थितियों में भी यहाँ आना एक मजबूत संदेश देता है। मोदी जी, शांति, न्याय और मानवता के दुश्मनों के खिलाफ इस लड़ाई में आपको 145 करोड़ भारतीयों का पूरा समर्थन है। भारत की जीत भी निश्चित है।

## एडोब की भारत की क्रिएटर अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की योजना

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी विशेषकर सॉफ्टवेयर क्षेत्र की कंपनी एडोब ने सरकार के 'भारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करें' दृष्टिकोण के साथ रणनीतिक पहलों की एक श्रृंखला की घोषणा की, जिसका उद्देश्य देश की तेजी से बढ़ती क्रिएटर इकॉनमी को सशक्त बनाना है। यह घोषणाएं विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के उद्घाटन समारोह में की गईं, जहां एडोब ने वेव्स बाज़ार, भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी), टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) इंटरएक्टिव और एक्सेंचर के साथ नई साझेदारी का खुलासा किया, जो पूरे भारत में डिजिटल रचनात्मकता, कौशल और अपने उद्योग-अग्रणी उपकरणों तक पहुंच को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। डॉक्यूमेंट क्लाउड के लिए एडोब के कंट्री मैनेजर और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिज्ञान मोदी ने कहा, भारत नवाचार और रचनात्मकता का एक वैश्विक पावरहाउस है। हम विश्व-अग्रणी प्रौद्योगिकी और स्थानीय पहलों के माध्यम से भारत की सृजनात्मक अर्थव्यवस्था के लिए अपने समर्थन में तेजी लाने के लिए उत्साहित हैं जो सभी के लिए रचनात्मकता को सक्षम बनाती हैं। तकनीकी परिवर्तन में भारत की अग्रणी भूमिका पर उन्होंने कहा कि देश मोबाइल, डिजिटल भुगतान, क्लाउड कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में अपने नेतृत्व के कारण एआई - संचालित रचनात्मक विकास में अच्छी स्थिति में है।

## 2019 के बाद से सीईओ का वेतन 50 और कर्मचारियों का महज 0.9 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत में कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ का औसत वेतन सालाना 17 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि वैश्विक सीईओ के औसत वेतन में 2019 के बाद से 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। असमानता का आलम यह है कि इसी दौरान कर्मचारियों का वेतन केवल 0.9 फीसदी ही बढ़ा है। ऑक्सफैम की जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि एक अरबपति एक घंटे में एक औसत कर्मचारी की पूरे साल की कमाई से अधिक आय अर्जित करता है। आयरलैंड और जर्मनी में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ हैं। 2024 में इनका औसत वेतन क्रमशः 67 लाख डॉलर और 47 लाख डॉलर रहने का अनुमान है। दक्षिण अफ्रीका में सीईओ का औसत वेतन 2024 में 16 लाख डॉलर जबकि भारत में यह 20 लाख डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ऑक्सफैम इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक अमिताभ बेहर ने कहा, साल दर साल हम यही देखते हैं। सीईओ का वेतन आसमान छूता है, जबकि श्रमिकों के वेतन में कोई खास बढ़ोतरी नहीं होती। यह व्यवस्था ठीक उसी तरह काम कर रही है, जैसा कि इसे बनाया गया है। लाखों कामकाजी लोग किराया, भोजन और स्वास्थ्य सेवा का खर्च उठाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि अमीर और अमीर हो रहे हैं।

## देश में अब तक रिकॉर्ड 256.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रबी विपणन सीजन 2025-26 के दौरान केंद्रीय पूल में अब तक 256.31 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। यह पिछले साल के 205.41 लाख मीट्रिक टन से 24.78 फीसदी ज्यादा है। इस समय जिन प्रमुख राज्यों से खरीद हो रही है, उनमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा हैं। उत्तर प्रदेश में पिछले साल की तुलना में इस साल अधिक गेहूं खरीद हो रही है। इसमें अभी तक 7.55 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है, जो पिछली बार के 5.88 लाख मीट्रिक टन से कहीं ज्यादा है। पंजाब से 103.89 लाख मीट्रिक टन, मध्य प्रदेश से 67.57 एलएमटी, हरियाणा से 65.67 एलएमटी की खरीद हो चुकी है। राजस्थान से 11.44 एलएमटी की खरीद हुई है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि चालू रबी विपणन सत्र में अभी काफी वक्त है। इस बार देश केंद्रीय पूल के लिए गेहूं खरीद पिछले साल के आंकड़ों को काफी बड़े अंतर से पार करने की संभावना है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का दौर लगातार जारी है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये से लेकर 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 87,600 रुपये से लेकर 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज गिरावट आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना




87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 87,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 95,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 87,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 95,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 95,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 87,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित




एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी क्रूड 0.12 प्रतिशत बढ़कर 59.31 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 62.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# जीएसटी से भरा सरकार का खजाना, ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंचा जीएसटी कलेक्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टैक्स कलेक्शन के मोर्चे पर आज अच्छी खबर आई। अप्रैल में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) का कलेक्शन सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत बढ़ कर 2.37 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। जीएसटी कलेक्शन का ये अभी तक का ऑल टाइम हाई लेवल है। जीएसटी कलेक्शन के आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल यानी 2024 के अप्रैल में जीएसटी कलेक्शन कुल 2.10 लाख करोड़ रुपये था। इसी तरह पिछले महीने यानी मार्च 2025 में कुल 1.96 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। अप्रैल में हुए जीएसटी कलेक्शन में घरेलू लेन-देन से मिलने वाली जीएसटी की राशि 10.7 प्रतिशत बढ़ कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये हो गई। वहीं, इंपोर्टेड गुड्स (आयातित सामान) से जीएसटी के रूप में मिलने वाला राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ रुपये हो गया। अगर रिफंड की बात की जाए तो पिछले महीने जारी किया गया




रिफंड भी 48.3 प्रतिशत बढ़ कर 27,341 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस रिफंड को एडजस्ट करने के बाद अप्रैल के महीने में हुआ शुद्ध जीएसटी कलेक्शन 9.1 प्रतिशत बढ़ कर 2.09 लाख करोड़ से अधिक हो गया। मार्च के महीने में भी जीएसटी कलेक्शन में फरवरी के मुकाबले करीब 10 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी, जिसके कारण मार्च का जीएसटी कलेक्शन 11 महीने के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि मार्च के महीने में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी कलेक्शन में 9 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी।

# ईडी ने पिछले वित्त वर्ष में 30 हजार करोड़ से अधिक संपत्ति की कुर्क

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लगभग 30,036 करोड़ रुपये की संपत्ति अनंतिम रूप से कुर्क की है जो इससे पिछले वर्ष की तुलना में 141 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर 31 मार्च 2025 तक अनंतिम कुर्की के तहत संपत्ति का कुल मूल्य 1,54,594 करोड़ रुपये है।ईडी के स्थापना दिवस पर आज यहां आयोजित एक कार्यक्रम में वित्त मंत्री पंकज चौधरी ने ईडी की वार्षिक रिपोर्ट जारी की जिसमें यह बात कही गयी है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, लगभग 30,036 करोड़ रुपये की संपत्ति ईडी द्वारा अनंतिम रूप से कुर्क की गई है। 31 मार्च 2025 तक, अनंतिम कुर्की के तहत संपत्ति का कुल मूल्य 1,54,594 करोड़ रुपये था। अदालतों की मंजूरी से वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 30 मामलों में 15,261 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति की गई। अगले साल इस प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है। पीएमएलए के प्रशासन के शुरुआती वर्षों में, ज्यादातर मामले नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों से संबंधित थे। मार्च 2014 तक, केवल 1,883 प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) पंजीकृत किए गए थे। अप्रैल 2014 और मार्च 2024 के बीच, प्रवर्तन गतिविधि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें 5,113 पीएमएलए जांच शुरू की गई, औसतन 511 ईसीआईआर सालाना और 1,332 पीसी दायर किए गए। वित्त वर्ष 2024-25 में, 775 नई पीएमएलए जांच शुरू की गई, 333 पीसी दायर किए गए और विशेष रूप से 34 व्यक्तियों को दोषी ठहराया गया। ये परिणाम मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ लड़ाई में निदेशालय की बढ़ी हुई क्षमता, प्रतिबद्धता और प्रभाव को दर्शाते हैं। आज तक, ईडी ने 1,739 मामलों में पीसी दायर किए हैं, जो वर्तमान में परीक्षण के विभिन्न चरणों में हैं। आज तक 47 मामलों में निर्णय दिए गए हैं। इस मौके पर श्री चौधरी ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि कोई भी आर्थिक अपराधी आम और गरीब नागरिकों को उनके अधिकारों से वंचित न कर सके और इसके लिए रोकथाम के साथ-साथ यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि अपराधी को उचित सजा मिले। दोनों ही क्षेत्रों में प्रवर्तन निदेशालय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।÷ उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत विकसित भारत 2047 के विजन को प्राप्त करने की ओर अग्रसर हो रहा है, अर्थव्यवस्था और आर्थिक गतिविधियों का स्वरूप भी बदलेगा और जटिलताएं भी बढ़ेंगी, जिसके परिणामस्वरूप आर्थिक अपराधों की प्रकृति में भी बदलाव आ सकता है। राज्य मंत्री ने कहा विकसित भारत के विजन में स्वाभाविक रूप से सुरक्षित भारत का विजन शामिल है। आर्थिक रूप से सुरक्षित भारत में प्रवर्तन निदेशालय का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।

# एफपीआई ने फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट्स में बढ़ाया निवेश, बाजार में तेजी की संभावना बढ़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में फिलहाल उतार-चढ़ाव बना नजर आ रहा है। अप्रैल में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने जोरदार छलांग लगाई। वहीं कुछ मौकों पर दोनों सूचकांकों को बड़ी गिरावट का भी सामना करना पड़ा। इस उतार-चढ़ाव के बाद पिछले एक सप्ताह से शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार करता नजर आ रहा है, जिसकी वजह से छोटे निवेशकों के सामने असमंजस की स्थिति बन गई है। दूसरी ओर, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने पिछले कुछ दिनों के दौरान बड़े पैमाने पर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स में निवेश किया है। माना जा रहा है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने जिस तरह बुलिश पोजीशन बनाना शुरू किया है, उससे शेयर बाजार आने वाले दिनों में बड़े अपसाइड ब्रेक आउट का बेस बनाता हुआ नजर आ सकता है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने पिछले दो सप्ताह के दौरान 97,938 फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स खरीदे हैं। इन आंकड़ों के आधार पर उम्मीद की जा रही है कि विदेशी निवेशकों को भारतीय बाजार में आने वाले दिनों में बुलिश मूवमेंट बनने की उम्मीद है।




डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा डेरिवेटिव्स के अलावा कैश मार्केट में भी जमकर ट्रेडिंग की जा रही है। पिछले लगातार 10 कारोबारी दिनों में एफपीआई ने शुद्ध खरीदार (बायर) की भूमिका निभाते हुए 37,326 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट किया है। ये स्थिति तब बनी है, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार अस्थिरता नजर आ रही है। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का कहना है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अप्रैल के महीने में आई तेजी को देखते हुए फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स में इन्वेस्टमेंट बढ़ा जरूर दिया है लेकिन छोटे निवेशकों को फिलहाल बड़ा निवेश करने की जगह बाजार की चाल पर अपनी नजर बनाए रखनी चाहिए। धामी का कहना है कि चौथी तिमाही के नतीजे में उतार-चढ़ाव जारी रहने की वजह से बाजार की चाल में भी उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। इसके साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था की अनिश्चितता और टैरिफ वॉर के डर की वजह से बाजार के सेंटिमेंट कभी भी नकारात्मक हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में छोटे निवेशकों को काफी सतर्क होकर अपनी निवेश योजना बनानी चाहिए, अन्यथा उन्हें बड़े नुकसान का सामना भी करना पड़ सकता है।

# हिन्दुस्तान कोका कोला होल्डिंग्स में हिस्सेदारी की जुबिलेंट बेवरेजेज की योजना को सीसीआई की मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जुबिलेंट बेवरेजेज लिमिटेड (जेबीएल) द्वारा हिन्दुस्तान कोका कोला होल्डिंग्स प्रा. लि. (एचसीसीएच) की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करने की योजना को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने मंजूरी दे दी है। सीसीआई की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रस्तावित निवेश योजना में अन्य बातों के साथ-साथ जुबिलेंट बेवरेजेस ने हिंदुस्तान कोका-कोला ओवरसीज होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और भारत कोका-कोला ओवरसीज होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड से एचसीसीएच की 40 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का प्रस्ताव किया है। जुबिलेंट बेवरेजेज लिमिटेड (जेबीएल) और जुबिलेंट बेवको लिमिटेड (बेवको) नई गठित इकाइयां हैं, जिन्होंने हाल ही में ग्राहकों के आर्डर के आधार पर रेडी टू कुक-ईट खाद्य वस्तुओं के व्यापार का व्यवसाय शुरू किया है। जेबीएल और बेवको जुबिलेंट भारतीय कंपनी समूह जुबिलेंट से जुड़ी है। यह समूह भारत में फार्मास्यूटिकल्स, अनुबंध अनुसंधान और विकास सेवाओं, मालिकाना नवीन दवाओं, जीवन विज्ञान सामग्री, कृषि उत्पादों आदि के कारोबार करता है।

एचसीसीएच अटलांटा के कोका कोला कंपनी समूह की भारत में पंजीकृत होल्डिंग कंपनी है और यहां कारोबार के लिए सहायक कंपनी एचसीसीबी चलाती है।

# चार साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा क्रूड, अप्रैल में कच्चे तेल की कीमत में 16 प्रतिशत की गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर बनी अनिश्चितता और अमेरिका में मंदी आने की आशंका के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमत पर लगातार दबाव बना हुआ है। इस दबाव के कारण अप्रैल में क्रूड ऑयल की कीमत में करीब 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। पिछले साढ़े तीन साल के दौरान क्रूड ऑयल की कीमत में आई ये सबसे बड़ी मासिक गिरावट है। कीमत में आई गिरावट की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल एक बार फिर 60 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे गिर गया है। भारतीय समय के मुताबिक आज शाम 4 बजे तक ब्रेंट क्रूड 59.52 डॉलर तक गिर गया था। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड लुढ़क कर 56.58 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया था। क्रूड ऑयल की कीमत पिछले 4 साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में क्रूड की कीमत में और भी गिरावट आ सकती है। इसकी एक बड़ी वजह तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक प्लस द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में बढ़ोतरी करने की घोषणा करना है। ओपेक प्लस देशों की 5 मई को महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है, जिसमें क्रूड ऑयल के उत्पादन को बढ़ाने पर औपचारिक फैसला लिया जा सकता है। ओपेक प्लस देश की अगुवाई कर रहे सऊदी अरब ने इस बात के संकेत दिए हैं कि वो इंटरनेशनल ऑयल मार्केट को सपोर्ट करने के लिए उत्पादन में कटौती करने के पक्ष में नहीं है। इसके विपरीत, वो क्रूड ऑयल का उत्पादन बढ़ाने के पक्ष में है, ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपने हिस्सेदारी को मजबूत कर सके। सऊदी अरब और उसके जैसे ओपेक प्लस देशों का ये रवैया पहले की मार्केट स्ट्रेटजी के पूरी तरह से विपरीत है, जिसमें उत्पादन में कटौती करके क्रूड ऑयल की कीमत को बैलेंस करने की कोशिश की जाती थी। दावा किया जा रहा है कि सऊदी अरब समेत ओपेक प्लस के आठ सदस्य देशों ने क्रूड ऑयल का उत्पादन बढ़ाने के मुद्दे पर अपनी सहमति दे दी है। अब 5 मई को होने वाली बैठक में इस मुद्दे को औपचारिक फैसले के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। क्रूड ऑयल के उत्पादन में होने वाली बढ़ोतरी और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में टैरिफ वॉर को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण आने वाले दिनों में क्रूड ऑयल की कीमत में बड़ी गिरावट की आशंका जताई जा रही है। गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर ओपेक प्लस देशों ने क्रूड ऑयल के उत्पादन में बढ़ोतरी की और ग्लोबल ट्रेड में टैरिफ को लेकर आगे भी तनाव बना रहा, तो क्रूड ऑयल की कीमत 40 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई गिरावट भारत जैसे देशों के लिए राहत वाली खबर है।

# जीएसटी संग्रह में वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का प्रतीक: सीतारमण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी राजस्व संग्रह के रिकार्ड 2.36 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचने पर कहा कि ये आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और सहकारी संघवाद की प्रभावशीलता को दर्शाते हैं।श्रीमती सीतारमण ने एक्स पर जीएसटी व्यवस्था में विश्वास और योगदान देने वाले सभी करदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उनका योगदान 'विकसित भारत' के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। राज्य के वित्त मंत्रियों और राज्य जीएसटी अधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं, जो भारत की जीएसटी व्यवस्था में समान भागीदार हैं। साथ ही उन्होंने केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के सभी



अधिकारियों के प्रयासों की भी सराहना की है। उल्लेखनीय है कि अप्रैल 2025 के लिए कुल जीएसटी संग्रह 2.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जो अप्रैल 2024 के कुल संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 12.6 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2025 के लिए शुद्ध जीएसटी संग्रह 2.09 लाख करोड़ रहा, जो अप्रैल 2024 के शुद्ध संग्रह 1.92 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

# अप्रैल में कोयला उत्पादन में 3.63 प्रतिशत की वृद्धि

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के कोयला उत्पादन अप्रैल 2025 में पिछले वर्ष की इसी माह की तुलना में 3.63 प्रतिशत ऊंचा रहा। कोयला मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल में कोयल उत्पादन करीब 8.16 करोड़ टन (अनंतिम) रहा



जबकि पिछले वर्ष इस माह उत्पादन 7.87 करोड़ टन था। इस बार अप्रैल में कैप्टिव/अन्य संस्थाओं की खदानों से उत्पादन उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 1.45 करोड़ टन (अनंतिम) रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में करीब 1.15 करोड़ टन था। अप्रैल में कोयले का डिस्पैच 8.66 करोड़ टन रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष इसी माह 8.51 करोड़ टन था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 30 अप्रैल को कोयला कंपनियों के पास कोयले का संरक्षित कोयला भंडार उल्लेखनीय बढ़ोतरी के साथ 12.58 के करीब था जो कि पिछले साल इसी तिथि पर 10.24 करोड़ टन था। इस दौरान सिर्फ कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के पास कुल कोयला स्टॉक 10.5 करोड़ टन था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 8.66 करोड़ टन से 22.10 प्रतशत ज्यादा है।

# छोटे शहरों की महिला उद्यमी अपने कौशल को निखारकर व्यवसाय बढ़ाने के लिए उत्सुक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के टियर 2, 3 और छोटे शहरों की महिला उद्यमियों में एक नई ऊर्जा और महत्वाकांक्षा दिखाई दे रही है। वे न केवल डिजिटल रूप से जागरूक हैं, बल्कि अपने व्यवसाय को विस्तार देने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। लेकिन वित्तीय संसाधनों, कारोबारी नेटवर्क और सार्वजनिक पहचान की कमी उनके रास्ते में अब भी बड़ी रुकावट बनी हुई है। टाइड द्वारा जारी भारत वुमन एस्पिरेशन इंडेक्स 2025 के अनुसार, 70 प्रतिशत महिला उद्यमी वित्तीय, विपणन और डिजिटल कौशल को बेहतर बनाकर अपने व्यवसाय को आगे ले जाना चाहती हैं। महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की दिशा में गंभीरता से कदम उठा रही हैं। हालांकि, इन आकांक्षाओं के बावजूद, चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 86 प्रतिशत महिलाएं किसी व्यावसायिक नेटवर्क से जुड़ी नहीं हैं, जिससे उन्हें मार्गदर्शन और सहयोग की



बहुत सीमित पहुँच मिलती है। वहीं, 52 प्रतिशत महिलाओं को अब भी ऋण प्राप्त करने के लिए परिवार के पुरुष सदस्य की मदद लेनी पड़ती है। 49 प्रतिशत महिलाओं को यह भी लगता है कि उन्हें सार्वजनिक मंचों और मीडिया में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता।

टाइड ने गैर-मेट्रो शहरों में 1,300 से अधिक नई और मौजूदा महिला व्यवसाय मालिकों का सर्वे किया। इनकी उम्र 18 से 55 साल के बीच थी। इस अध्ययन में भारत के टियर 2, 3 और उससे छोटे शहरों की महिला उद्यमियों की आकांक्षाओं और चुनौतियों को समझने की कोशिश की गई है, ताकि उनके सामने आने वाले अवसरों और चुनौतियों के बारे में पता लगा सकें।

रिपोर्ट के अनुसार 52 प्रतिशत महिलाएं रिटेल, ई-कॉमर्स, एडटेक जैसे डिजिटल रूप से घरेलू क्षेत्रों में काम करती हैं। केवल 12 प्रतिशत यानी हर 10 में से 1 से थोड़ा अधिक ने डिजिटल कौशल को प्रमुख प्राथमिकता माना जो उद्योग की जरूरतों और आत्मधारणा के बीच असंगति को दर्शाता है। 54 प्रतिशत महिलाओं को लगता है कि वित्तीय संस्थान उन्हें कम विश्वसनीय मानते हैं। 90 प्रतिशत व्यवसायों को जेन ज़ी और मिलेनियल उद्यमी चला रही हैं, जिनमें 83 प्रतिशत टियर 2 और उससे छोटे शहरों से हैं। इससे यह पता चलता है कि छोटे भारतीय शहरों से अधिक महिला उद्यमी सामने आ रही हैं।

# कोलेजन नेचुरली तेजी से बढ़ेगा, इन 10 शाकाहारी चीजों में छिपा है सीक्रेट



कोलेजन एक प्रकार का प्रोटीन होता है जो स्किन और शरीर के लिए बहुत जरूरी होता है. कोलेजन स्किन को ग्लोइंग और फ्लालेस लुक देता है. जिससे स्किन का नेचुरल ग्लो बना रहता है और आप जवां दिखते हैं. जानते हैं कुछ आसान तरीके जिनसे आप घर पर ही कोलेजन को बढ़ा सकते हैं.

कोलेजन एक तरह का प्रोटीन होता है जो हमारी त्वचा, हड्डियों के लिए बेहद जरूरी माना जाता है. ये प्रोटीन अमीनो एसिड प्रोलाइन, ग्लाइसिन और डाइडॉक्सीप्रोलाइन से बनता है. कोलेजन को बनाने के लिए शरीर को विटामिन सी, कॉपर और जिंक की जरूरत होती है. ये हमारे शरीर और स्किन के लिए बहुत जरूरी होता है. वैसे तो कोलेजन बढ़ाने के लिए आपको विटामिन सी से युक्त फूड को खाना चाहिए. इससे आपके स्किन का नेचुरल ग्लो बरकरार रहता है.

कोलेजन को बढ़ाने के लिए मार्केट में पाउडर भी मिलता है जिसके कई फायदे और नुकसान हैं. ये मंहगे भी मिलते हैं पर क्या आप जानते हैं घर पर भी आसान तरीकों को अपनाकर कोलेजन को बढ़ाया जा सकता है. जिससे आपकी चेहरे पर निखार आ सकता है. कोलेजन को बूस्ट करने के लिए आपको अपनी डाइट में विटामिन सी वाली खाने की चीजों को एड करना होगा.

रोज खाएं खट्टे फल

कोलेजन को बढ़ाने के लिए आप अपनी डाइट में खट्टे फल जैसे संतरा, मौसंबी, नींबू को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं. इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेट्स और विटामिन सी आपके शरीर में कोलेजन को बढ़ाता है और आपकी स्किन का नेचुरल ग्लो बरकरार रखता है.

बेरी भी है लिस्ट में

आप अपनी डाइट में स्टॉबेरी और ब्लूबेरी को भी शामिल कर सकते हैं इनमें विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेट्स होते हैं जो शरीर में कोलेजन को बूस्ट करता है और स्किन को स्मूथ और सॉफ्ट बनाता है. इसे आप नाश्ते में स्नैक्स की तरह शामिल कर सकते हैं.

हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, पत्तागोभी भी कोलेजन को बढ़ाने में मदद करती है क्योंकि इसमें विटामिन सी, आयरन और मिनरल्स होते हैं जो सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं. आप इन्हें सलाद में या सब्जी बनाकर खा सकते हैं

एवोकाडो से बढ़ेगा कोलेजन

एवोकाडो में विटामिन सी, ई होता है जो न केवल कोलेजन को बढ़ाता पर तनाव को भी कम करता है.आप एवोकाडो को सलाद की तरह, स्मूदी बनाकर और टोस्ट के साथ भी खा सकते हैं.

शिमला मिर्च भी है कोलेजन बढ़ाने में कारगर

आपको जानकर हैरानी होगी कि मामूली सी सब्जी शिमला मिर्च भी आपका कोलेजन बूस्ट कर सकती है. आप हरी, लाल और पीली शिमला मिर्च को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है जो कोलेजन को बढ़ाता है और त्वचा में निखार लाने में हेल्प करता है.

सोया प्रोडक्ट्स से बढ़ता है कोलेजन

आप अपनी डाइट में सोया प्रोडक्ट्स जैसे सोया मिल्क, सोयाबीन और सोया की सब्जी को शामिल कर सकते हैं यह कोलेजन को बढ़ाने में मदद करती है.

# क्या मोदी पाकिस्तान के खिलाफ अमेरिका की दोस्ती का इस्तेमाल कर सकते हैं



भारत के लिए, सबसे तात्कालिक मुद्दा यह है कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी 22 अप्रैल को ट्रम्प के 100 दिन पूरे होने से ठीक सात दिन पहले हुए पहलगाम नरसंहार पर जवाबी कार्रवाई के रूप में पाकिस्तान के खिलाफ गंभीर सैन्य कार्रवाई करते हैं, तो ट्रम्प क्या निर्णय लेंगे। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि, सभी देशों ने पहलगाम नरसंहार की कड़ी निंदा की है ।संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प ने 29 अप्रैल, मंगलवार को अपने दूसरे गैर-लगातार कार्यकाल में अपने पहले 100 दिन पूरे कर लिए हैं, जबकि उनकी अव्यवस्थित नीतियों के कारण वैश्विक अव्यवस्था जारी है। एकतरफा टैरिफ वृद्धि, गाजा में शांति स्थापित करने में विफलता, इजरायल द्वारा हत्याओं का सिलसिला भी जारी है और अमेरिकी अर्थव्यवस्था अभी भी ट्रम्प के खुद के कदमों से वैश्विक अर्थव्यवस्था में आयी उथल-पुथल के साथ तालमेल नहीं बिठा पाई है।

ट्रम्प प्रशासन के पहले 100 दिनों में टैरिफ नीति के कार्यान्वयन की प्रक्रिया में कई उतार-चढ़ाव देखे गये। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध में चीन के साथ अपनी लड़ाई में ट्रंप ने पहले कदम बढ़ाया है, लेकिन अभी तक चीन ने आधिकारिक तौर पर वार्ता के लिए प्रतिनिधि नहीं भेजे हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के प्रति ट्रंप का रुख अब नरम है। ट्रंप के सलाहकारों को उम्मीद है कि जुलाई के पहले सप्ताह में समाप्त होने वाली 90-दिवसीय विराम अवधि के दौरान अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के लिए पचास से अधिक देशों की सहमति मिल जायेगी। अब तक कुल 180 व्यापार भागीदारों में से 21 देश व्यापार शर्तों पर बातचीत करने के लिए सहमत हो गये हैं।

अमेरिकी लोग ट्रंप के आखिरी 100 दिनों को किस तरह देख रहे हैं? न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को और शिकागो सहित अमेरिका के प्रमुख शहरों में ट्रंप की मगानीतियों और अंधाधुंध निर्वासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। खास बात यह थी कि विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी की इतने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों में कोई भूमिका नहीं थी। ट्रेड यूनियनों और महिला संगठनों सहित विभिन्न हित समूहों ने इसमें अग्रणी भूमिका निभायी।ट्रंप के लिए बेचैन करने वाला पहलू यह है कि हाल के जनमत सर्वेक्षणों में ट्रंप की स्वीकृति रेटिंग 39 से 44 प्रतिशत के बीच दर्ज की गयी, जो अमेरिकी विश्लेषकों के अनुसार, 100 दिन पूरे होने के बाद अन्य राष्ट्रपतियों की तुलना में सबसे कम थी। जो बाइडेन 54 प्रतिशत और बराक ओबामा 62 प्रतिशत पर थे। 100 दिनों के बाद उनकी रेटिंग में यह गिरावट बढ़ सकती है, अगर वे इस साल जुलाई के बाद अपनी व्यापार कूटनीति में सफलता प्राप्त कर सकें और अमेरिकी लोगों और व्यापारिक साझेदारों को यह साबित कर सकें कि अमेरिका के समर्थन के बिना कोई भी देश वैश्विक व्यापार में समृद्ध नहीं हो सकता।

अमेरिकी लोगों ने यह भी देखा है कि वे एकमात्र राष्ट्रपति हैं जिन्होंने गाजा और यूक्रेन में युद्धविराम लाने का काम तुरंत शुरू किया। यह एक नाजुक और समय लेने वाली प्रक्रिया है, लेकिन ट्रम्प युद्धविराम की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए रूसी और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों को एक शिखर सम्मेलन में लाने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रम्प 9 मई को मास्को में विजय दिवस समारोह में भाग लेने वाले हैं। ट्रम्प और पुतिन दोनों यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के बारे में अधिक बात कर सकते हैं, जबकि यूरोपीय संघ के सदस्य राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की को रूस के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए उकसा रहे हैं।

यूरोप के संबंध में, ट्रम्प ने यूरोपीय संघ के सदस्यों को पूरी तरह से अलग-थलग कर दिया है। हंगरी को छोड़कर, उनका कोई समर्थक नहीं है। लेकिन इस साल 20 जनवरी को अपने शपथ ग्रहण के बाद से ही यूरोपीय देशों, खास तौर पर्र फ्रांस और जर्मनी के खिलाफ उनके हमलों ने उन देशों में दक्षिणपंथी पार्टियों की मदद नहीं की है। जर्मनी में ट्रंप का अभियान विफल रहा और फिलहाल जर्मन राष्ट्रवाद की जीत हुई। 28 अप्रैल को केनडा में राष्ट्रीय चुनाव हुए, जिसमें मार्क कार्नी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी की बड़ी जीत देखी गयी, जो वर्तमान प्रधानमंत्री हैं।भारत के लिए, सबसे तात्कालिक मुद्दा यह है कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी 22 अप्रैल को ट्रम्प के 100 दिन पूरे होने से ठीक सात दिन पहले हुए पहलगाम नरसंहार पर जवाबी कार्रवाई के रूप में पाकिस्तान के खिलाफ गंभीर सैन्य कार्रवाई करते हैं, तो ट्रम्प क्या निर्णय लेंगे। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि, सभी देशों ने पहलगाम नरसंहार की कड़ी निंदा की है और भारत को समर्थन दिया है, लेकिन उन्होंने भारत के इस दावे का समर्थन करते हुए कुछ भी नहीं कहा है कि इसके पीछे पाकिस्तान का हाथ था।

22 अप्रैल को ही, ट्रम्प और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे. डी. वांस, जो उस दुर्भाग्यपूर्ण दिन भारत में थे, ने सहानुभूतिपूर्वक भारत का समर्थन किया। इसे यहां के सरकारी अधिकारियों द्वारा भारतीय स्थिति के लिए एक तरह से स्पष्ट समर्थन के रूप में लिया गया। लेकिन बाद में ट्रंप ने अपना रुख बदलकर तटस्थ रुख अपनाया जब उन्होंने कहा कि- सीमा पर हमेशा तनाव रहा है, लेकिन दोनों देश इसे सुलझा लेंगे। अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड की टिप्पणी अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा- अमेरिका भारत के साथ खड़ा है क्योंकि वह जघन्य पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगा रहा है।

मौलिक बात यह है कि वर्तमान वैश्विक स्थिति में ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच एक और युद्ध नहीं चाहेंगे, चाहे अमेरिकी राष्ट्रपति की अपने प्रिय मित्र नरेंद्र मोदी के प्रति व्यक्तिगत पसंद कुछ भी हो। लेकिन निश्चित रूप से, भारत अमेरिका को पाकिस्तान सरकार पर आतंकी शिविरों को नष्ट करने और भारत के खिलाफ पाकिस्तान से संचालित होने वाले आतंकवादियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के लिए जबरदस्त दबाव डालने के लिए राजी कर सकता है। भारतीय खुफिया एजेंसियों के पास ऐसे आतंकी शिविरों की सूची होगी। सीआईए के पास भी होगी। ट्रंप और तुलसी गबार्ड दोनों के साथ अच्छे संबंधों का उपयोग भारत के लिए तत्काल उपलब्ध विकल्प है।

पाकिस्तान पहलगाम नरसंहार की जांच के लिए एक अंतरराष्ट्रीय जांच स्थापित करने की मांग कर रहा है। चीन और कुछ अन्य देशों ने इसका समर्थन किया है। स्पष्ट कारणों से, भारत इस पर सहमत नहीं हो सकता क्योंकि इससे कश्मीर की स्थिति को अंतरराष्ट्रीय बनाने में मदद मिलेगी। आतंकी शिविरों को नष्ट करने की सीमित कार्रवाई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, या तो अमेरिका द्वारा की गयी कार्रवाई के द्वारा, या अमेरिकी समर्थन के साथ भारतीय बलों द्वारा। ट्रंप एक लेन-देनवादी हैं। वह भारत को समर्थन के लिए अमेरिकी व्यापार के लिए कुछ बड़े सौदे की तलाश कर सकते हैं, जैसा कि उन्होंने यूक्रेन के खनिज संसाधनों के बारे में राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ किया था।किसी भी मामले में, भारत के पास बहुत कम विकल्प हैं। मोदी शासन के पिछले ग्यारह वर्षों में, विदेश नीति को अमेरिका को एकमात्र मित्र के रूप में विकसित करने के लिए तैयार किया गया है। रूस इस समय अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में नाराज है, रक्षा आयात के कई क्षेत्रों में रूस की जगह ली जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पिछले साल 22 अक्टूबर को कज़ान में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भारत आने का निमंत्रण दिये जाने के छह महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई तिथि तय नहीं की गयी है।चीन अब भारत के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने में दिलचस्पी रखता है। लेकिन उसके विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने 28 अप्रैल को पाकिस्तान की संप्रभुता की रक्षा में उसका समर्थन करने की बात कही। प्रधानमंत्री और उनके सलाहकारों को अमेरिका के समर्थन और चीन की सहनशीलता के साथ पाकिस्तान पर पलटवार करने के लिए सबसे अच्छे विकल्प की तलाश करनी होगी। ट्रंप के कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी यह साबित करने का मौका मिलेगा कि पाकिस्तान द्वारा समर्थित सीमा पार आतंकवाद की चुनौती का सामना करने में इस दोस्ती का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है।

संपादकीय

## राहुल से नहीं आतंकवाद से लड़ें

देश के किसी भी दुश्मन से लड़ने का काम, चाहे वह सेना हो या आतंकवादी, सरकार और सेना का होता है। लेकिन देश की सत्ता पर काबिज भाजपा पहलगाम में हुए हमले के जिम्मेदार आतंकियों के साथ लड़ने की बजाय कांग्रेस एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी से लड़ रही है। देश भर में भाजपा ने पूरे देश में मुस्लिमों के खिलाफ़ एक तरह से अभियान छेड़कर भारत का एक विभाजित समाज के रूप में परिचय देने का काम किया है, वहीं राहुल पर हमला कर उसने यह भी संदेश दिया है कि देश में राजनीतिक एकता भी नहीं है। लाजिमी है कि इसका लाभ दुश्मन देश को ही मिलेगा।भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को चाहिये कि उसे अपनी इस क्षुद्र लड़ाई को बाद के लिये छोड़ देनी चाहिये। फिलहाल यह देश की सामाजिक व राजनीतिक ऐका दिखाने का वक्त है, न कि यह संदेश देने का कि सियासी दलों को आपसी सिर-फुटौव्वल से लड़ने से ही फुरसत नहीं है।लम्बे समय के बाद राहुल गांधी मंगलवार व बुधवार को अमेठी तथा रायबरेली लोकसभा क्षेत्रों के दौरे पर पहुंचे थे। उनके आने के पहले दोनों जगहों पर उनके खिलाफ़ पोस्टर लगाये गये जिनमें उन्हें %आतंकियों का साथी% बताया गया तो किसी में उन्हें जातिवाद के आधार पर देश को तोड़ने वाला करार दिया गया। कुछ पोस्टरों में कांग्रेस पर आतंकियों व पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया गया है। एक भाजपायी नेता ने अपनी तस्वीर के साथ इस आशय के पोस्टर लगाये कि राहुल व कांग्रेस जातिवाद के आधार पर देश को तोड़ेगी तो भाजपा राष्ट्रवाद के आधार पर जोड़ेगी। भाजपा से इसलिये उम्मीद लगानी स्वाभाविक है क्योंकि केन्द्र सरकार का नेतृत्व वही करती है। इस नाते उसे इस मसले पर गम्भीर होने की ज़रूरत है, लेकिन जिस प्रकश्चार से इस समय देश के अलग-अलग हिस्सों में मुसलमानों के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार हो रहा है, राहुल के साथ उसका सलूक वैसा ही गैर जिम्मेदाराना है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तथा सांसद अखिलेश यादव के साथ भी कुछ कुछ ऐसी ही बदसलूकी कर रही है क्योंकि सपा के साथ बड़ी तादाद में मुसलमान हैं तथा भाजपा उनके खिलाफ है।

देश के अनेक राज्यों से मुसलमानों को धमकियां देने, उनके साथ मारपीट करने, कश्मीरी छात्रों को शहर छोड़कर जाने की धमकियां देने तथा एक-दो हत्याओं से लगता है कि उग्र राष्ट्रवाद को इन सबसे संतोष नहीं मिल रहा है। सो आलोचना की तोप राहुल की तरफ़ मोड़ दी गयी है। जातिवाद के जरिये राहुल-कांग्रेस पर देश को तोड़ने का आरोप दरअसल उनकी जातिगत जनगणना की मांग से जुड़ा है। हालांकि बुधवार को हुई केबिनेट बैठक में सरकार ने फैसला लिया है कि वह जातिगत जनगणना कराएगी। मगर अपनी बौखलाहट में राहुल पर आक्रमण करती भाजपा को भूलना नहीं चाहिये कि राहुल व कांग्रेस परिवार के दो लोगों की हत्याएं आतंकवादियों ने ही की हैं।

भाजपा के जो लोग इस पोस्टर वॉर का हिस्सा हैं या उसे अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन दे रहे हैं, वे इस बात को भी भूलते हैं कि विपक्षी नेताओं में सबसे पहले राहुल तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ऐलान किया था कि वे सरकार के साथ पूरी तरह से खड़े हैं सरकार जो भी निर्णय लेगी, वे उसका समर्थन क राहुल ने ही सबसे पहले कश्मीर का दौरा किया साफ किया कि चाहे जो चूक हुई हों, वे सरकार से उ कोई सवाल नहीं करेंगे। इसके बरक्स प्रधानमंत्री न मोदी के रवैये से निराशा हुई है। सऊदी अरब का छोड़कर लौटे मोदी से उम्मीद थी कि वे तुरन्त कश जायेंगे। उनसे यह भी अपेक्षा थी कि वे सर्वदलीय बै का नेतृत्व करेंगे। आश्चर्य ही नहीं यह दुख की बात है उन्होंने बैठक में भाग लेने की बजाय बिहार की रैल जाना उचित समझा जहां इस वर्ष के अंत में विधान चुनाव होने जा रहा है। इतना ही नहीं, कार्यक्रम के पर उनके तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हंसी-ठि करते वीडियो सामने आये थे जो इस बात को सा करने के लिये काफी हैं कि उन्होंने इस घटना को वि हल्के में लिया है। अलबत्ता, उन्होंने मृतकों के संवेदना स्वरूप सभी से कुछ पलों का मौन ध कराया था।

# राजनैतिक हिसाब-किताब फिर कभी, अभी एकजुटता दिखाने की जरूरत

अब भाजपा नेतृत्व को भी अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं को ऐसे ही निर्देश देने चाहिए। राजनैतिक हिसाब-किताब के लिए काफी वक्त मिल जाएगा, लेकिन ये समय देश के लिए एकजुट होकर खड़े रहने का है। समाज के बाकी तबकों को भी इस पर विचार करना चाहिए कि नफरत और हिंसा की घटनाओं को आखिर कैसे रोका जा सकता है।

उत्तराखंड के मसूरी में कश्मीरी शॉल बेचने वाले दो लोगों के साथ मारपीट कर उन्हें चले जाने कहा गया, इस घटना का वीडियो बनाया गया, जिसमें पीड़ितों के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस घटना के बाद कम से कम 16 कश्मीरी शॉल विक्रेता मसूरी छोड़ कर चले गए, जबकि वे बरसों से यहां थे।....%ये विश्व पाकिस्तान का नहीं है। पाकिस्तान के एजेंट इसी चौराहे पर खड़े होकर सुन रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि अब तुम भोपाल में हंगामा करके दिखाओ। आरिफ मसूद, चोर और उसके साथी जो हमारे धर्म का विरोध करते हैं, उन्हें हम नहीं छोड़ेंगेज् यहीं पर निपट लेंगे।... ये बयान मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य कृष्णा घाडगे ने दिया। जिन आरिफ मसूद का जिक्र उन्होंने किया, वे कांग्रेस के विधायक हैं। हालांकि श्री घाडगे का कहना है कि उनकी रैली पाकिस्तान के खिलाफ थी और मसूद के फैन क्लब ने उनके बारे में झूठी शिकायत दर्ज कराई है।...मंगलुरु में एक क्रिकेट मैच के दौरान पाकिस्तान जिंदाबाद के कथित नारे लगाने पर 25 से अधिक लोगों के एक समूह ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी...। 27 अप्रैल को दिन के करीब 3 बजे यह घटना हुई, जिसमें भीड़ लाठियों से पीड़ित को पीटती रही और उसे मार डाला गया...।प.बंगाल में एक शहर में व्यस्त मार्ग पर पाकिस्तान के झंडे का स्टीकर चिपकाया गया, ताकि राहगीरों के पैर उस पर पड़ते रहे...कुछ जगहों पर पाकिस्तनी झंडे को जलाने की कोशिश भी की गई...।

अलीगढ़ में सड़क पर पाकिस्तान का झंडा पड़ा देख 9वीं कक्षा के एक छात्र ने उसे हटाने के लिए उठाया, इस पर वहां मौजूद हिंदूवादी संगठन के कुछ कार्यकर्ताओं ने छात्र को पकड़ लिया, छात्र पर आरोप लगे कि वो झंडे की %हिफाजत% कर रहा है, उसने रोते हुए माफी मांगी और कहा कि वो ऐसा कुछ नहीं कर रहा था, लेकिन उस छात्र को आतंकवादी कहते हुए उससे पाकिस्तान के झंडे पर कील ठुकवाई गई और फिर पेशाब भी करवाई गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया गया है। ...उपरोक्त तमाम दृष्टांत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद के हैं, जिसमें पाकिस्तान से बदला लेने को तत्पर देशभक्त नागरिक अपने ही साथी नागरिकों को प्रताड़ित कर रहे हैं। इस प्रताड़ना का सबसे बड़ा आधार यही है कि पीड़ित व्यक्ति मुस्लिम है। देश में अल्पसंख्यकों पर इस किस्म के अत्याचार पहली बार नहीं हुए हैं।

लेकिन ऐसी घटनाओं का बार-बार होना और खासकर संवेदनशील वक्त में इनकी आवृत्ति बढ़ना न केवल देश की एकता के लिए खतरनाक है, बल्कि इस लिहाज़ से भी चिंताजनक है कि हम किस कदर कुंठाग्रस्त और हिंसक मनोवृत्ति वाले समाज में तब्दील हो चुके हैं। एक निर्वाचित विधायक से लेकर 9वीं कक्षा के छात्र तक किसी को भी हिंसा का डर दिखाया जा रहा है, तो क्या ये सभ्य समाज की निशानी मानी जाएगी। 9वीं कक्षा के छात्र से पाक झंडे पर पेशाब करवा कर और उसका वीडियो बनाकर क्या देशभक्ति का सबूत जुटाया जा रहा है। वह किशोर बच्चा इस मानसिक यंत्रणा के बाद क्या लंबे वक्त तक सामान्य हो पाएगा। चंद उन्मादी लोगों ने उसे जीवन भर का दाग दे दिया है, जिसे न जाने कैसे मिटाया जा सकेगा।पाकिस्तान के झंडे को कुचलकर या उसे उठाने वाले को सजा देकर या कश्मीर में हुए आतंकी हमले का बदला कश्मीरी लोगों पर उतारकर हम अपने मानसिक दिवालिएपन का नमूना दुनिया के सामने पेश कर रहे हैं, ये बात इस समय उग्र राष्ट्रवाद से ग्रस्त लोगों को समझ नहीं आएगी, और जब तक आएगी, तब तक शायद देर हो चुकी होगी।इन घटनाओं के बीच एक घटना का वीडियो और सामने आया है, जिसमें दिल्ली के एक भाजपा नेता के घर एसी सर्विस करने आए दो लोगों को केवल इसलिए लौटा दिया गया क्योंकि वे मुसलमान हैं। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि घर के दरवाजे पर खड़े दो व्यक्तियों से कहा जा रहा है कि तुम चले जाओ हम मुसलमानों से काम नहीं कराते, अपनी कंपनी से कहो किसी हिंदू को भेजें।

पहले भी कई गिग वर्कर्स के साथ धर्म के आधार पर ऐसा अपमानजनक व्यवहार हो चुका है, लेकिन अब अपमान करने के साथ-साथ उनका वीडियो बनाकर डालना समाज में यह संदेश फैलाने की कोशिश करना है कि यह देश अल्पसंख्यकों का नहीं है और अगर उन्हें यहां रहना है तो इसी तरह डर कर, अपमानित होकर रहना पड़ेगा। यह कोई अच्छी स्थिति नहीं है। मगर अपनी राजनीतिक जमीन पुख्ता करने के लिए शायद यही अच्छी स्थिति है। कुछ और दृष्टांत देखिए-

पहलगाम हमले के फौरन बाद महाराष्ट्र में भाजपा विधायक नीतेश राणे ने कहा है कि हिंदुओं को कुछ भी खरीदने से पहले दुकानदार का धर्म पूछना चाहिए और उसे हनुमान चालीसा पढ़ने कहना चाहिए। वहीं केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस हमले में खुफिया एजेंसियों की नाकामी और सरकार की विफलता को लेकर उठते सवालों के बीच कहा कि जब



तक 140 करोड़ भारतवासी देशभक्ति और राष्ट्रवाद को अपना परम धर्म मानते नहीं हैं, तब तक इस तरह की घटनाएं देश को परेशान करती रहेंगी।

यह बड़ा ही निराशाजनक बयान था, जिसमें देश की जनता को ही ऐसी घटना का कसूरवार ठहरा दिया गया। जब नरेन्द्र मोदी बार-बार इन 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार बताते हैं, तो क्या वे राष्ट्रद्रोहियों को अपना भाई-बंधु बता रहे हैं, यह बात श्री गोयल को स्पष्ट करनी चाहिए। वैसे दुख की बात है कि भाजपा ने पहले नेहरू-गांधी जैसे स्वाधीनता सेनानियों का अपमान किया, विपक्ष की आवाज़ को दबाया, संविधान को बदलने की कोशिश की, अंबेडकर के नाम लेने को फैशन बताया, सुप्रीम कोर्ट पर पक्षपात का आरोप लगाया, मुख्य न्यायाधीश को गृहयुद्ध भड़काने वाला बताया और अब उस आम जनता को ही कटघरे में खड़ा कर दिया, जो सारी तकलीफें सहते हुए, चुपचाप अपना काम करती है, ताकि देश आगे बढ़े, टैक्स भरती है ताकि राजकोष भरे, नियमों-कानूनों का पालन करती है, ताकि देश में अराजकता न फैले, ये सब देशभक्ति और राष्ट्रवाद नहीं है तो फिर और क्या है। लेकिन भाजपा के नेता अब भी देशभक्ति और राष्ट्रवाद के अपने पैमाने पर 140 करोड़ लोगों की देशभक्ति को परख रहे हैं।अफसोस की बात ये है कि इनके पैमाने में देश के लिए शहीद हुए लोगों के लिए भी सम्मानजनक स्थान नहीं है। अन्यथा आज राहुल गांधी, सोनिया गांधी या प्रियंका गांधी की देशभक्ति पर सवाल नहीं किए जाते।मंगलवार को राहुल गांधी रायबरेली के दौरे पर थे और बुधवार को वे अमेठी पहुंचे, इस दौरान अज्ञात लोगों ने उनके खिलाफ पोस्टर लगाए, एक में लिखा आतंक का साथी, राहुल गांधी। एक अन्य पोस्टर में राहुल, कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और महाराष्ट्र के नेता विजय वडेट्टीवार की फोटो के साथ लिखा - इंडी गठबंधन का हाथ पाकिस्तान के साथ। तीसरे पोस्टर में गुलाम नबी आजाद, लश्कर आतंकी हाफिज सईद और सैफुद्दीन सोज की फोटो लगी थी, इसमें लिखा था- कांग्रेस आतंकियों और पाकिस्तान की भाषा बोल रही है। क्या राहुल और उनकी पार्टी पाकिस्तान और आतंकवादियों का एजेंडा आगे बढ़ा रही?उप्र पुलिस ने इन पोस्टरों को उतार लिया है, लेकिन सोचने वाली बात है कि जिन राहुल गांधी ने अपने पिता और दादी को आतंकवाद के कारण ही खोया है, जो देश के नेता प्रतिपक्ष हैं, उन पर इस तरह के इल्जाम क्यों लगाए जा रहे हैं। इसी तरह प्रियंका गांधी का दोसा बनाते एक वीडियो शेयर करते हुए एक भाजपा समर्थक ने लिखा, जिस तरह देश को जलाया, उसी तरह दोसा जला रही हैं।भाजपा नेता संबित पात्रा ने राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के खिलाफ दिए एक लंबे-चौड़े बयान में कहा कि यह इंडी गठबंधन नहीं है, यह रावलपिंडी गठबंधन है। आज से हम इन्हें इंडी गठबंधन नहीं कहेंगे, हम इन्हेंपिंडी' गठबंधन कहेंगे। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के अन्य नेता पाकिस्तानी मीडिया के हीरो हैं। मुझे लगता है कि वह दिन दूर नहीं जब इस पिंडी' गठबंधन के लोग पाकिस्तान में चुनाव लड़ेंगे।

गौर करने की बात यह है कि विपक्ष पर सारे इल्जाम उस वक्त लगाए जा रहे हैं, जब सर्वदलीय बैठक में समूचे विपक्ष ने सरकार को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ देने का ऐलान किया है। हालांकि कांग्रेस के ट्विटर हैंडल पर नरेन्द्र मोदी को निशाने पर लेते हुए कुछ ट्वीट किए गए, जिन पर भाजपा ने आपत्ति जाहिर की, तो कांग्रेस ने उन्हें हटा लिया साथ ही के सी वेणुगोपाल ने सख्त निर्देश दिए हैं कि कांग्रेस कार्यसमिति में लिए फैसले के आधार पर पार्टी लाइन पर ही बयान दिए जाएं और कोई भी आपत्तिजनक ट्वीट न किया जाए। अब भाजपा नेतृत्व को भी अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं को ऐसे ही निर्देश देने चाहिए। राजनैतिक हिसाब-किताब के लिए काफी वक्त मिल जाएगा, लेकिन ये समय देश के लिए एकजुट होकर खड़े रहने का है। समाज के बाकी तबकों को भी इस पर विचार करना चाहिए कि नफरत और हिंसा की घटनाओं को आखिर कैसे रोका जा सकता है। पुलिस-प्रशासन मामले दर्ज कर सकती है, लेकिन आम लोगों में सौहार्द्र और सद्भाव कायम रहे, यह काम घरों, शिक्षा संस्थानों, कार्यालयों से होना चाहिए।



# मेडिकल रिप्रिजेन्टेटिव सदाबहार कॅरिअर

**जैसे-जैसे मल्टी नेशनल कंपनियां भारतीय दवा बाजार में पैर फैला रही हैं वैसे-वैसे हर कंपनी आक्रामक विपणन नीति का सहारा ले रही है। इसके लिए दवा कंपनियां मेडिकल रिप्रिजेंटिव की नियुक्ति करती हैं जो चिकित्सक, दवा कंपनियों और उनके ग्राहकों के बीच की बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। इनके बिना कोई भी कंपनी अपना व्यवसाय फैला नहीं सकती।**

गला काट प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बाजार में टिके रहने के लिए कंपनियां विपणन नीति का सहारा ले रही हैं। इससे दवा कंपनियां भी अछूती नहीं हैं। भूमंडलीकरण ने इस प्रतिस्पर्धा को और बढ़ा दिया है। जैसे-जैसे मल्टी नेशनल कंपनियां भारतीय दवा बाजार में पैर फैला रही हैं वैसे-वैसे हर कंपनी आक्रामक विपणन नीति का सहारा ले रही है। इसके लिए दवा कंपनियां मेडिकल रिप्रिजेंटिव की नियुक्ति करती हैं जो चिकित्सक, दवा कंपनियों और उनके ग्राहकों के बीच की बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी है। इनके बिना कोई भी कंपनी अपना व्यवसाय फैला नहीं सकती। लिहाजा इस क्षेत्र में भी रोजगार के बेहतर अवसर खुल रहे हैं।

मेडिकल रिप्रिजेंटिव के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के इच्छुक अभ्यार्थी को विज्ञान स्नातक होना आवश्यक है। लेकिन फार्मेसी में डिग्री और डिप्लोमाधारी अभ्यर्थी को सभी दवा कंपनी प्राथमिकता देती हैं। हालांकि इस क्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिए डिग्री से ज्यादा धैर्य, लगन तथा वाकपटुता की जरूरत होती है। इसके साथ ही आकर्षक व्यक्तित्व, बातचीत से दूसरे को प्रभावित करने की क्षमता और सकारात्मक सोच का होना भी जरूरी है।

एक मेडिकल रिप्रिजेंटिव यानी एमआर का काम मेडिकल व्यवसाय से जुड़े, व्यवसायियों, चिकित्सकों से संपर्क कर अपनी कंपनी द्वारा उत्पादित दवाओं की गुणवत्ता बताना होता है। उन्हें इस तरह समझाना होता है कि चिकित्सक रोगियों को उन्हीं की कंपनी की दवा लिखे। एक एमआर को अपनी कंपनी की उत्पादित तमाम दवाओं की जानकारी रखना होता है और चिकित्सकों और व्यवसायियों को बताना होता है। यानी वह कंपनी और व्यवसायियों के बीच एक पुल का काम करता है। एक तरह से उसके कंधे पर कंपनी की सफलता की पूरा दारोमदार टिका हुआ है।

एक एमआर को वेतन उसकी योग्यता और कंपनी के स्तर के आधार पर मिलता है। शुरुआत में एक एमआर को 5 से लेकर 15 हजार रुपए तक मिलते हैं। इसके अलावा वाहन, यात्रा भत्ता, हाउसिंग और सुविधाएं अलग से मिलती हैं। देश के कई संस्थानों में मेडिकल प्रशिक्षण और फार्मा मार्केटिंग मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ फार्मेसी और डिप्लोमा इन फॉर्मेसी के कोर्स कराए जाते हैं। इनमें से कुछ प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

- हमदर्द कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मदनगीर, दिल्ली।
- कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, पुष्प विहार, महरौली, दिल्ली।
- महिला पॉलीटेक्निक, महारानीबाग, नई दिल्ली।
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
- बॉम्बे कॉलेज ऑफ फार्मेसी, मुंबई, महाराष्ट्र।
- बिहार कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अनिसाबाद, पटना, बिहार।

# सफलता का आईना हो आपका रिज्यूमे

**नौकरी प्राप्त करने का पहला कदम रिज्यूमे प्रेषित करना होता है। आपका रिज्यूमे आपकी सफलता का आईना हो, जिसमें सब कुछ स्पष्ट दिखे। वह केवल आपकी सफलता ही नहीं, बल्कि आपके कार्य-इतिहास के बारे में भी सब कुछ कहे, ताकि नियोक्ता को कहीं कोई शंका न रह जाए।**

आज के प्रतिस्पर्धा भरे माहौल में आपको दूसरों से अलग बनाती हैं आपकी सफलताएं। यहां हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं, ताकि आपके रिज्यूमे में आपकी सफलताएं भली-भांति प्रदर्शित हों। जहां प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है, वहां केवल योग्यता और कार्यानुभव के दम पर अच्छी नौकरी पाना आसान नहीं है। ऐसे में आपकी छोटी-बड़ी सफलताएं ही हैं, जो आपको अन्य लोगों से आगे रखती हैं। आप किसी कंपनी के लिए कितने तरीके से लाभदायी सिद्ध हो सकते हैं, इस बात को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और इसे बताने के लिए जरूरी है कि आपका रिज्यूमे बेहतरीन तरीके से तैयार किया जाए, जो आपको साधारण आवेदक की श्रेणी से विशेष की श्रेणी में पहुंचाएगा।

उत्तरदायित्वों को पेश करें

अपना रिज्यूमे तैयार करने का एक बढ़िया तरीका है कि आप शब्दों का चयन चतुराई से करें। यहां तक कि जब आप अपने कार्य उत्तरदायित्वों की बात करें तो उन्हें ऐसे पेश करें कि वे आपकी सफलताएं नजर आएं। मिसाल के तौर पर..

पहले- उत्तरी क्षेत्र में सेल्स की जिम्मेदारी।

अब- समूचे उत्तरी क्षेत्र के सेल्स प्रमुख।

देखिए कैसे 'जिम्मेदारी' की जगह 'प्रमुख' क्रिया का इस्तेमाल करते ही रिज्यूमे आपकी जो छवि बनाता है, उसमें कितना अंतर दिखाई देने लगा है। अगर एक रिज्यूमे में सिर्फ आपके उत्तरदायित्वों का ही जिक्र होता है तो किसी भी कंपनी को यह बिल्कुल समझ में नहीं आता कि आप असल में करते क्या थे! साथ में उन्हें बमुश्किल ही पता चल पाता है कि आप उनके लिए क्या कर सकते हैं। इस बात का खास ख्याल रखें कि अपनी रोजमर्रा की जिम्मेदारियों को बताने के लिए दमदार क्रिया-शब्दों जैसे लेड, इनीशिएटेड, स्पीयरहेडेड, कंट्रोल्ड, एक्सेलरेटेड, अटेंड, कॉन्सेप्चुलाइज्ड, कंडक्टेड, डिवाइस्ड, डायरेक्टेड, ड्राफ्टेड, एक्जीक्यूटेड, एन्हैस्ड, एस्टेब्लिश्ड आदि का इस्तेमाल करें। इन शब्दों के माध्यम से आपकी छवि एक सक्रिय कर्मचारी की बनेगी और कंपनी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जब आप यह कहेंगे कि आपको क्या हासिल हुआ, बजाए इसके कि आप क्या संभालते थे तो आपकी छवि एक उत्तरदायी और पहल करने वाले कर्मचारी के रूप में बनेगी, न कि सिर्फ ऐसे व्यक्ति के रूप में, जो केवल दिया हुआ काम ही पूरा करता है।

जिम्मेदारियों के बारे में बताएं


किसी कंपनी को यह बताना भी बेहद महत्वपूर्ण है कि आप अपने काम को कितने अच्छे तरीके से संभालते हैं। इसके लिए भी आपको 'रिस्पॉन्सिबल फॉर' से कुछ अधिक कहना होगा, जैसे..

पहले- कंपनी में एमआईएस इंटरफेस की जिम्मेदारी।


अब- नए मार्केट्स की तलाश और क्लाइंट्स को बेहतर सेवा देने के लिए एमआईएस के साथ तकनीकी तरक्की के लिए कार्य (इंटरफेस)।

पहले जो रिज्यूमे में लिखा गया है, उससे कंपनी के दिमाग में यह बात स्पष्ट नहीं होती कि आप कितने प्रभावी तरीके से अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे थे, वहीं दूसरे मामले में 'इंटरफेस' शब्द ने आपको एक सक्रिय आवेदक के रूप में प्रस्तुत किया है। इस तरह किसी भी कार्य के साथ जुड़ने ने यह दिखा दिया है कि आपका इसमें क्या योगदान रहा और यही आपकी सफलता भी है। साथ ही इससे कंपनी को यह भी समझ में आ गया कि भविष्य में आप किस प्रकार से उन्हें योगदान दे सकते हैं। दरअसल हम एक बेसिक रिज्यूमे में अपने संपर्क की जानकारी, अपना उद्देश्य, अपने बारे में जानकारी, कार्यानुभव, अतिरिक्त गतिविधियां और दूसरी जानकारी देने में काफी जल्दबाजी करते हैं। हम अक्सर ऐसी जगह आकर रुक जाते हैं, जहां हमें वास्तव में अपनी वर्तमान कंपनी में अपने योगदान का जिक्र करना चाहिए।

एक दमदार रिज्यूमे का मुख्य तत्व 'प्रमाण' होता है। प्रमाण इस बात का कि आपने रिज्यूमे में जो कुछ भी कहा है, आप उसकी इज्जत रखेंगे – और यह प्रमाण आपके वाइटल स्टेटस में होता है, जिसमें तथ्य व आंकड़े या परिणाम दर्शाने वाले कथन होते हैं। ये सब आपके वर्तमान कार्य को दर्शाते हैं व आपको एक सफल व कार्य करने के इच्छुक कर्मी के रूप में साबित करते हैं।



# जब भटक जाए करियर प्लान



कॉलेज डिग्री के बाद आप कॉर्पोरेट जगत में अपना प्रोफेशनल जीवन शुरू करते हैं। इसके लिए आप इंटरव्यू की तैयारियां भी पूरे मनोयोग से करते हैं, जहां 'आप पांच वर्ष में खुद को कहा देखते हैं?' जैसे प्रश्नों की आप खास तैयारी करते हैं। लेकिन पांच या दस वर्ष बाद आपकी महत्वाकांक्षाएं कितनी पूरी हो पाती हैं? क्या आप अपनी प्रगति से संतुष्ट होते हैं या आपको लगता कि यदि एक और मौका मिले तो आप अपने प्रयास कुछ अलग तरीके से करना चाहेंगे ? जब करियर लक्ष्य पूरे न हों तो निराशा होनी स्वाभाविक होती है; फिर जरूरी हो जाता है कि आप अपनी मौजूदा स्थिति का आकलन करें और करियर ग्राफ को ऊपर ले जाने के लिए भावी योजना की रूपरेखा एक बार फिर तैयार करें।

**निराशा से जूझना** – क्या शुरुआत में वह नौकरी आपके हाथ से निकल गई थी जिसे आप सचमुच प्राप्त करना चाहते थे, और क्या आपका मौजूदा कार्य आपको तरक्की करने के पूरे मौके नहीं दे रहा और क्या कोई नया ऑफर भी आपकी ओर नहीं आ रहा, या फिर कई नौकरियां बदलने के बावजूद आप वहां नहीं पहुंच पा रहे जहां पहुंचने की आपने उम्मीद की थी, और इन सबके अलावा अर्थव्यवस्था का कठिन दौर भी आपके खिलाफ जा रहा है?

कई बार आपके सच्चे प्रयासों के बाद भी परिस्थितियां शुरू से ही आपके विपरीत रहती हैं। फिर भी, यहां यह ध्यान रखना होगा कि आप जो रास्ता पार कर चुके हैं, उस पर आप वापस तो नहीं जा सकते, लेकिन भविष्य की तैयारी अपने अनुसार जरूर कर सकते हैं।

**पुनःप्रयास** – तो यदि आपको लगता है कि आपके करियर चार्ट में कुछ कमी है तो उसका सही **आकलन करें** – क्या यह वह बुनियादी हुनर है जिसकी कमी से आप बड़ी परियोजनाओं का हिस्सा नहीं बन पा रहे हैं या कोई सॉफ्ट स्किल है जो महत्वपूर्ण कार्य संबंधों को आपसे दूर रख रहा है? इसके बाद, उपरोक्त कमियों को दूर करने के लिए जरूरी प्रशिक्षण के बाद की परिस्थितियों का भी आकलन करें। यह भी जरूरी है कि आप अपने करियर के मौजूदा दौर में प्रशिक्षण की महत्ता को समझें।

**फोकस बदलें** – आपने अपनी सारी ऊर्जा एक ही दिशा में लगा दी थी, परंतु वह आपके काम नहीं आई। तो अब समय आ गया है कि आप आगे बढ़ें और अन्य दिशाओं में अपने प्रयास शुरू कर दें। इसका मतलब करियर की दिशा में परिवर्तन नहीं होता, बल्कि मौजूदा कार्य के साथ नई जिम्मेदारियां उठाना, जिनमें आपको कुछ नए हुनर सीखने की जरूरत हो। याद रखें कई बार विपरीत परिस्थितियों में नए अवसर छुपे होते हैं; एक अदद निराशा को अपने समूचे करियर को नुकसान न पहुंचाने दें।

**खुद पर भरोसा** – दुविधा के समय अपने निर्णयों पर सवाल करना अक्सर एक प्राकृतिक क्रिया होती है; परंतु जरूरी है कि अपनी सोच और क्षमताओं पर विश्वास डगमगाना नहीं चाहिए। गलत नौकरी या विपरीत परिस्थितियों का शिकार होना ही आपके बारे में नहीं बताता। इसलिए, अपनी जमीन पर जमें रहें।

# कैसे पाएं प्रोमोशन

**अप्रेजल का समय आने को है। इसके बहाने आप अपने कार्य की समीक्षा स्वयं भी कर सकते हैं। तो शुरुआत कीजिए इस कार्य की जो आपको इस वर्ष तरक्की के मार्ग पर आगे बढ़ाने जा रहा है। बता रहे हैं जोल गार्फिकल**

फर्ज करें आपके बॉस, आपके बॉस के बॉस और अन्य कंपनी एग्जीक्यूटिव्स एक साथ बैठकर आपके बारे में विचार कर रहे हों। इस दौरान वह आपके कार्य चरित्र, आपकी लीडरशिप क्वालिटीज, आपके प्रोजेक्ट्स, आपके अधीनस्थों, आपके द्वारा प्राप्त नतीजों और गत वर्ष के दौरान आपकी परफॉर्मेंस के बारे में चर्चा करते हैं। यह समिति एक बहुत महत्वपूर्ण नतीजा लेती है- आपको तरक्की मिलनी चाहिए या नहीं ? बेशक आपके संस्थान में इस कार्य से जुड़ा कोई अनौपचारिक तरीका न हो, लेकिन इस तरह की प्रक्रिया कमोबेश प्रत्येक छोटी या बड़ी कंपनी में होती है। दरअसल, इस प्रक्रिया के दौरान कुछ ऐसा होता है- प्रत्येक मैनेजर अपनी पसंद के प्रत्याशी को तरक्की प्राप्त करने के सबसे बड़े उम्मीदवार के तौर पर पेश करता है। उस समय समिति के अन्य सदस्य यह जानना चाहते हैं कि ऐसा क्यों है।

इसलिए ऐसे समय आपको एक ऐसे मैनेजर का सहयोग होना चाहिए जो आपके बारे में सही छवि पेश कर सके। आपके मैनेजर के साथ अन्य ऐसे मैनेजर्स और एग्जीक्यूटिव्ज भी होंगे जिन्होंने आपके साथ काम किया है, वह भी अपने विचार रखेंगे। इसलिए यह जरूरी हो जाता है कि वह आपका सकारात्मक और असरकारी रूप सामने रखें। जाहिर है जब प्रत्येक मैनेजर अपने प्रत्याशी के पक्ष में बात सामने रखेगा, उस समय प्रतिस्पर्धा बहुत सख्त हो जाएगी। प्रत्याशियों की संभावी तरक्की के बारे में अधिकारियों के बीच यह मंत्रणा ईमानदार और कड़वी भी हो सकती है। यदि आपको कोई पसंद नहीं करता, तो वह भी ऐसे समय स्पष्ट हो जाता है। कई बाद हालात उस समय सचमुच बिगड़ जाते हैं जब अपने प्रत्याशी को किसी भी कीमत पर तरक्की दिलाने पर उतारू कोई मैनेजर अन्य प्रत्याशियों की बढ़-चढ़ कर बुराइयां करने लगता है। तो तरक्की पाने का आपका मौका तब अधिक होता है जब आपको –

- हाई परफॉर्मेंस रिव्यूज मिले हों।
- आपने दिए गए सभी लक्ष्य प्राप्त कर लिए हों।
- आपने भावी सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने की शुरुआत कर दी हो।
- आपने टीम के कार्य पूरे कर दिए हों।
- कंपनी को बचत करने की विधि बताई हो।
- अतिरिक्त कार्यों की जिम्मेदारी ली हो।
- नए संबंध स्थापित किए हों।
- कार्य के दौरान ज्यादा देर तक काम किया हो।

परंतु कुछ बिंदु आपके खिलाफ भी जा सकते हैं यदि –

- समिति में सब आपको, आपके कार्य और उपलब्धियों से परिचित न हों।
- मंत्रणा के दौरान यदि ज्यादा लोगों ने आपके पक्ष में न बोला हो।
- आप दफ्तर की राजनीति से दूर रहते हों यानी आप समूचे 'खेल का हिस्सा' न हों।
- आपने दिए गए कार्य से अतिरिक्त कुछ और न किया हो।
- यदि नीति निर्धारक आपसे प्रभावित न हों और कम ही लोग आपके पक्ष में बात रख रहे हों।

यदि प्रोमोशन नहीं मिलती तब?

यदि ऐसा होता है तो तुरत-फुरत अपने रिज्यूमे अन्य स्थानों को भेजने न शुरू कर दें। इससे अनुभव लें और अगली बार के लिए तैयार रहें। कुछ उपाय-

### बॉस से सही फीडबैक लें

प्रोमोशन से जुड़ी मीटिंग की अधिकाधिक जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करें। आपके बॉस बेशक ऐसे समय कुछ बातें आपको नहीं बताएं, परंतु फिर भी वह बिना नाम लिए जरूरी जानकारी आपको दे सकते हैं।

### अपनी कमियों को भी जाहिर करें

रक्षात्मक न बनें। अपनी कमियों को दूर करने के लिए अपने बॉस के साथ काम करें। उदाहरण के लिए, यदि वरिष्ठ समूह कहता है कि आप वित्तीय मामलों में अधिक मजबूत नहीं हैं, तो कहें कि आप इस विषय में प्रशिक्षण लेने को तैयार हैं।

### अगली मीटिंग का इंतजार न करें

यह कभी न सोचें कि आपका कार्य अपनी पहचान खुद बनेगा। आपका लक्ष्य होना चाहिए कि मीटिंग रूम में सब को आपकी उपलब्धियों का पहले से पता हो। इसके लिए कंपनी के हित में आपके कार्य के बारे में नीति निर्माताओं को समझाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करें।

### तरक्की प्राप्त करने से जुड़े तीन उपाय

चूंकि अब आप जानते हैं कि इस दौरान 'खेल' खेला जाता है, तो प्रोमोशन प्राप्त करने से जुड़े कुछ उपाय जानिए।

### बॉस को करें तैयार

इस बात पर ध्यान दें कि आपके बॉस के पास आपकी उपलब्धियों से जुड़ी सभी जानकारी दस्तावेजों के रूप में मौजूद हो।

### बॉस को सहयोग दें

ऐसे कुछ बिंदुओं को तैयार करें जो बताएं कि आप क्यों आदर्श प्रत्याशी हैं। इन बिंदुओं के साथ अत्य तथ्यात्मक जानकारी भी दें जो कंपनी के हित से जुड़ी हो। कुछ बड़े ग्राहकों या उपभोक्ताओं से प्राप्त प्रशंसा पत्र आदि भी साथ रखें।

### अन्य लोगों की प्रतिक्रियाओं का पूर्वानुमान

अपने सहयोगियों का लाभ लें और विरोधियों द्वारा संभावी नुकसान का आकलन करें। अपने बॉस को यह भी सूचना दें कि आपने मंत्रणा कक्ष में मौजूद लोगों की किस तरह मदद की थी। यदि कुछ विरोधी तत्व आपकी नजर में हैं तो उनकी जानकारी भी बॉस को दें। उनसे आपके बॉस कैसे निपटें, इस पर विचार किया जाना जरूरी होता है।



# खूब पिएं गन्ने का जूस, होते हैं इतने सारे फायदे

गर्मी के मौसम में शरीर को ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है। पानी की कमी से शरीर को कई नुकसान होते हैं। गन्ने का जूस शरीर में पानी की कमी दूर करने का एक अच्छा विकल्प है। दुनिया में सबसे ज्यादा गन्ना भारत में पैदा होता है। गन्ने का जूस सस्ता होता है, आसानी से मिल जाता है। शरीर के लिए लाभदायक तत्वों से भरपूर गन्ने के जूस के सेवन से शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत होता है।



- अगर किसी को सर्दी-जुकाम की समस्या है तो उसे गन्ने का जूस पीने की सलाह दी जाती है। ऐसे कई रोग हैं जिनका इलाज गन्ने का जूस है। आइए जानते हैं गन्ने के जूस के सेवन शरीर को होने वाले फायदे।
- गन्ने का जूस आपकी किडनी को स्वस्थ बनाए रखने में काफी मदद करता है। इसका जूस डाईयूरेटिक होता है। इसे पीने से पथरी तक की समस्या का समाधान संभव है।
- आयुर्वेद के अनुसार गन्ने का जूस आपके लिवर के लिए बहुत लाभप्रद होता है। पीलिया रोग के मरीजों को भी गन्ने के जूस के सेवन से आराम मिलता है। गन्ने का जूस आपके शरीर से अवांछित पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है।
- गन्ने के जूस में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, आयरन और पोटैशियम जैसे शरीर के लिए लाभदायक तत्व पाए जाते हैं। इसके लगातार सेवन से व्यक्ति का शरीर मजबूत होता है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।
- आयुर्वेद के अनुसार गन्ने के सेवन से पेट संबंधी रोग दूर हो जाते हैं। एंटीऑक्सिडेंट गुणों से भरपूर गन्ने के सेवन से बदहजमी की समस्या से निजात मिलती है।

# सौंफ के फायदे

भारत के घरों में साधारणतः सौंफ का इस्तेमाल खाना खाने के अंत में किया जाता है, क्योंकि इसको खाने से मुंह की बदबू दूर होती है। सौंफ में तांबा आयरन, कैल्सियम, पोटैशियम, मैंगनीस, सिलीनीअम, जिंक और मैग्नेशियम जैसे मिनरल्स पाए जाते हैं। चलिए पता लगाते हैं कि सौंफ खाने के और कितने फायदे होते हैं-

**सांस की बदबू को दूर करता है:** सौंफ माउथ फ्रेशनर का काम करती है। इसमें कई तरह के सुगंधित तेल होते हैं जो मुंह से बदबू को दूर करता है। इसको चबाने से आपके मुंह में लार का उत्पादन बढ़ता है जो मुंह में छिपे हुए खाद्य पदार्थों को निकालकर हजम करने की क्रिया को शुरू करवाती है। एंटी-बैक्टिरीअल और एंटी इन्फ्लैमटोरी गुणों के अलावा ये सांसों के बदबू और मसूड़ों को संक्रमित करने वाले जीवों को नष्ट करती है।

**टिप:** खाना खाने के बाद सांस की बदबू को दूर करने के लिए सौंफ खाएं। अगर आपके मसूड़ों में संक्रमण है तो सौंफ के कुछ दानों को पानी में डालकर उबाल लें और उस काढ़े से गार्गल करें। इस काढ़े से नियमित रूप से गरारा करने पर सांस की बदबू दूर होती है।



बदहजमी, कब्ज और ब्लोटिंग से राहत दिलाती है। सौंफ बदहजमी को दूर करती है। जैसे ही आप सौंफ को चबाना शुरू करते हैं, इसमें जो जरूरी तत्व होते हैं, वे पाचन क्रिया का काम करना शुरू कर देते हैं। इसके साथ ही इसमें जो फाइबर होता है, वह मल को नरम करके कब्ज की समस्या को दूर करती है।

**मासिक धर्म के दर्द से राहत दिलाता है:** सौंफ श्रोणि और गर्भाशय की जगह में रक्त को नियमित व संतुलित रूप से प्रवाह करवाकर मासिक धर्म के दौरान दर्द से राहत दिलाती है। जर्नल ऑफ रिसर्च इन आयुर्वेद के अनुसार जो महिलाएं मासिक धर्म के दौरान सौंफ का सेवन करती हैं, उनको दर्द का कष्ट कम सहना पड़ता है।

**टिप:** एक पैन में जरूरत के अनुसार पानी लें और उसमें एक बड़ा चम्मच सौंफ डालकर उसको तब तक उबालें जब तक कि पानी का रंग न बदल जाए। उसके बाद काढ़े को छान लें। मासिक धर्म के दौरान गुनगुना गर्म काढ़े का सेवन करने से दर्द से राहत मिलती है।

**कैंसर की संभावना को कम करता है:** सौंफ मैंगनीस के अच्छे स्रोतों में एक है। शरीर जब इस मिनरल का इस्तेमाल करता है, तब एक शक्तिशाली एंटी-ऑक्सिडेंट एंजाइम सूपरऑक्साइड डिस्म्यूटेस का उत्पादन होता है, जो कैंसर की संभावना को कम करता है। सौंफ चबाने से त्वचा, पेट और स्तन कैंसर की संभावना कुछ हद तक कम होती है।

**अनिमिआ से रक्षा करती है:** सौंफ में आयरन, तांबा और हिस्टिडाइन तीनों भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जिससे शरीर में लाल रक्त कण का उत्पादन अच्छी तरह से हो पाता है। सौंफ का सेवन करने से शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ने लगती है, जिसके फलस्वरूप हिमोग्लोबिन की मात्रा भी बढ़ जाती है। रोजाना सौंफ खाना गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष रूप से लाभदायक होता है, क्योंकि ये अनिमिआ के बुरे प्रभाव से बचाती है।

**वाटर रिटेनशन को कम करता है:** सौंफ में मूत्रवर्द्धक गुण होने के कारण यह इडीमा होने से शरीर की रक्षा करती है। इसी गुण के कारण इसके नियमित सेवन से वजन भी घटता है। इडीमा होने के बहुत से कारण होते हैं, इसलिए सौंफ का इस्तेमाल करने के पहले सही वजह का पता पहले लगा लेना अच्छा होता है।

**क्या यह वजन घटाएगा:** सौंफ में मूत्रवर्द्धक गुण होता है। इसी कारण जब आप इसको अपने डाइट में शामिल करेंगे, तब यह आपके हजम शक्ति को सुधारने के साथ-साथ शरीर के चयापचय के रेट को बढ़ाकर वजन को घटाती है। जर्नल ऑफ डाइबीटिज एंड मेटाबॉलिक सिंड्रोम के अध्ययन के अनुसार सौंफ और काले मिर्च के मिश्रण का सेवन करने से इंसुलिन की संवेदनशीलता बढ़ती है और वजन घटता है। साथ ही ये कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करती है और मेटाबॉलिक सिंड्रोम और डाइबीटिज से बचाती है।

**टिप:** जरूरत के अनुसार सौंफ को भूनकर पीस लें। इसके पावडर को गर्म पानी में मिलाकर काढ़ा बना लें। अब इस काढ़े को दिन में दो बार खाली पेट खाने से बहुत ही अच्छा फल मिलता है।

**ब्लड-प्रेशर को नियंत्रित करती है:** जर्नल ऑफ फूड साइंस के अध्ययन के अनुसार सौंफ में नाइट्राइट और नाइट्रेट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। ये दोनों यौगिक नए रक्त कोशिकाओं के बनने और संख्या को बढ़ाने में सहायता करती है। अध्ययन से यह पता चला है कि ये लार में नाइट्राइट की मात्रा को बढ़ाकर नैचरल तरीके से ब्लड-प्रेशर को नियंत्रित करती है। इसके अलावा सौंफ में जो पोटाशियम की उच्च मात्रा होती है, ये कोशिका और बॉडी फ्लूइड की जरूरी तत्व में से एक है। ये तत्व हृदय की गति और ब्लड-प्रेशर को नियंत्रित करने में भी सहायता करती है।

## रेसिपी



### पंजाबी चना मसाला

**सामग्री**

काबुली चना: 1/2 कप ■ चाय की पत्तियां : 1 टीस्पून ■ टमाटर: 2 ■ प्याज बारीक कटा: 1 ■ अदरक-लहसुन का पेस्ट: 1½ टीस्पून ■ हरी मिर्च : 1 ■ लाल मिर्च पाउडर: 1/2 टीस्पून ■ हल्दी पाउडर: 1/4 टीस्पून ■ तेल: 3 टेबलस्पून ■ नमक स्वाद के अनुसार ■ कटा हुआ हरा धनिया: 2 टेबलस्पून ■ तेज पता का एक छोटा सा टुकड़ा ■ काली इलायची: 1 बड़ी ■ सूखे धनिए के बीज: 1 टीस्पून ■ जीरा: 1 टीस्पून ■ काली मिर्च:4-5 ■ सूखी लाल मिर्च: 1 ■ लौंग: 2

**विधि**

सफेद चने को रातभर या लगभग 8-10 घंटे के लिए पानी में भिगो दें। 1 टीस्पून चाय को एक सादे कपड़े में बांध दे और कुकर में चने के साथ रख दें। चाय के साथ ही इसमें नमक और पानी भी डालें। 4-5 सीटी आने तक पकाएं। उबले हुए चने में से एक्स्ट्रा पानी को एक कटोरे में छान लें, जिसका इस्तेमाल आगे करेंगे। तेज पत्ता, बड़ी इलायची, सूखे धनिए के बीज, जीरा, काली मिर्च, सूखी लाल मिर्च और लौंग कम आंच पर 1 मिनट के लिए भून लें। सूखा पंजाबी मसाला पाउडर बनाने के लिए भूने हुए मसालों को मिक्सी में बारीक पीस ले। टमाटर को मिक्सी में पीसकर प्यूरी बना लें। एक कड़ाही में मध्यम आंच पर तेल गरम करें। प्याज डालकर उसे सुनहरा होने तक भून लें। अब उसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट और कटी हुई हरी मिर्च डालकर 30 सेकंड के लिए भूनेंगे। टमाटर की प्यूरी और नमक डालें। तेल अलग होने लगे तब प्यूरी डालकर 4-5 मिनट पकाएं हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और सूखा मसाला पाउडर (स्टेप-4 में तैयार किया हुआ) डाले। उबले हुए चने, तैयार चना पेस्ट और 1 कप पानी (उबले हुए चने में से छाना हुआ) डाले और अच्छी तरह से मिलाएं। ग्रेवी को गाढ़ा होने तक पकने दे, उसमें लगभग 4-5 मिनट लगेंगे। तैयार है आपका पंजाबी चना मसाला।



### पिस्ता आईसक्रीम

**सामग्री**

- पिस्ता: आधा कप (पिसा हुआ)
- दूध:1 कप
- क्रीम: 2 कप (फेंटी हुई)
- चीनी: 3/4 कप
- वनीला एसेंस: डेढ़ टीस्पून
- पिस्ता: 2 टीस्पून बारीक कटा
- चॉको चिप्स: 2 टीस्पून

**विधि**

मिक्सिंग बाउल में दूध, वनीला एसेंस और चीनी डालकर ब्लेंडर से दो मिनट तक फेंट लें। फिर इसमें क्रीम डालें और दोबारा स्मूद होने तक फेंट लें। फिर इसमें पिसा हुआ पिस्ता डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद मिक्सचर को प्लास्टिक कंटेनर में डालकर प्लास्टिक शीट से उसे ढक दें और फिर कंटेनर को ढक्कन से बंद करके फ्रीजर में एक से डेढ़ घंटे तक रख दें। इसके बाद इसे फ्रीजर से निकालें और 10 मिनट बाद फिर से फेंट लें और दोबारा इसे फ्रीजर में 4-5 घंटे तक जमने के लिए रख दें। कटे हुए पिस्ते से गार्निशिंग करके सर्व करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर करेंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करें। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-1-4-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-2-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-3-5-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिलेगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-1-3-5

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-1-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

## हंसी के फूव्वारें

एक कवि की कविताएं कोई नहीं सुनता था आखिरकार एक दिन जब एक व्यक्ति ने उनकी कविता सुनी तो कवि ने उसका आभार मानते हुए कहा कि 'आप पहले ऐसे महानुभाव है जिन्होंने कि मेरी कविताएं इतने ध्यान से सुनी हैं.'

दूसरा व्यक्ति- 'जरा जोर से बोलिए मैं थोड़ा ऊंचा सुनता हूं.'

एक कैदी से मिलने जेल में कोई नहीं आता था,यह देख कर जेलर को उस पर दया आ गई उसने कैदी को बुलाकर पूछा कि 'क्या बात है तुमसे मिलने तुम्हारा कोई रिश्तेदार जेल में क्यों नहीं आता है ?'


कैदी- 'क्योंकि साहब वे सब भी तो यहीं ही है !'

दो मित्र आपस में बातें कर रहे थे. एक बोला- 'क्या यह ताज्जुब की बात नहीं कि रमेश के भाग्य ने उसका आखिर तक साथ दिया.'

'वह कैसे ?'


'खाना खाते हुए वह एक मोती निगल गया था.' मित्र ने पूरी बात बताते हुए कहा -'जब उसका ऑपरेशन करके वह मोती निकाला गया तो वह इतना कीमती निकला कि उसकी कीमत से न केवल आपरेशन का बिल ही चुक गया, बल्कि उसका क्रिया-कर्म भी ठाठ से सम्पन्न हुआ.'

## काकुरो पहेली - 4042




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो -4041 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली - 4042



**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, माधुरी की 'सात सुरों के तार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चांदी की साइकल' गीत वाली गोविंदा, जूही चावला की फिल्म-२
५. अक्षय, करिश्मा की 'गोरी कँवारी सो हसीना का' गीत वाली फिल्म-३
७. नसीरुद्दीनशाह, जैकी, नगमा, शिल्पा की एक फिल्म-२
८. फिल्म 'जाल' की नायिका कौन थी-२
९. 'आयेगा आनेवाला' गीत वाली अशोककुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१०. फिल्म 'हीरा पन्ना' में देव आनंद के किरदार का नाम क्या था-२
११. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुलराय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१३. जैकी श्राफ, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
१५. दक्षिण की फिल्म 'थेवर मगन' किस भाषा में बनी थी ?-३
१७. 'वीरू' 'जय' और 'बसंती' आदि किस सुपर हिट फिल्म के पात्र हैं-२
१८. 'दिल है प्यारे जरा' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'अनकही' के गीत 'आँखों में अनजाने' का गायक कौन है-२
२०. 'आते आते तेरी याद' गीत वाली संजयदत्त, अनिता की फिल्म-२,१,२
२२. अमिताभ, जीनत की 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली फिल्म-२
२३. फिल्म 'सलाखें' में नायक कौन था-२
२५. 'क्यूं आँचल हमारा गिरा' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-२
२६. गीत 'दिल के अरमां आँसुओं में' की गायिका कौन है-३
२८. 'काट दिये नाम सब' गीत वाली फिल्म-३
२९. फिल्म 'रॉकी' की नायिका कौन थी-२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'सजना के सामने मैं तो गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अजय देवगन, आयशा जुल्का, करिश्मा कपूर की 'बेशक तुम मेरी मुहब्बत हो' गीत वाली फिल्म-३
२. 'मेरी छतरी के नीचे आजा' गीत वाली धर्मेन्द्र, आदित्य, नसीरुद्दीन शाह, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
४. अशोक, प्रदीप, मीना कुमारी की 'दिल जो कह न सका' गीत वाली फिल्म-२,२
६. 'एक तो ये बैरी सावन' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
११. विश्वजीत, माला की 'रोकना है अगर रोक लीजे मगर' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'मुर्गी ने झूठ बोला' गीत वाली किशोरकुमार, साधना की फिल्म-४
१४. कंवलजीत, वहीदा की 'तुम अपना रंजोगम' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'गुरू' में नायक कौन था-३
१७. मनोजकुमार, नंदा, जया की 'पानी रे पानी तेरा रंग कैसा' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'सावन बरसता है तुझसे मिलने को' गीत वाली मिथुन, मीनाक्षी की फिल्म-४
२०. जीतेंद्र, रीना राय की 'तेरे हाथों में पहनाके चूड़ियां' गीत वाली फिल्म-२,३
२१. आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी की फिल्म-३
२४. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'हो जाता है प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'पानी पानी रे खारे पानी रे' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली -4041



## सूडोकु -4042


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु 4041 र हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## शब्द पहेली - 4042




**बाएँ से दाएँ**

1.छुट्टी,रजा-4
3.वध,आघात-4
5.दशानन-3
7.अनमोल,अनूठा-3
8.अनाथ,बेसहारा-3
10.खजूर-3
11.रहम करना-2,3
14.गहराई नापना-2,3
17.लगातार,सतत-5
20.संतुष्ट होना-2,3
23.बीच में,दौरान-3
24.खुश,आनंदित-3
25.शिक्षा-3
26.शोक-3
27.जांचना,परखना-4
28.धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2.मयखाना,मधुशाला-5
3.प्रेमकहानी-5
4.चापलूसी-4
6.नटना,वचन तोड़ना-4
7.फिजूल,व्यर्थ-3
9.अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12.गुजर करना-3
13.वेग,गति-3
15.खूबसूरत-3
16.पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17.गुजारिश,मांग-4
18.सुअर-3
19.गुस्सा होना-5
20.ममतापूर्ण-5
22.अयोग्य, असंगत-4

### शब्द पहेली 4041 का हल



## राजकीय सम्मान के साथ बुद्ध के पवित्र अवशेष वियतनाम के लिए रवाना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय संग्रहालय से राजकीय सम्मान के साथ बुद्ध के पवित्र अवशेष को वियतनाम के लिए रवाना कर दिया गया। गुरुवार की शाम बुद्ध के पवित्र अवशेष को हिंडन एयर बेस से वियतनाम के लिए रवाना किया गया। रास्ते में बौद्ध भिक्षु मंत्रोच्चार और प्रार्थना की। हवाई अड्डे पर विदाई के लिए वायुसेना का विशेष गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उल्लेखनीय है कि संस्कृति मंत्रालय पहली बार वियतनाम में सारनाथ के पवित्र बुद्ध अवशेष की प्रदर्शनी आयोजित कर रहा है, जो संयुक्त राष्ट्र दिवस वेसाक 2025 के भव्य समारोह के दौरान आयोजित की जाएगी। यह प्रदर्शनी अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के सहयोग से आयोजित की जा रही है। अवशेष को सारनाथ के मूलगंध कुटी विहार से औपचारिक रूप से दिल्ली लाया गया, जहां से वियतनाम ले जाया गया। अवशेष को वरिष्ठ भिक्षुओं की देखरेख में भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से हो ची मिन्ह सिटी ले जाया जाएगा। यह प्रदर्शनी वियतनाम के चार शहरों में 22 मई तक आयोजित की जाएगी। मंत्री किरेन रिजिजू और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के महासचिव, आदरणीय शार्त्से खेंसुर रिनपोछे जंगचुप चोएडेन के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल पवित्र प्रदर्शनी समारोह में भाग लेंगे।

## अवैध मदरसों और अतिक्रमणों पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी

**लखनऊ।** भारत-नेपाल सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रशासनिक स्तर पर अवैध मदरसों, मस्जिदों और अन्य धार्मिक स्थलों के खिलाफ व्यापक अभियान निरंतर जारी है। योगी सरकार के निर्देश पर सीमावर्ती इलाकों में राजस्व और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीमों ने कई स्थानों पर छापेमारी कर अवैध कब्जों को चिन्हित किया। इन पर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। बिना मान्यता और मानक विहीन रूप से संचालित मदरसों को सील किया जा रहा है तथा सरकारी भूमि पर बने अवैध धार्मिक स्थलों को ध्वस्त किया जा रहा है। अब तक सैकड़ों अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की जा चुकी है और यह अभियान लगातार जारी है। जनपद श्रावस्ती में अवैध रूप से चल रहे पांच मदरसों को सील किया गया। अब तक कुल 41 के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं, नेपाल बॉर्डर के 15 किलोमीटर के दायरे में अस्थायी और स्थायी अतिक्रमण की बेदखली की कार्रवाई की गई। ऐसी 8 कार्रवाई की गई, जबकि इससे जुड़ी कुल 139 कार्रवाई हुई। ग्राम भरथा, रोशनगढ़, परगना व तहसील भिनगा में सरकारी भूमि पर मस्जिद थी, जिसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। जनपद बलरामपुर में 8 मदरसे को नोटिस दिया गया है।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ईस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक में हिस्सा लेने 10 मई को आएंगे रांची

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 10 मई को ईस्टर्न जोनल काउंसिल (पूर्वी क्षेत्र परिषद) की बैठक में हिस्सा लेने रांची आएंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में झारखंड के अलावा बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों के अलावा चारों राज्यों के मुख्य सचिव सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। बैठक की सुरक्षा को लेकर रांची पुलिस तैयारियों में जुट गई है। राजधानी में पुलिस की ओर से सुरक्षा ड्रिल शुरू कर दी गई है। इसे लेकर डीआईजी सह रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली।

## भाखड़ा नंगल डैम पर पंजाब पुलिस का कब्जा, बीबीएमबी के कर्मचारियों को लौटाया

**चंडीगढ़।** हरियाणा व पंजाब के बीच चल रहे भाखड़ा जल विवाद के बीच पंजाब पुलिस ने भाखड़ा डैम के कार्यालय परिसर पर कब्जा कर ताला जड़ दिया है। हरियाणा को पानी छोड़ने के लिए डैम पहुंचे बीबीएमबी के कर्मचारियों को वापस लौटा दिया गया। विवाद के चलते भाखड़ा डैम के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर डैम की तरफ जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया गया है। पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरजोत बैंस साथियों के साथ भाखड़ा पुल पर पानी की रखवाली के लिए बैठ गए हैं। दरअसल, रातभर चंडीगढ़ स्थित बीबीएमबी के कार्यालय में बैठकों का दौर चलता रहा, जिसमें फैसला लिया गया कि हरियाणा को अतिरिक्त पानी छोड़ा जाएगा। इसके बाद से राज्य में राजनीति गरमा गई। पंजाब में सत्तारूढ. आम आदमी पार्टी के मंत्रियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने पर भाजपा सरकार का विरोध किया। केन्द्र सरकार के निर्देश पर भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) ने पंजाब कैडर से यहां तैनात भाखड़ा डैम के डायरेक्टर (वाटर रेगुलेशन) इंजी. आकाशदीप सिंह को हटा दिया। उनकी जगह अब इंजी. संजीव कुमार को डायरेक्टर रेगुलेशन नियुक्त किया गया है। संजीव हरियाणा के कोटे से बोर्ड में नियुक्त हैं। संजीव इससे पहले डैम सेफ्टी के डायरेक्टर थे। उनकी जगह पर इस डैम सेफ्टी के डायरेक्टर पद पर आकाशदीप को नियुक्त कर दिया गया है। ऑर्डर में दावा किया गया है कि यह फैसला आकाशदीप की ही मांग पर किया गया है। इसके कुछ समय बाद बीबीएमबी में सेक्रेटरी पद पर तैनात हरियाणा के अधिकारी सुरिंदर सिंह मित्तल को भी हटा दिया गया। अब सेक्रेटरी का चार्ज पंजाब कोटे के बलवीर सिंह को दे दिया गया है।

# बाबा केदारनाथ के कपाट खुले, मुख्यमंत्री धामी शामिल हुए प्रथम पूजा में

### प्रधानमंत्री मोदी के नाम से पहला संकल्प लिया

एजेंसी

**देहरादून।** भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाथ के कपाट बृष लग्न पर सुबह सात बजे विधि-विधान के साथ खोल दिए गए। इस मौके पर सेना की भक्तिमयी धुनों और भक्तों के जयकारों समुची केदारपुरी जयकारों से गूंज उठी। लगभग 15 हजार श्रद्धालु कपाटोद्घाटन के साक्षी बने। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंदिर की प्रथम पूजा में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहला संकल्प लिया। मुख्यमंत्री ने कपाट खुलने पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। आज सुहावने मौसम और मंद-मंद हवा के बीच मेरू-सुमेरू पर्वत श्रृंखला की तलहटी पर मंदाकिनी और सरस्वती नदी के मध्य में



विराजमान केदारनाथधाम में तड़के 3 बजे से ही श्रद्धालु जुटने लगे थे। सुबह पांच बजे तक मंदिर परिसर भक्तों से सरोबार हो गया था। बाबा केदार के जयकारों के बीच सुबह 6:30 बजे रावल भीमाशंकर और मुख्य पुजारी बागेश लिंग चांदी की प्रभा के साथ मंदिर के दक्षिण द्वार पर पहुंचे। यहां पर श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्यधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल और अन्य कार्मिकों ने उनकी अगवानी की। इसके उपरांत बीकेटीसी के सीईओ ने मंदिर के कपाटोद्घाटन की प्रक्रिया से अवगत कराया।

सभी धार्मिक औपचारिकताओं और परंपराओं के निर्वहन के उपरांत सुबह सात बजे बृष लग्न पर भगवान श्रीकेदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए गए।कपाटोद्घाटन के समय लगभग 15 हजार श्रद्धालु मंदिर परिसर में मौजूद रहे।

इसके उपरांत मंदिर के गर्भगृह में मुख्य पुजारी बागेश लिंग ने भगवान केदारनाथ को समाधि रूप से जागृत किया और अन्य परंपराओं का निर्वहन किया। लगभग साढ़े आठ बजे से भक्तों को गर्भगृह के दर्शन कराए गए। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंड़े, उप जिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला सहित बीकेटीसी के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## बाघों के ट्रांसलोकेशन के तहत कॉर्बेट रिजर्व से राजाजी पार्क लाया गया पांचवा बाघ

एजेंसी

**हरिद्वार।** वन्यजीव संरक्षण व संवर्धन को लेकर राजाजी टाइगर रिजर्व ने एक कदम और बढ़ाया। बाघों के ट्रांसलोकेशन के तहत पांचवे बाघ को जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से आज मोतीचूर रेंज लाया गया। इस महत्वपूर्ण मिशन को लेकर राजाजी एवं जिम कॉर्बेट के अधिकारी पिछले कई दिनों से जुटे थे। बीते चार दिनों से नर बाघ को कैप्चर करने के लिए कॉबेट की टीम जुटी थी। आखिरकार कठिन प्रयासों से नर बाघ को कैप्चर कर, सफलता पूर्वक मोतीचूर लाया गया। जल्द ही इसका परिक्षण कर इसे यहां से रिलीज कर दिया जाएगा। इससे पूर्व कॉर्बेट से चार बाघो को यहां लाया जा चुका है।वर्ष 2018 मे एनटीसीए के निर्देश के बाद राजाजी के पश्चिमी छेत्र मे बाघो के ट्रांसलोकेशन की योजना बनी थी। इसके तहत मोतीचूर रेंज मे टाइगर बाड़े का निर्माण किया गया था। कठिन परिश्रम व तमाम उतार चढ़ाव के बाद आखिरकार पाँचवे बाघ को आज यहां सफलतापूर्वक लाया गया। इस मौक़े पर चीफ वाइल्ड लाइफ



वार्डन व पार्क निदेशक ने मौक़े पर ही टाइगर को बाड़े मे रीलीज किया। उम्मीद है की इस बाघ के यहां आ जाने के बाद इस क्षेत्र मे बाघो का कुनबा तेजी से बढ़ेगा। राजाजी टाइगर रिजर्व के निदेशक कोको रोसे ने बताया कि कॉर्बेट से सफलतापूर्वक इस बाघ को लाया जा चूका है, कुछ परिक्षण के बाद इसे जंगल मे रिलीज कर दिया जाएगा।

## राजस्थान के पाली में सड़क हादसा, परिवार के चार सदस्यों की मौत, तीन की हालत गंभीर

एजेंसी

**पाली।** राजस्थान के पाली जिले के सुमेरपुर क्षेत्र में आज तड़के सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 3:15 बजे ब्यावर-पिंडवाड़ा हाइवे पर जाखा नगर बाइपास के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। सुमेरपुर के सदर थाना प्रभारी भगाराम मीणा के अनुसार, प्रारंभिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि कार चालक को झपकी आ गई थी, जिससे उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और कार सीधे ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग एक ही परिवार से थे और पाली जिले के खिंवाड़ा थाना क्षेत्र के डायलाना कलां गांव के निवासी थे। मृतकों में सुरेश रावल (49 वर्ष) पुत्र सोहनलाल




रावल, सीता देवी (45 वर्ष) पत्नी सुरेश रावल, प्रह्लाद (14 वर्ष) पुत्र सुरेश रावल और विष्णु (14 वर्ष) पुत्र उत्तम रावल शामिल है। हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं, जिनका सुमेरपुर के अस्पताल में इलाज जारी है। घायलों में अनिता (38 वर्ष) पत्नी प्रवीण रावल, दिया (18 वर्ष) पुत्री प्रवीण रावल और हर्षिता (18 वर्ष) पुत्री सुरेश रावल है। परिवार के सभी सदस्य मुंबई से अपने गांव डायलाना कलां लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार, ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर है।

## दिल्ली-एनसीआर में तेज बरसात से मौसम खुशगवार, हवाई यातायात प्रभावित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर में आज सुबह तेज हवा के साथ पानी बरसने से मौसम सुहावना हो गया। आंधी और तेज बारिश का सिलसिला आधी रात बाद शुरू हुआ। इस वजह से दिल्ली, सीमवर्ती गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम के लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। देश की राजधानी में कई जगह जलभराव होने से सड़क यातायात प्रभावित हुआ है। दिल्ली में कई फ्लाइट का मार्ग बदला गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने चार मई तक पूर्वी और मध्य भारत में गरज, बिजली, ओलावृष्टि और तेज हवा के साथ बरसात होने का पूर्वानुमान जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस संबंध में सेटेलाइट से प्राप्त छवि भी जारी की है। इसमें देश के कई हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। दिल्ली के मोती बाग, लाजपत नगर, द्वारका अंडरपास,



कनाट प्लेस के मिंटो रोड, धौलाकुआं आदि हिस्सों में पानी भर जाने से यातायात प्रभावित हुआ है। सुबह साढ़े छह बजे से सात बजे तक शाहदरा इलाके में श्यामलाल कालेज चौराहे जाम लगा रहा। मिंटो रोड पर भी कमोबेश ऐसी ही स्थिति रही। हरियाणा के झज्जर में तेज बरसात होने से भगत सिंह चौक यातायात में रुकावट पड़ने की सूचना है। इस बीच दिल्ली में खराब मौसम के कारण एक फ्लाइट को अहमदाबाद और दो फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट किया गया है। कई अन्य फ्लाइट में देरी हुई है। दिल्ली एयरपोर्ट के सूत्रों के अनुसार, अगर ऐसा ही मौसम रहा तो और उड़ानें भी प्रभावित हो सकती है।

## पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर फिर तोड़ा संघर्ष विराम, इस बार कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, नौशेरा और अखनूर में की गोलीबारी

एजेंसी

**श्रीनगर।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान की फौज लगातार नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर भारतीय सेना को उकसाने की हरकत करने से बाज नहीं आ रही। भारतीय सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान सेना की चौकियों की गोलीबारी का माकूल जवाब दिया गया। इस अधिकारी के अनुसार, 01-02 मई की रात पाकिस्तान की सेना ने नियंत्रण रेखा के पार जम्मू-कश्मीर के केंद्रशासित प्रदेश के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, नौशेरा और अखनूर क्षेत्रों में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना के जवानों ने संयमित और उचित तरीके से जवाब दिया। भारतीय सेना के अनुसार, 30 अप्रैल और 01 मई की रात को भी



पाकिस्तान सेना की चौकियों ने जम्मू और कश्मीर के केंद्रशासित प्रदेश के कुपवाड़ा, उरी और अखनूर के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू की। भारतीय सेना ने तत्काल उचित जवाब दिया। 29-30 अप्रैल की रात भी पाकिस्तान के सैनिकों ने नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों में छोटे हथियारों से अकारण गोलीबारी कर भारत की सेना को उकसाया। पाकिस्तान की तरफ से गोलीबारी की घटनाएं कश्मीर घाटी के बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में एलओसी पर भी सामने आई हैं। जम्मू जिले के परगवाल सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भी फायरिंग की गई। प्रारंभ में गोलीबारी कुपवाड़ा और बारामूला से शुरू हुई, जो बाद में पुंछ और अखनूर, फिर सुंदरबनी और नौशेरा तक फैल गई। इसके साथ ही परगवाल सेक्टर में भी गोलीबारी की खबरें आईं, जो पिछले सप्ताह के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पहली घटना मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। तब से पाकिस्तान एलओसी पर लगातार अकारण गोलीबारी कर रहा है। इसके मद्देनजर सेना और सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी है। इन क्षेत्रों के नागरिकों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है। तनावपूर्ण माहौल के बीच सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की गई है।

## फरीदकोट में गिरा पाकिस्तानी गुब्बारा, जांच शुरू

**चंडीगढ़।** पंजाब के फरीदकोट में एक किसान के घर में पाकिस्तान लिखा हुआ गुब्बारा गिरने से अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने गुब्बारे को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पंजाब के सीमावर्ती जिलों में इस तरह की घटनाएं पहले भी होती रही हैं। सुबह से ही सीमावर्ती जिलों में धूलभरी आंधी चल रही थी। इसी दौरान फरीदकोट के गांव रामेआना में किसान रणजीत सिंह के घर एक हरे रंग का जहाजनुमा गुब्बारा पड़ा मिला। करीब डेढ़ फुट लंबे इस गुब्बारे में गैस भरी हुई थी। रणजीत सिंह ने जब गुब्बारे को ध्यान से देखा तो पाया कि उस पर पाकिस्तान लिखा हुआ था, जिसके उसने पुलिस को सूचित किया। फरीदकोट के एसपी हेडक्वार्टर मनविंदरबीर सिंह ने बताया कि किसान रणजीत सिंह की शिकायत के बाद पुलिस ने गुब्बारे को जब्त करके थाना जैतो में डीडीआर दर्ज कर ली है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि यह बच्चों के खेलने का गुब्बारा है और उस पर पाकिस्तान लिखा हुआ है। फिलहाल पुलिस द्वारा जांच की जाएगी कि यह गुब्बारा अपने आप सीमा पार से उड़ा था या फिर यह किसी की शरारत है।

**इसी दौरान फरीदकोट के गांव रामेआना में किसान रणजीत सिंह के घर एक हरे रंग का जहाजनुमा गुब्बारा पड़ा मिला। करीब डेढ़ फुट लंबे इस गुब्बारे में गैस भरी हुई थी।**

## राजधानी रायपुर में तेज धूल भरी आंधी चली, दीवार गिरने से पति-पत्नी की मौत, कई जगह पेड़ और होर्डिंग्स गिरे

एजेंसी

**रायपुर।** राजधानी में गुरुवार दोपहर के बाद मौसम ने अचानक रुख बदल लिया। छत्तीसगढ़ में आज अचानक मौसम का मिजाज बदलने से कई जगहों में आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई। राजधानी रायपुर में तेज धूल भरी आंधी चली।करीब 70 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने से कई जगह पेड़ और होर्डिंग्स गिर गए।रायपुर सिमगा मार्ग पर एक टोल प्लाजा की शेड उड़ गई,राखीजोपा में दीवार गिरने से पति पत्नी की मौत हो गई।वहीं कोटा के डीएन टावर के पास आंधी-तूफान की वजह से शिवमहापुराण कथा का पंडाल टूटकर तहस-नहस हो गया, जिसकी चपेट में आने से कई लोगों के घायल होने की आशंका जताई जा रही है।शाम से देर रात तक कई घंटों तक शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली गायब रही।उसके बाद



अवरोधों के साथ बिजली की आपूर्ति होते रही। मौसम वैज्ञानिक वाणी कांचीभोटला बताया कि रायपुर में तेज हवाओं के साथ आंधी तूफान का असर देखा गया। 70 किमी की रफ्तार से हवाएं चली। आंधी और तूफान के चलते शहर में घना अंधेरा छा गया।रायपुर में तेज आंधी-तूफान के चलते पूरे शहर की बिजली चली गई। ऐसी परिस्थितियों में सरकारी दफ्तरों में काम प्रभावित न हो, इसके लिए जनरेटर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।मौसम विभाग अंधेरे में डूबा रहा। इस बीच सारे मॉनिटरिंग सिस्टम बंद रहे और कोई भी अपडेट अधिकारियों को नहीं मिली। शहर के देवेंद्र नगर में आंधी-तूफान से सड़क पर राहगिरों के लिए बना शेड गिर गया। इसमें कई कार नीचे दब गई। घटना के बाद मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और लोगों का रेस्क्यू किया गया। वहीं जेसीबी की मदद से टीन शेड हटाने का काम किया गया ।इस दौरान मौके पर पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा भी मौजूद रहे।तेज आंधी-तूफान की वजह से राजधानी रायपुर के करीब सिमगा टोल गेट का शेड भी गिर गया। राहत की बात रही की किसी के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ लेकिन यातायात बाधित हुई।तेज आंधी और तूफान में बेमेतरा जिले में भी जमकर तबाही मचाई।

## वक्फ का संशोधन मुस्लिमों का विकास करेगा: डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल

एजेंसी

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान को लेकर महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य 1 से 10 मई तक चलने वाले वक्फ जनजागरण अभियान की रणनीति तय करना था। इसके तहत भाजपा मुस्लिम समाज के बीच जाकर वक्फ संशोधन बिल के फायदे बताएगी और जनजागरूकता फैलाएगी। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि वक्फ अधिनियम में संशोधन हुआ तो इसका मतलब ये नहीं कि हम इसके विरोधी हैं बल्कि हम ही अकेले हैं जो वक्फ के समर्थक हैं।



उन्होंने कहा कि वक्फ का संशोधन मुस्लिमों का विकास करेगा, उन्हें विकसित भारत की परिकल्पना के साथ जोड़ेगा। मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि मुस्लिम कमजोर रहे ये विपक्षी दल चाहते रहे हैं ताकि वो उनका चुनावी राजनीति में उपयोग करते रहे। कांग्रेस ने इतने लंबे शासन बावजूद उनके लिए कुछ नहीं किया। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में इसका खुलासा भी किया गया। वक्फ की कमाई के बारे में भी इस रिपोर्ट में महत्वपूर्ण तथ्य लिखे गए है। 6 लाख एकड़ की जमीन से 12 हजार करोड़ की आय सालाना होनी चाहिए थी।उसमें लिखा गया जिन्हें वक्फ की संपत्ति संभालने का जिम्मा मिला उन्होंने लूट मचाई। जमीन को कम किराए में देकर रिश्वत ली जाती रही। वक्फ के भ्रष्टाचार में मुतवल्लियों के साथ साथ वक्फ के पदाधिकारी भी शामिल रहे हैं। अग्रवाल ने कहा कि सच्चर कमेटी ने ये सब ठीक करने की अनुशंसा की, कमाई बढ़ाने की अनुशंसा की और कहा कि बूढ़े लोगों के इलाज, अनाथ और विधवाओं के जीवन को बेहतर बनाने इसका उपयोग हो लेकिन कांग्रेस ने सरकार में रहते इस हेतु ऐसा कोई कार्य नहीं किया जिसे सच्चर कमिटी ने कहा था बल्कि 2013 में एक संशोधन कर इस लूट को बढ़ाने के प्रावधान किए। वक्फ की जमीनों से 12 हजार करोड़ की आय होती और मुसलमानों का जीवन कितना बेहतर होता। उन्होंने कहा कि आज लगभग 38 लाख एकड़ जमीन वक्फ के पास है इससे 1 लाख करोड़ की आय होनी चाहिए लेकिन हों रही है 163 करोड़।

## पाकिस्तान को आंतकवादी देश घोषित करें, दिनेश फलाहारी महाराज ने डोनाल्ड ट्रंप को खून से लिखी चिट्ठी

एजेंसी

**मथुरा।** जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से देश के लोगों में आक्रोश है। पूरे देश में विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है।आतंकवाद और पाकिस्तान आतंकवादी देश घोषित करने की मांग दिनेश फलाहारी महाराज ने उठाई हैं, जिसको लेकर उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को खून से पत्र लिखा है।श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य पक्षकार दिनेश फलाहारी महाराज ने अपने खून से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पत्र लिखा है। कहा कि वह पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित कर दें। उन्होंने लिखा, पाकिस्तान आतंकवादियों का अड्डा बन गया है। सैकड़ों आतंकवादियों के शिविर पाकिस्तान में मौजूद हैं। आपने आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान में घुसकर मारा था। आपके परम मित्र मोदी जी ने भी आतंकवादियों पर पाकिस्तान में घुसकर स्ट्राइक की थी। संपूर्ण विश्व में पाकिस्तानी आतंकवादी निर्दोष लोगों की हत्या करके आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। अगर आप पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करने में सहयोग करेंगे तो संपूर्ण विश्व में आतंकवादी घटनाएं समाप्त हो जाएंगी। फलाहारी महाराज ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप, आप आतंकवादियों के विरोधी हैं। संपूर्ण विश्व की नजर आपकी तरफ है। यही नहीं उन्होंने ये भी कहा कि अगर आप संपूर्ण विश्व में शांति चाहते है।

## ऐतिहासिक अन्यायों को सुधारने का साहस और संकल्प है मोदी में: डॉ. जितेंद्र सिंह

एजेंसी

**रायपुर।** केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने रायपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'साहस और संकल्प शक्ति' की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने पहले की सरकारों द्वारा किए गए ऐतिहासिक अन्यायों को सुधारने का कार्य किया है। उन्होंने अनुच्छेद 370 की समाप्ति, ट्रिपल तलाक का उन्मूलन और अब वक्फ से संबंधित कानूनों में सुधार को इसके उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया।रायपुर के सभागार में डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक ऐसी राजनीतिक संस्कृति की शुरुआत की है, जो धर्म से ऊपर उठकर समाज के सभी वर्गों के लिए न्याय को प्राथमिकता देती है। कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने मुस्लिम समुदाय का उपयोग केवल वोट बैंक के रूप में किया, समाज में विभाजनकारी सोच को बढ़ावा दिया और तुष्टीकरण की राजनीति को संस्थागत रूप दिया। उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री मोदी ने इसके विपरीत मुस्लिम समुदाय को गरिमा, अधिकार और विकास देकर उनके साथ हुए अन्याय को दूर करने का प्रयास किया



है। वक्फ संपत्तियों और उनसे जुड़ी विवादास्पद परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के दौरान वक्फ की जमीनों की बड़े पैमाने पर हेराफेरी की गई, जिसे नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा, वक्फ की जमीन गरीबों के कल्याण के लिए थी, लेकिन आज उस पर फाइव-स्टार होटल और मॉल खड़े हैं। इसका लाभ किसे मिला? आम मुस्लिम को तो नहीं। पूर्व सरकार ने धार्मिक प्रावधानों की आड़ में ज़मीन हड़पने को कानूनी जामा पहनाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा संशोधित वक्फ कानून पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय को सुनिश्चित करने के लिए लाए गए हैं। यह कानून यह सुनिश्चित करता है कि अब वक्फ के तहत दावा की गई किसी भी भूमि को सार्वजनिक रूप से अधिसूचित किया जाएगा और रजिस्ट्रेशन से पहले यदि कोई आपत्ति हो, तो उसे सुना जाएगा। जब तक किसी के पास छिपाने को कुछ न हो, तब तक इससे किसी को क्या समस्या हो सकती है? सुधारों पर सवाल उठाने वालों की आलोचना करते हुए डॉ. सिंह ने कहा, यह वही मानसिकता है जिसने ट्रिपल तलाक कानून का विरोध किया था।

# सांख्य का क्रियात्मक रूप है योग



**प्राचीन काल में हमारे ऋषियों ने योग को अनुभव किया और इसके महत्व को पहचाना. इसके बाद उन्होंने समाज के कल्याण के लिए इस पद्धति को विकसित किया. उन्होंने इसे इतने सुंदर और तार्किक ढंग से प्रस्तुत किया कि यह आधुनिक समाज में भी लोकप्रिय है.**

भारतीय दर्शन को षडदर्शन जैसे– मीमांसा, वेदांत, न्याय, वैशेषिक, सांख्य और योग कहे जाते हैं. सांख्य और योग, प्राचीन वैदिक तथा वेदांत फिलॉसफी हैं. इन दोनों दर्शनों ने भूमंडल के सभी विद्वानों को अपने दर्शन से चकित कर दिया है. सांख्य के आचार्य ऋषि कपिल और योग के हिरण्यगर्भ हैं. दोनों दर्शन एक दूसरे के पूरक माने जाते हैं. योग सांख्य का क्रियात्मक रूप है. यह तत्व ज्ञान को स्वयं अनुभव करना सिखा कर मनुष्य को अपने अंतिम लक्ष्य तक पहुंचाता है.

आयुर्वेद का स्तंभ है योग

हिरण्यगर्भ के सूत्रों के आधार पर महर्षि पतंजली ने योग सूत्र का निर्माण किया था. पतंजली मुनि के अनुसार योग से अंत-करण, पद से वाणी और आयुर्वेद से मल को दूर किया जाता है. योग को आयुर्वेद का मूलाधार स्तंभ भी माना जाता है. यह योग प्रक्रिया के आधार पर ही है. प्राचीन काल में ऋषियों ने पहले इससे स्वयं साक्षात्कार किया और इसे अनुभव किया. इसके बाद लोक समाज के लिए इसे ग्राह्य एवं उपयोगी बनाने के लिए क्रमिक अभ्यास की विधियां विकसित की. इसके ज्ञान को उन्होने इस सुंदर और तार्किक तरीके से प्रस्तुत किया कि यह आज वैज्ञानिक युग में भी लोकप्रिय है. विद्वानों ने इसे आधुनिक समाज की आवश्यकताओं एवं जीवनशैली के अनुरूप बनाने का प्रयास किया है, जिससे लोग व्याधि मुक्त, तनाव मुक्त, स्वस्थ, संतुष्ट एवं श्रेष्ठ जीवन व्यतीत कर सकें. योग दर्शन पर भाष्य रची गयी हैं, जिनमें व्यास भाष्य, तत्व बैशारदी, योग वर्तिका, योग सार आदि प्रमुख हैं.

योग की हैं अनेक पद्धतियां – पतंजली मुनी का अष्टांग योग, महर्षि धेरंड द्वारा रचित धेरंड संहिता में सप्तांग योग, गोरखनाथ रचित गोरक्षशतक में षडांग योग की चर्चा है. इसका अर्थ यह है कि समय एवं आवश्यकता के अनुसार लोगों ने योग की कुछ पद्धतियों को प्रचलित किया. परंतु आधुनिक काल में पतंजली का अष्टांग योग ज्यादा लोकप्रिय है. ये यम( आत्मसंयम), नियम ( आत्मशोधन के नियमों का पालन), आसन ( शारीरिक मुद्रा), प्राणायाम ( श्वास–प्रश्वास का नियमन), प्रत्याहार( इंद्रियों को उसके विषय से रोकना), धारणा( चिंतन), ध्यान ( तल्लीनता) और समाधि( पूर्ण अंतरतन्मयता) हैं. इस प्रकार योग ऐसी पद्धति है, जिससे व्यक्ति अपने भीतर छिपी शक्तियों को संतुलित रूप से विकसित कर सकता है. यह पूर्ण स्वानुभूति कराने का साधन प्रदान करता है. आत्मा को सर्व व्यापी परमात्मा से जोड़ने के साधन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है. इसलिए महर्षि पतंजली को चित्त वृत्तियों का निरोध बताया है.

जीवन ही योग है

सरलतम शब्दों में जीवन ही योग है. हमारे दैनिक कर्म ही योग हैं. योग का लक्ष्य समन्वित व्यक्तित्व का विकास है. यह शारीरिक, मानसिक उत्थान के लिए है. दुखी मानवता के लिए यह मनो दैहिक चिकित्सा पद्धति के रूप में एक वरदान है. सत्य खोजने वालों के लिए ईश्वरानुभूति की सीधी राह है. वस्तुत- योग पूर्णता की योजना है. योग आत्मसाक्षात्कार का एक मार्ग है. योग के कई प्रकार होते हैं, जिनमें – जप योग (अपने मन को एक पवित्र नाम या अक्षर पर केंद्रित कर इसका सतत उच्चरण करना) कर्मयोग ( फल की चिंता किये बगैर कार्य करना), ज्ञानयोग ( आत्मा और अनात्मा में भेद), भक्तियोग ( ईश्वर के प्रति श्रद्धा भाव के साथ समर्पण), राजयोग ( अष्टांग योग), स्वर योग या नाद योग( श्वास के द्वारा संयोग) हैं.



वर्तमान में योग को रोग निरोधक, स्वास्थ्य वर्धक और रोग निवारण मूल्यांकन हेतु भारत और विदेशों में इस पर योजनाबद्ध तरीके से अनुसंधान हो रहा है. पिछले वर्ष फ्रांस में सरकार ने यूनिवर्सिटी स्तर तक योग की पढ़ाई को स्वीकृति दे दी है.

भारत में कुछ प्रसिद्ध संस्थान जैसे– शरीर क्रिया विज्ञान व संबंधित विज्ञान रक्षा संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान( एम्स), राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य तथा तंत्रिका विज्ञान संस्थान ( निमहांस), विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान, कैवल्य धाम योग संस्थान, बिहार योग विद्यालय, मुंगेर आदि योग के प्रभावों के संबंध में गहन अनुसंधान कर रहे हैं.

## हर दिन नहीं कर सकती एक सा व्यायाम

तेलुगू फिल्मों के बाद बॉलीवुड में बर्फी व फटा पोस्टर निकला हीरो से पहचान बनानेवाली इलियाना डिक्रूज आकर्षक फीगर के लिए भी जानी जाती हैं. जिम में वर्कआउट में वह यकीं नहीं रखतीं, बल्कि रोजाना योग के साथ कुछ आम एक्सरसाइज अपनाती हैं. फिटनेस के बारे में बता रही हैं इलियाना.

सबको लगता है कि मैं बहुत दुबली हूं, क्योंकि मैं खाती-पीती नहीं, जबकि सच यह है कि मैं बहुत फूडी हूं. मेरा मेटाबॉलिज्म स्ट्रांग है, इसलिए मेरा वजन नियंत्रित रहता है. बचपन से ही हम भाई-बहन दुबले-पतले रहे हैं, इसलिए कभी वजन को लेकर दिक्कत नहीं हुई. घर के कामों में भी रुचि रखती थी. खास कर जब मेड नहीं आती, तो खुद से फ्लोर साफ करती थी.

**समुद्र किनारे जॉगिंग पसंद**

जिम में वर्कआउट तो बिलकुल पसंद नहीं. समुद्र किनारे जॉगिंग पसंद है. बॉलकोनी में जंप करना अच्छा लगता है. 2011 में शूटिंग के दौरान घुटने में चोट लगी थी, जिसकी सर्जरी भी करानी पड़ी. इसलिए हफ्ते में तीन किलोमीटर से ज्यादा नहीं दौड़ती. हफ्ते में दो दिन स्वीमिंग-डांसिंग और 100 लैप्स मैनेज करती हूं. ब्रेस्ट, बैक और बटरफ्लाइ स्ट्रोक को अल्टरेट डे पर करती हूं. मेरा जैसा शरीर है, इसमें इंटरवल ट्रेनिंग से फायदा होता है. हर दिन एक-सा वर्कआउट नहीं कर सकती.

**मेरी डायट**

मुझे केक देख कर तो कंट्रोल नहीं होता. हां, बर्गर और पिज्जा से दूर ही रहती हूं. रसगुल्ला, रसमलाई और डार्क चॉकलेट पसंद है. मेटाबॉलिज्म को को बरकरार रखने के लिए दिन में चार से पांच छोटे-छोटे मील लेती हूं. ब्रेकफास्ट में एक गिलास फ्रूट जूस, दो अंडों का पोच और दो व्हीट ब्रेड कॉफी के साथ लेती हूं. दोपहर एक बजे लंच में 2 चपाती चिकन या फिश के साथ. इसमें वेजीटेबल, खासतौर से दाल और फूलगोभी पसंद है. डिनर में वही खाती हूं, जो लंच में. ब्रेकफास्ट व लंच के बीच नारियल पानी या नींबू पानी पीती हूं. शाम को सिर्फ चाय और नमकीन बिस्किट.

**योग मेरे लिए खास**

जल्दी सोती हूं और जल्दी उठती हूं. लेट नाइट पार्टी अवॉयड करती हूं. मेरी फिटनेस में योग सबसे खास है. इसकी ट्रेनिंग मैंने भरत ठाकुर से ली है. हर दिन सूर्य नमस्कार के 11 आसन करती हूं. एक्सरसाइज में बदलाव भी करती हूं.



## गरमी में पीएं हेल्दी ड्रिंक्स

**चिलचिलाती धूप और गरम हवाओं का मौसम आ गया है. इस मौसम में शरीर के तापमान व पाचन क्रिया को ठीक रखने के लिए संतुलित खाद्य एवं पेय पदार्थो का चुनाव बेहद जरूरी है. खास कर पेय पदार्थो के मामले में तो सावधानी बरतना और भी जरूरी है, क्योंकि गरमी से राहत पाने के लिए लोग अक्सर पेय पदार्थों का ही सहारा लेते हैं. गरमी में कुछ पीते रहने से पेट को ठंडक तो मिलती ही है, साथ ही ताजगी भी महसूस होती है. अत- ऐसे ड्रिंक्स**

पीएं जिसे पीने से शरीर को जरूरी पोषक तत्व मिलता रहे और डिहाइड्रेशन से भी बचे रहें. कुछ ड्रिंक्स गले को राहत तो पहुंचाते हैं, लेकिन स्वास्थ्य को नुकसान भी पहुंचाते हैं. जानते हैं कुछ लाभदायक और हानिकारक ड्रिंक्स के बारे में.

**ऐसे ड्रिंक्स से करें परहेज**

इस मौसम में लोग काबरेनेटेड वाटर का अधिक सेवन करते हैं. लेकिन हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि इससे हमारे शरीर को कोई जरूरी पोषक तत्व नहीं मिलते, बल्कि ये कुछ जरूरी पोषक तत्व जैसे- कैल्शियम इत्यादि को क्षति ही पहुंचाते हैं.

चाय या कॉफी भी सीमित मात्र में लें, क्योंकि ज्यादा चाय-कॉफी से डिहाइड्रेशन होने की आशंका बढ़ जाती है.

**ये ड्रिंक्स हैं लाभदायक**

**कुकुंबर ड्रिंक** – 1 खीरा, 3/4 कप लो फैट दही, 4-5 पुदीना पत्ता, थोड़ा धनिया पत्ता, जीरा पाउडर, स्वादानुसार काला नमक और बर्फ मिलाकर इसका जूस बनाएं और पीएं. कैल्शियम, फॉलिक एसिड, विटामिन सी एवं पाचन को राहत पहुंचानेवाले हेल्दी बैक्टीरिया से भरपूर ये ड्रिंक डायबिटीज और हाइपरटेंशन के रोगियों के लिए भी फायदेमंद है.

**बेल का शरबत** – बेल के गूदे में स्वादानुसार चीनी/नमक नींबू और चाट मसाला मिलाकर इसका जूस बनाकर पीएं. कब्ज एवं गैस के रोगियों के लिए यह ड्रिंक लाभदायक है.

**एपल मार्गरीटा** – छीले-कटे सेब, नींबू, बर्फ, चीनी और थोड़ा पानी मिला कर इसका जूस बनाएं और इसका सेवन करें. यह ड्रिंक एनिमिया के रोगियों के लिए बहुत ही फायदेमंद है.

**अदरक-पुदीना ड्रिंक** – 1/4 कप अदरक का रस, 1/2 कप पुदीना पेस्ट, 1/2 कप नींबू का रस, चार चम्मच चीनी, 1 चम्मच जीरा पाउडर, काला नमक और पुदीना स्वादानुसार मिलाकर इसका जूस बनाएं. यह ड्रिंक विटामिन ए, सी और फोलिक एसिड, पोटेशियम, मैग्नीशियम, जिंक इत्यादि से भरपूर है, यह टेस्टी होने के साथ-साथ गरमी में बहुत राहत देती है.

**मैंगो शेक**– आम और दूध से बना यह ड्रिंक विटामिन ए, पोटैशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम, प्रोटीन, एवं कैलोरी से भरपूर है. कभी-कभी कुछ हलका खाने का मन करे, तो यह ड्रिंक संपूर्ण भोजन का भी कार्य करती है.

## स्वस्थ मन से स्वस्थ तन

पुरानी कहावत है कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है, पर यह एक पहलू है. दूसरा पहलू यह है कि स्वस्थ मन से स्वस्थ शरीर का निर्माण संभव है. तन और मन का संबंध पारस्परिक है. दानों की निर्भरता एक -दूसरे से जुड़ी है. अत- स्वास्थ्य एक समग्र तत्व है. इसकी प्राप्ति के लिए हमें समग्रता में सोचना चाहिए.

तन और मन का गहरा संबंध है. एक स्वस्थ तो दूसरा भी स्वस्थ. एक बीमार, तो दूसरा भी बीमार. दोनों की स्वस्थता एक दूसरे पर निर्भर है. स्थानांग सूत्र में यह बात प्रमुखता से कही गई है कि विचारों और भावनाओं से मानव का स्वास्थ्य बहुत अधिक प्रभावित होता है. अच्छे स्वास्थ्य का अर्थ सिर्फ अच्छा भोजन और एक नियमित दिनचर्या अपनाना भर नहीं है. स्वस्थ मनुष्य वह है जो अपनी शुद्ध प्रकृति में स्थिर होता है. यानी स्वस्थ वह है जो शरीर से ही नहीं , विचारों से भी स्वस्थ है. स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है - यह अधूरा सत्य है. इसके साथ यह भी जोड़ जाना चाहिए , स्वस्थ मन से स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है. वैसे तो आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का अद्भुत विकास हुआ है. उसकी सफलताओं और उपलब्धियों पर सभी दांतों तले अंगुलियां दबाते हैं, पर इसके बावजूद दुनिया में बीमार लोगों की कोई कमी नहीं दिखती. नये से नये रोग भी जन्म लेते दिखाई देते हैं. असल में जब तक मानसिक विचारों और भावनाओं में संतुलन नहीं कायम होता और शांति का वातावरण नहीं बनता, तब तक स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता. सच तो यह है कि रोग से भी अधिक हम रोग की चिंता से रोगी और दुर्बल बनते हैं. इसलिए जरूरी यह है कि जब भी शरीर पर रोग का आक्रमण हो, हमें विचारों के स्वास्थ्य और उनके संतुलन पर विशेष ध्यान देना चाहिए.

चिंता और भय की तरह क्रोध का भावावेश भी स्वास्थ्य का शत्रु है. दो दिन के ज्वर से जितनी शक्ति नष्ट होती है, तीव्र क्रोध के दो क्षण में उतनी शक्ति नष्ट होती है. क्रोध से रक्तचाप की वृद्धि के साथ हृदय रोग का खतरा भी होता है. इसी तरह भय और भावना से भी स्वास्थ्य बहुत प्रभावित होता है. उसके प्रभाव से अनेक व्यक्ति पागल और रोगी तक बन जाते हैं. स्वास्थ्य पर विचारों के इतने गहरे प्रभाव को देखते हुए कहा जा सकता है कि स्वस्थ जीवन के लिए इलाज और दवा के साथ-साथ विचारों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए, तभी आप खुद को स्वस्थ रख सकते हैं.

इसे आप एक उदाहरण से समझ सकते हैं. एक बार अमेरिका के कृषि मंत्री एंडरसन को दिल की बीमारी हो गयी. कई दिनों की चिकित्सा के बाद भी उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ. एक दिन अस्पताल में ही उन्होंने एक पुस्तक पढ़ी जिसमें लिखा था- 'दिल की बीमारी को दिमाग पर हावी नहीं होने देना चाहिए.' यह वाक्य उनके जीवन का मंत्र बन गया. उसी क्षण उन्होंने दिमाग से रोग की चिंता को दूर कर लिया. परिणाम यह निकला कि थोड़े ही समय में वह बिल्कुल स्वस्थ हो गये. मन से अच्छा महसूस करते हुए रोग की चिकित्सा करने के इस उपाय को 'फेथ - हीलिंग' कहते हैं. इस तरह का इलाज आस्था और भावना द्वारा की जानेवाली चिकित्सा का ही रूप है. भौतिक चिकित्सा का उपयोग करते हुए भी हमें आध्यात्मिक चिकित्सा का प्रयोग करना चाहिए. जैन परंपरा में ऐसे अनेक मुनियों के उदाहरण हैं, जिनके आधार पर आस्था और भावना द्वारा चिकित्सा की विधि का और अधिक विकास हो सकता है.

## वजन कम करने का बेस्ट ऑप्शन है कार्डियो

फिल्म संघर्ष ( 1999 ) में प्रीति जिंटा की बाल भूमिका में पहली बार नजर आयीं आलिया भट्ट 'स्टूडेंट ऑफ द इयर' से युवा दिलों पर छा चुकी हैं. आज उनकी प्यारी मुस्कान और परफेक्ट फिगर की हर तरफ चर्चा है. फिल्मों में आने से पहले आलिया भी सामान्य लड़की की तरह दिखती थीं, लेकिन सिर्फ तीन महीने में 16 किलो वजन कम कर उन्होंने यह लुक हासिल किया है. क्या है इसका राज, बता रही हैं आलिया. मैं पांच साल से सेहत को लेकर ज्यादा फिक्रमंद हुई हूं. इन सालों में महसूस किया है कि अगर आप फिट होते हो तो आप बहुत सकारात्मक महसूस करते हैं. मैं साइज जीरो नहीं बनना चाहती. मेरी बहन पूजा ने भी मुझे सख्त हिदायत दे रखी है कि मैं साइज जीरो के चक्कर में न पड़ूं. हां, आप यकीन नहीं करेंगे कि फिल्मों में आने से पहले मेरा वजन 68 किलो था मगर पहली फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द इयर' में शनाया के रोल के लिए महज तीन महीनों में मैंने 16 किलो वजन कम किये. मैंने महसूस किया कि वजन कम करने में कार्डियो एक्सरसाइज सबसे बेस्ट ऑप्शन है.

**वर्कआउट प्लान** – मैं सप्ताह में तीन-चार दिन वर्कआउट करती हूं. स्पेशली सुबह एक घंटे कार्डियो करती हूं व शाम में लाइट वेट लिफ्टिंग. शुरुआत ट्रेडमिल से होती है. 10 मिनट वार्मअप के बाद क्रंचेस, बाइस्पे, ट्राइचेस्प, डम्बेल्स वर्कआउट. हर दिन बॉडी के एक हिस्से पर मेहनत करती हूं. वीक में एक दिन ऑफ रखती हूं. योग और डांसिंग भी मेरी फिटनेस का अहम हिस्सा हैं. हर दिन अष्टांग योग भी करती हूं.



**मेरी डायट** – मैं दिन भर में चार- पांच छोटे-छोटे मील लेती हूं, जो मुझे फिट बनाये रखता है. पानी खूब पीती हूं, जो मुझे दिन भर हाइड्रेटेड रखता है. ऑयली व जंक फूड से दूर ही रहती हूं. सुबह की शुरुआत वेज या फ्रूट जूस से करती हूं. साथ में स्नैक्स, इडली-सांबर. अगर एग सैंडविच या पोहा लेना पड़े तो बिना चीनी के एक कप कॉफी या चाय के साथ लेती हूं. लंच में चिकन ब्रेस्ट, दाल, एक रोटी (बिना बटर), सब्जी और दही. शाम में कुरमुरा या फिर चाय-कॉफी के साथ इडली-सांबर. सोने से दो घंटे पहले डिनर में चिकन या फिश सब्जी के साथ और एक गिलास दूध लेती हूं.

## तबीयत बिगाड़ न दे यह मौसम

गरमी का मौसम दस्तक दे चुका है. मौसम का यह बदलाव अपने साथ बुखार, सर्दी–जुकाम जैसी छोटी–छोटी बीमारियां भी ले आया है. अगर चाहते हैं कि आप या परिवार का कोई सदस्य फ्लू की चपेट में न आये, तो जानिए प्रतिष्ठित डॉक्टर से कि कैसे करें बचाव.

बदलते मौसम के कारण विभिन्न बीमारियां लोगों को चपेट में ले रही हैं. रात में ठंड और दिन में गरमी से अक्सर लोग लापरवाही बरतते हैं और कई बीमारियों का शिकार हो जाते हैं. अगर थोड़ी सावधानी और ध्यान रखा जाये तो बीमार पड़ने से बचा जा सकता है. इस मौसम में वायरल, कॉमन कोल्ड, ब्रोंकाइटिस, खांसी, गले व सिर में जकड़न आदि प्रमुख बीमारियां हैं. वहीं डायबिटीज, अस्थमा और हाइ बीपी के मरीजों को इस मौसम में खासी तकलीफों का सामना करना पड़ता है. बदलते मौसम में वायरस हावी रहता है. सुबह में हल्की सर्द हवाएं और दोपहर में गरमी से बुजुर्ग और बच्चे वायरल इंफेक्शन की चपेट में आ जाते हैं. वायरल इंफेक्शन के शुरुआती लक्षण खांसी, जुकाम और हल्का बुखार है जिसे हम 'फ्लू' भी कहते हैं. हैजा भी वायरल इंफेक्शन है. डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, हेपेटाइटिस आदि वायरस से ही फैलता है, जो बदलते मौसम में घातक होता है. इंफेक्शन से जुकाम में नाक बंद रहता है, छींकें भी ज्यादा आती हैं, गला खराब रहता है. बदलते मौसम में छोटे बच्चों में डायरिया का मुख्य कारण भी वायरल इंफेक्शन ही होता है. प्रदूषण के कारण वायल इंफेक्शन अत्याधिक पनपता है. वातावरण में मौजूद वायरस सांस लेने के दौरान शरीर में प्रवेश करते हैं. यह समस्या एसी के साथ अधिक है, क्योंकि वहां ताजी हवा नहीं होती.



लगवाएं एंटी फ्लू टीका – साल में दो बार अपने बच्चों को एंटी फ्लू टीका जरूर लगवाएं. डब्ल्यूएचओ साल में दो बार एंटी फ्लू टीका निकालता है एक सितंबर माह में और दूसरा मार्च माह में, क्योंकि अधिकांश वायरस मौसम बदलने पर ज्यादा अटैक करते हैं. इस लिहाज से ये महीने महत्वपूर्ण हैं. हर 6 माह में बच्चों व बुजुर्गों को यह टीका जरूर लगवाएं.

बुजुर्ग बरतें सावधानियां – अस्थमा, शुगर या हाइबीपी के मरीज अपनी दवाइयों का नियमित सेवन करें, अन्यथा आपकी परेशानी बढ़ सकती है. कोशिश करें कि धूप निकलने पर ही घर से बाहर निकलें. बिस्तर से उठते ही तुरंत खुली हवा में न जाएं. ब्लड थिनर मेडिसिन लेने वाले मरीज इसका नियमित सेवन न करें. बाईपास सर्जरी करा चुके मरीज चिकित्सक की सलाह लेकर दवाइयों का सेवन करें. शराब व धुम्रपान का सेवन न करें क्योंकि इस मौसम में यह अत्याधिक घातक साबित हो सकता है. शुगर मरीज नियमित दवाई लेते रहें व लगातार व्यायाम करें ताकि शुगर कंट्रोल रहे. हार्ट पेशेंट वाले बुजुर्गों को यदि चेस्ट में कोई परेशानी होती है, तो तुरंत चिकित्सक से सलाह लें.

क्या करें जब मौसम बनाये बीमार

मौसम में बदलाव के कारण हमें कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ता है. यह किन कारणों से होता है?

मौसम में बदलाव के कारण वायरस वातावरण में तेजी से विकसित होते हैं. इस मौसम में होनेवाली सर्दी, खांसी और बुखार इंफ्लुएंजा वायरस के इंफेक्शन की वजह से होते हैं. हृदय रोग और फेफड़ों से जुड़े रोगों से पीड़ित लोगों के लिए यह जानलेवा भी साबित होता है.

प्राय: इस मौसम में अचानक कोई ठंडी चीज पी लेने से तबीयत खराब हो जाती है, क्यों?

वातावरण में विभिन्न जीवाणु और विषाणु होते हैं. हमारे शरीर जैसे– गले, मुंह आदि में ये मौजूद होते हैं. सामान्य रूप से ये अक्रिय होते हैं. अचानक कोई ठंडी चीज पीने से, ये जीवाणु सक्रिय हो जाते हैं और तेजी से वृद्धि करने लगते हैं. इनकी संख्या बढ़ने के कारण ही हम बीमार पड़ते हैं.

सामान्य बुखार और वायरल इंफेक्शन में क्या अंतर होता है?

वायरल इंफेक्शन में बुखार, सिर दर्द, नाक से पानी बहना, खांसी, भूख घटना, काम करने की इच्छा न होना आदि लक्षण हैं. बुखार 5 दिन से अधिक रहे, तो यह मलेरिया, मियादी बुखार, कालाजार या डेंगू हो सकता है. टेस्ट करवाएं. मलेरिया के लिए आप्टिमल टेस्ट, मियादी बुखार के लिए विडाल टेस्ट होता है.

इससे बचाव के लिए क्या उपाय अपनाना चाहिए?

हाइ रिस्कवालों को खास कर हृदयरोगवाले लोगों को एंटी वायरल वैक्सीन लेना चाहिए. डॉक्टर की सलाह लेना चाहिए.

## उप्र की टीम ने जीती आमंत्रण राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता

**एजेंसी**

**मुरादाबाद।** ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सचिव डॉ. एबी पाठक ने बताया कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आमंत्रण राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीआईजी मुनिराज जी एवं मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के मध्य खेला गया, जिसमें उप्र की टीम विजयी रही। फाइनल मैच के मैन आफ द मैच महेन्द्र यादव रहे। प्रभारी क्षेत्रीय कीड़ाधिकारी प्रदीप सक्सेना व डॉ एबी पाठक ने अतिथियों का बुके, शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि द्वारा उप्र ब्लाइन्ड क्रिकेट के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं नगद धनराशि 15,000 रूपये प्रदान किए गए। उप विजेता टीम महाराष्ट्र को पुरस्कार एवं नगद धनराशि 10,000 रुपये से पुरस्कृत किया गया। ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन उप्र के सचिव डॉ. अजय पाठक ने दिव्यांग खिलाड़ियों को यह आश्वासन दिया कि भविष्य में जल्द ही इस प्रकार की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा। इस अवसर अंकित अग्रवाल, नरेश पाल सिंह, आसिफ सिद्दीकी बैडमिन्टन कोच, यश शुक्ला क्रिकेट प्रशिक्षक, गोविन्द कुमार कुश्ती कोच, व स्टेडियम के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## साइ सुदर्शन को इंग्लैंड दौरे के लिए शामिल किया जाना चाहिए, पूर्व मुख्य कोच ने किया समर्थन

**दुबई।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने युवा साइ सुदर्शन को हर प्रारूप का बल्लेबाज बताते हुए कहा कि उसे इस साल इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया जाना चाहिए। भारतीय टीम नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र (2025 - 2027) की शुरूआत इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की श्रृंखला से करेगा। भारत को न्यूजीलैंड ने घरेलू टेस्ट श्रृंखला में 3.0 से और आस्ट्रेलिया ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 3.1 से हराया था। आईपीएल में इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में 456 रन के साथ दूसरे स्थान पर काबिज गुजरात टाइटंस के सुदर्शन के बारे में शास्त्री ने कहा कि काउंटी खेलने के अनुभव और अपनी तकनीक के कारण वह इंग्लैंड के हालात में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे का आगाज 20 जून से शुरू हो रहे हेडिंग्ले टेस्ट से करेगी। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में कहा, 'मुझे लगता है कि यह युवा खिलाड़ी साइ सुदर्शन हर प्रारूप का खिलाड़ी है। वह शानदार क्रिकेटर है। इंग्लैंड के हालात में एक खब्बू बल्लेबाज और तकनीक में कुशल होने के कारण मैं चाहूंगा कि वह भारतीय टीम में रहे।उन्होंने कहा कि भारत के लिए सीमित ओवरों के क्रिकेट और आईपीएल में फॉर्म में चल रहे श्रेयस अय्यर भी चुने जा सकते हैं लेकिन उन्हें कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना होगा।

## श्रीसंत पर गिरी गाज, इस मामले को लेकर केरल क्रिकेट एसोसिएशन ने लगाया तीन साल का प्रतिबंध

**तिरुवनंतपुरम ।** केरल क्रिकेट एसोसिएशन ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम से संजू सैमसन को बाहर किए जाने से जुड़े विवाद के संबंध में कथित तौर पर झूठे और अपमानजनक बयान देने के लिए पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है। ने एक बयान में कहा कि यह निर्णय 30 अप्रैल को कोच्चि में आयोजित अपनी विशेष आम सभा की बैठक में लिया गया। श्रीसंत वर्तमान में केरल क्रिकेट लीग की एक फ्रेंचाइजी टीम कोल्लम एरीज के सह-मालिक हैं। इससे पहले उनकी विवादास्पद टिप्पणी के संबंध में श्रीसंत के साथ-साथ फ्रेंचाइजी टीमों कोल्लम एरीज, अलाप्पुझा टीम लीड और अलाप्पुझा रिपल्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। बयान में कहा गया है, %चूंकि फ्रैंचाइजी टीमों ने नोटिस का संतोषजनक जवाब दिया है, इसलिए उनके खिलाफ आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। हालांकि बैठक में टीम प्रबंधन में सदस्यों की नियुक्ति करते समय अधिक सावधानी बरतने की सलाह देने का फैसला किया गया।

## आखिरी सैकेंड रिव्यू पर बोले रोहित शर्मा- मुझे सिर्फ एक ही चिंता थी कि...

**नई दिल्ली।** जयपुर के मैदान पर मुंबई इंडियंस को 13 साल बाद जीत दिलाने में रोहित शर्मा का भी बड़ा योगदान रहा जिन्होंने अर्धशतक लगाकर टीम का स्कोर 200 पार पहुंचाया। मैच में एक क्षण ऐसा भी आया था जब दूसरे ही ओवर में फजलहक फारूखी ने रोहित शर्मा को पगबाधा आऊट कर दिया था। लेकिन रोहित ने आखिरी सेकेंड में रिव्यू लेकर अंपायर की राय जाननी चाही। रिव्यू में वह नॉटआऊट निकले। पहली पारी खत्म होने के बाद जब उनसे इस बाबत पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे केवल इस बात की चिंता थी कि गेंद लाइन में पिच हो रही है या नहीं, यह एक नकल बॉल थी इसलिए मुझे पता था कि यह उछल नहीं पाएगी। मैंने अपना मौका भुनाया और इसका फायदा हुआ। रोहित ने इस दौरान अपनी पारी पर बात करते हुए कहा कि आज अच्छी शुरुआत करना महत्वपूर्ण था। कुछ ओवरों को देखते हुए, गेंद अच्छी तरह से आ रही थी और हमने अपने मौके भुनाए।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जीत की तलाश में भारतीय महिला हॉकी टीम, 3-4 मई को होंगे अंतिम दो मुकाबले

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारतीय महिला हॉकी टीम अब अपने अंतिम दो मुकाबलों में दमदार प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है। इन दोनों मुकाबलों में टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से होगा, जो विश्व स्तर पर एक मजबूत टीम मानी जाती है। ऐसे में भारतीय महिला टीम के लिए चुनौती आसान नहीं होगी, लेकिन टीम इन मुकाबलों को जीतकर दौरे की निराशा को पीछे छोड़ना चाहती है। इस दौरे पर अब तक भारत को कोई जीत नहीं मिली है। कप्तान सलीमा टेटे और उपकप्तान नवनीत कौर की अगुवाई में भारतीय टीम ने अब तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ एक मैच खेला है, जिसमें उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा भारत ने ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम के खिलाफ दो दोस्ताना मुकाबले भी खेले, लेकिन जीत दर्ज करने में



नाकाम रही। टीम इस दौरे को अगले साल होने वाले हॉकी विश्व कप और इस साल के अंत में यूरोप में होने वाली एफआईएच प्रो लीग की तैयारी के तौर पर देख रही है। इसलिए मुख्य कोच हरेंद्र सिंह नई रणनीतियों और खिलाड़ियों के संयोजन को आजमा रहे हैं। हरेंद्र सिंह ने कहा, हमारे लिए यह दौरा काफी अहम है। भले ही जीत नहीं मिली है, लेकिन खिलाड़ियों के प्रदर्शन में कई सकारात्मक संकेत देखने को मिले हैं। हार से निराशा जरूर होती है, खासकर तब जब हम आसान गोल गंवा बैठते हैं, लेकिन ऐसे मुकाबलों का अनुभव खिलाड़ियों को मजबूत बनाता है। उन्होंने आगे कहा, टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए यह एक बेहतरीन मौका है।

जितना अधिक मैच खेलेंगे, उतना ही उनका आत्मविश्वास और अनुभव बढ़ेगा। इस दौरे का उद्देश्य सिर्फ परिणाम नहीं बल्कि टीम को भविष्य की बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। भारतीय महिला हॉकी टीम अब दौरे के अंतिम दो मैच 3 और 4 मई को पर्थ में खेलेगी। ये दोनों मुकाबले भारतीय समयानुसार दोपहर 3:10 बजे शुरू होंगे। टीम और कोचिंग स्टाफ की नजर इन मुकाबलों में जीत हासिल कर आत्मविश्वास के साथ दौरे का समापन करने पर होगी।

# मैड्रिड ओपन 2025 : कोको गॉफ ने स्वियातेक को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी**

**मैड्रिड।** अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने मौजूदा चैंपियन और दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी इगा स्वियातेक को मैड्रिड ओपन 2025 के सेमीफाइनल में करारी शिकस्त दी। गॉफ ने यह मुकाबला महज 64 मिनट में 6-1, 6-1 से जीतकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। स्वियातेक एक भी ब्रेक प्वाइंट नहीं बना सकीं पोलैंड की पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्वियातेक इस मुकाबले में पूरी तरह संघर्ष करती नजर आईं। वह एक भी ब्रेक प्वाइंट हासिल नहीं कर सकीं और अपनी सर्विस पांच बार गंवाई। गॉफ ने पहले सेट में तीसरे, पांचवें और सातवें गेम में ब्रेक कर स्वियातेक को पूरी तरह दबाव में ला दिया। यह पहली बार है जब 21 वर्षीय कोको गॉफ ने क्ले कोर्ट पर स्वियातेक को हराया है। उन्होंने दूसरे सेट में भी दो बार ब्रेक किया और बिना कोई गलती किए पहला ही मैच प्वाइंट भुना लिया। स्वियातेक का इस साल मैड्रिड ओपन में प्रदर्शन अस्थिर रहा। उन्होंने पहले राउंड में अलेक्जेंड्रा ईला और फिर डायना श्नाइडर के खिलाफ सेट गंवाए। क्वार्टर फाइनल में उन्हें मैडिसन कीज़ से पहले सेट में 6-0 की हार झेलनी पड़ी थी, हालांकि बाद में उन्होंने वापसी की। लेकिन सेमीफाइनल में गॉफ के सामने वह पूरी तरह बेबस नजर आईं।

अब टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल बेलारूस की आर्यना सबालेंका और यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना के बीच खेला जाएगा। दोनों खिलाड़ी इस समय शानदार फॉर्म में हैं और विजेता का सामना फाइनल में गॉफ से होगा।

# भारतीय और अमेरिकी टीम के बीच शतरंज महा-मुकाबला 4 अक्टूबर को

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** शतरंज प्रेमियों के लिए एक रोमांचक खबर सामने आई है। हाल ही में विश्व चैम्पियन बने ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश के नेतृत्व में भारतीय टीम 4 अक्टूबर को अमेरिका में जीएम हिकारू नाकामुरा की अगुवाई वाली अमेरिकी टीम से भिड़ेगी।

**यह हाई-वोल्टेज मुकाबला**

'चेकमैट: यूएसए वर्सेस भारत' नाम से अमेरिका के एरिंगटन स्थित ईस्पोर्ट्स स्टेडियम में खेला जाएगा। इस पांच-बोर्ड मुकाबले में शतरंज की दुनिया के बड़े सितारे, उभरते हुए खिलाड़ी, महिला प्रतिभाएं और लोकप्रिय कंटेंट क्रिएटर्स आमने-सामने होंगे।

**दिग्गजों की टक्कर: गुकेश बनाम नाकामुरा, एरिगैसी बनाम कारुआना**

भारत की ओर से शीर्ष बोर्ड पर डी. गुकेश उतरेंगे, जिनका सामना अमेरिका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा से होगा। दूसरे बोर्ड पर भारत के जीएम अर्जुन एरिगैसी और अमेरिका के जीएम फेबियानो कारुआना के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी।

**गौथमचेस बनाम सागर शाह: कंटेंट क्रिएटर्स की दिलचस्प भिड़ंत**

तीसरे बोर्ड पर शतरंज के दो



चर्चित कंटेंट क्रिएटर्स आमने-सामने होंगे। अमेरिका की ओर से आईएम लेवी रोज़मैन (गौथमचेस) जबकि भारत की ओर से आईएम सागर शाह (चेसबेस इंडिया के संस्थापक) मुकाबले में उतरेंगे। यह भिड़ंत दर्शकों के बीच खासा रोमांच भरने वाली होगी।

**महिला प्रतिभाओं की भिड़ंत:करिसा यिप बनाम दिव्या देशमुख**

महिला बोर्ड पर अमेरिका की सबसे होनहार युवा खिलाड़ी करिसा यिप और भारत की अंडर-21 में विश्व की सर्वोच्च रेटेड महिला खिलाड़ी दिव्या देशमुख आमने-सामने होंगी।

**जूनियर स्टार्स का मुकाबला: तनितोलुवा बनाम एथन वाज़**

पांचवें बोर्ड पर जूनियर खिलाड़ियों में अमेरिका के तनितोलुवा अडेवुमी और भारत के एथन वाज़ के बीच भिड़ंत होगी।

**हर गेम में समय नियंत्रण होगा:**

**रेगुलर गेम:** 10 मिनट प्रति खिलाड़ी

**अगर ड्रॉ हुआ तो ओवरटाइम गेम:** 5 मिनट प्रति खिलाड़ी

फिर भी ड्रॉ तो शूटआउट गेम: 1 मिनट प्रति खिलाड़ी

तब भी नतीजा नहीं निकला तो 1-1 मिनट के गेम चलते रहेंगे जब तक विजेता ना मिल जाए अमेरिका को घरेलू लाभ के तहत सभी बोर्ड्स पर सफेद मोहरों से खेलने का मौका मिलेगा। मैच का दूसरा चरण भारत में आयोजित होने की संभावना है।

# सूर्यकुमार यादव ने हासिल की ऑरेंज कैप, कोहली, साई सुदर्शन को छोड़ा पीछे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में विराट कोहली और साई सुदर्शन को पीछे छोड़ते हुए ऑरेंज कैप हासिल कर लिया।

सूर्यकुमार यादव ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 23 गेंदों में नाबाद 48 रन की पारी खेलते हुए इस सीज़न में अपने रन 475 तक पहुँचा दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विराट कोहली (443 रन) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के बी साई सुदर्शन (456 रन) को पीछे छोड़ते हुए ऑरेंज कैप की दौड़ में पहला स्थान हासिल कर लिया है। हालांकि सूर्यकुमार ने 11 मैच खेले हैं, वहीं सुदर्शन ने 9 और कोहली ने 10 मुकाबलों में ये रन बनाए हैं।

**यशस्वी जयसवाल चौथे स्थान पर कायम**

राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जयसवाल ने इस मैच में सिर्फ 11 रन बनाए और अब भी 439 रनों के साथ चौथे स्थान पर बने हुए हैं। जीटी के जोस बटलर (406 रन) और लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन (404 रन) भी



400 रनों का आंकड़ा पार करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं।

**पर्पल कैप की दौड़ में हेज़लवुड सबसे आगे**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जोश हेज़लवुड 18 विकेट के साथ पर्पल कैप की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा 17 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं।

**ट्रेंट बोल्ट की जबरदस्त छलांग:** मुंबई इंडियंस के तेज़ गेंदबाज़ ट्रेंट बोल्ट ने तीन विकेट झटके और अब 11 मैचों में 16 विकेट लेकर पर्पल कैप तालिका में तीसरे नंबर पर पहुँच गए हैं। उनके ठीक नीचे चेन्नई सुपर किंग्स के नूर अहमद हैं, जिनके नाम 10 मैचों में 15 विकेट दर्ज हैं।

# आईपीएल 2025: मुंबई ने 100 रन से जीता मैच, राजस्थान प्लेऑफ की रेस से बाहर

**जयपुर।** इंडिय प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 50वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने राजस्थान रॉयल्स को 100 रनों से मात दी है। इस जीत के साथ ही मुंबई ने जयपुर में अपने जीत के 13 साल के सूखे को भी समाप्त किया। वहीं, इस जीत के साथ मुंबई ने लगातार छह जीत दर्ज करते हुए प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर पहुंच गई है।

सवाई मान सिंह स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मुंबई ने राजस्थान को 218 रन का लक्ष्य दिया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम 119 रन पर ही ढेर हो गई। राजस्थान के लिए सबसे ज्यादा रन जोफ्रा आर्चन (30 रन) ने बनाए। आर्चन के अलावा, रियान पराग ने 16, शुभम दुबे ने 15, यशस्वी जायसवाल ने 13 और ध्रुव



जुरेल ने 11 बनाए। इनके अलावा कोई बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका। मुंबई के लिए ट्रेंट बोल्ट और कर्ण शर्मा को 3-3 सफलता मिली। जबकि जसप्रीत बुमराह को दो विकेट और दीपक चहर व हार्दिक पांड्या को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले टॉस हार बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 217 रन बनाए। रोहित और रिकल्टन ने अर्धशतकीय पारी खेली। मुंबई इंडियंस ने धीमी शुरुआत के बाद रफ्तार पकड़ी। रिकल्टन और रोहित के बीच पहले विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी की। रिकल्टन 61 और रोहित 53 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, तीसरे विकेट के लिए सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या 94 रन की साझेदारी तक टीम को जीत दिला दी। सूर्या और हार्दिक ने 48-48 रन बनाए। राजस्थान की ओर से रियान पराग और महीष तीक्ष्णा को एक-एक विकेट मिला। आज की हार के साथ रियान पराग की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्य की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। इससे पहले, चेन्नई सुपर किंग्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हुई थी।

## राजस्थान रॉयल्स को बड़ा झटका, तेज गेंदबाज संदीप शर्मा आईपीएल 2025 से बाहर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल 2025 में एक बड़ा झटका लगा है। टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज संदीप शर्मा टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइज़ी ने पुष्टि की कि संदीप की उंगली में फ्रैक्चर हुआ है और वे अब आगे नहीं खेल पाएंगे।

**चोट के बावजूद दिखाई बहादुरी**

31 वर्षीय संदीप शर्मा को यह चोट गुजरात टाइटंस के खिलाफ जयपुर में खेले गए मुकाबले के दौरान लगी थी। अपनी ही गेंद पर शुभमन गिल का शॉट रोकने की कोशिश में उनकी उंगली में फ्रैक्चर हो गया। इसके बावजूद उन्होंने बहादुरी दिखाते हुए अपने स्पेल की बची हुई 8 गेंदें डालीं। राजस्थान रॉयल्स ने एक बयान जारी कर कहा, संदीप ने जिस हिम्मत के साथ चोट के बावजूद गेंदबाजी की, वह काबिले तारीफ है। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

आईपीएल 2025 में संदीप शर्मा ने अब तक 10 मुकाबलों में 9 विकेट अपने नाम किए और उनका इकॉनमी रेट 9.89 रहा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उनकी जगह आकाश मधवाल को टीम में शामिल किया गया था। राजस्थान रॉयल्स की टीम मैनेजमेंट अब संदीप के रिप्लेसमेंट पर काम कर रही है। फ्रेंचाइज़ी ने कहा है कि जल्द ही उनके स्थान पर नए खिलाड़ी की घोषणा की जाएगी।

# एमपीएस हॉट वैदर क्रिकेट प्रतियोगिता में मॉडर्न पब्लिक स्कूल बना विजेता, शिरडी सांईं उपविजेता

**एजेंसी**

**मुरादाबाद।** एमपीएस हॉट वैदर क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमें मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम विजेता बनी व शिरडी साई पब्लिक स्कूल उपविजेता बनी। आज प्रतियोगिता के आखिरी दिन दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच खेले गए, पहला सेमीफाइनल मॉडर्न पब्लिक स्कूल बनाम बोनी एनी पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमे एमपीएस की टीम जीती। दूसरा सेमीफाइनल मैच श्री सत्य साई स्कूल बनाम शिरडी साई पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया जिसमे शिरडी साई की टीम जीती। फाइनल मैच मॉडर्न पब्लिक स्कूल और शिरडी साई पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया जिसमे मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 106 रनों का लक्ष्य दिया, लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिरडी साई पब्लिक स्कूल की टीम 12 ओवर में 5 विकेट के



नुकसान पर केवल 60 रन ही बना पाई। प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब मॉडर्न पब्लिक स्कूल के यश व्यास को मिला। बेस्ट बोलर का खिताब शिरडी साई पब्लिक स्कूल के राजस को मिला। निर्णायक मंडल में अभिमन्यु, विशाल त्यागी, लवी पाल रहे ।इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक शाहवेज़ अली, प्रधानाचार्य शकील अहमद, कॉर्डिनेटर सुशील कुमार, कोच नासिर हुसैन, यश अग्रवाल, विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे ।

## आईआईएल : धर्मशाला पंहुचे पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ी

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** आईपीएल के एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में खेले जाने वाले मुकाबलों के लिए पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की टीमें वीरवार को धर्मशाला पंहुच गई। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब के खिलाड़ी अपने दूसरे होम ग्राउंड धर्मशाला में पहुंचे। धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स को करारी शिकस्त देने के बाद आईपीएल के प्वाईंट टेबल में नंबर पांच से छलांग लगाते हुए पंजाब अब दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। पंजाब किंग्स की टीम स्पेशल विमान के जरिए चैन्नई से कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंची। इसके साथ ही मेहमान टीम लखनऊ सुपर जायंटस टीम के कुछ सदस्य भी गुरूवार को गगल एयरपोर्ट में पहुंचने के बाद धर्मशाला के कंडी स्थित होटल में पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर बीफ संख्या में खिलाड़ियों के प्रशंसक भी मौजूद रहे। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा के बीच धर्मशाला के कंडी स्थित होटल रेडिसन ब्लू ले जाया गया। इस दौरान पंजाब किंग्स व लखनऊ सुपर जांयटस के खिलाड़ी कांगड़ा हवाई अड्डे पर धौलाधार पर्वत श्रृंखला को भी निहारते हुए नजर आए। इससे पूर्व कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचने पर टीम के खिलाड़ियों का हिमाचल की संस्कृति से स्वागत किया गया। इसके बाद पंजाब किंग्स व लखनऊ के खिलाड़ियों को स्पेशल बसों द्वारा कांगड़ा हवाई अड्डे से धर्मशाला के लिए रवाना किया गया। इस दौरान पंजाब किंग्स के कैप्टन श्रेयस अय्यर, तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, मारको जॉनसन, हरप्रीत बर्रार, मार्कस स्टोइनिस, शशांक सिंह, जोश इंग्लिश आदि खिलाड़ी नजर आए। साथ ही लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज आवेश खान और स्पिनर रवि बिश्नोई की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी एयरपोर्ट पहुंचे फैंस ने खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025: असम की पहली टीम रवाना

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** 7वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए असम का पहला दल गुवाहाटी से रवाना हो गया। ये खेल 4 से 15 मई तक बिहार और दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। असम के शेफ डि मिशन और खेल एवं युवा कल्याण निदेशालय के सहायक निदेशक नबा बसुमतारी के अनुसार, बालिका कबड्डी और वॉलीबॉल टीमें राजधानी एक्सप्रेस से पटना के लिए रवाना हुईं। वहीं, जुडो, स्विमिंग, साइक्लिंग, सेपक टकरॉ और गतका के खिलाड़ी शुक्रवार को बसुमतारी के साथ यात्रा करेंगे।पहली बार बिहार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी सौंपी गई है। बिहार के पांच शहरों में विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि शूटिंग, जिम्नास्टिक और ट्रैक साइक्लिंग की प्रतियोगिताएं नई दिल्ली में आयोजित की जाएंगी।इस बार असम 27 खेलों में से 17 में हिस्सा लेगा। राज्य का दल कुल 135 सदस्यों का है, जिसमें 105 खिलाड़ी शामिल हैं – 42 लड़के और 63 लड़कियां। सरुसजाई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, असम द्वारा एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर टीम की




आधिकारिक जर्सी का अनावरण कर खिलाड़ियों को वितरित की गई, और राज्य सरकार की ओर से शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में विभाग के विशेष सचिव कौसर जमील हिलाली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही ओलंपियन तीरंदाज और अर्जुन पुरस्कार विजेता जयंत तालुकदार, अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन कोच अनुप कोंवर, और उपनिदेशक नील हरित कौशिक भी मौजूद थे। इस वर्ष खेलो इंडिया यूथ गेम्स में देशभर के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के करीब 10,000 खिलाड़ी भाग लेंगे।असम तैराकी, भारोत्तोलन, एथलेटिक्स, शूटिंग, मुक्केबाज़ी, साइक्लिंग, थांग-ता, टेबल टेनिस, योगासन, गतका, कलारिपयट्टू, जुडो, जिम्नास्टिक, मल्लखंब, सेपक टकरॉ और बालिका कबड्डी और वॉलीबॉल में प्रतिभाग करेगा। पिछले वर्ष तमिलनाडु में आयोजित खेलों में असम ने 24 पदक जीतकर 17वां स्थान प्राप्त किया था, जो राज्य का असम के बाहर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। वहीं, असम का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2020 में गुवाहाटी में आयोजित तीसरे संस्करण में रहा, जब राज्य ने 76 पदक (20 स्वर्ण सहित) जीतकर कुल सातवां स्थान हासिल किया था।

# ड्रीम लीग ऑफ इंडिया का भव्य शुभारंभ, टेनिस क्रिकेट को दिलाएगा अंतरराष्ट्रीय पहचान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस क्रिकेट को वैश्विक मंच पर ले जाने के उद्देश्य से सर्वोटेक स्पोर्ट्स ने राजधानी के होटल शांग्री-ला में ड्रीम लीग ऑफ इंडिया (डीएलआई) का भव्य शुभारंभ किया। यह अपनी तरह की पहली और अनूठी टेनिस क्रिकेट बॉल लीग है, जिसमें जूनियर (13-18 वर्ष) और सीनियर (18+) दोनों श्रेणियों में छह-छह फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी।लीग के शुभारंभ समारोह में बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद को लीग कमिश्नर घोषित किया गया, जबकि प्रसिद्ध संगीतकार सलीम मर्चेंट को भी सेलिब्रिटी चेहरों में शामिल किया गया। यह पहल देशभर के युवाओं को टेनिस क्रिकेट टीम इंडिया की जर्सी पहनने का सपना साकार करने का अवसर देगी। खिलाड़ी ड्रीम लीग ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट या स्टार्जअप ऐप के जरिए खुद को ओपन फेयर ट्रायल्स के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। ये ट्रायल्स देशभर में 1,500 से अधिक सर्टिफाइड कोचों की निगरानी में आयोजित किए जाएंगे। चयन प्रक्रिया के माध्यम से 860 जूनियर और 860 सीनियर खिलाड़ियों को डीएलआई ऑक्शन के लिए चुना जाएगा, जहां छह फ्रेंचाइज टीमें अपनी टीमों का चयन




करेंगी।ऑक्शन में चयनित खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय टेनिस क्रिकेट फेडरेशन (आईटीसीएफ) और टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीसीएआईढ्ढ) के चयनकर्ताओं की नजरों में आने का मौका मिलेगा। लीग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को भारत की टेनिस क्रिकेट टीम में प्रतिनिधित्व का अवसर मिलेगा। वहीं, ऑक्शन से वंचित खिलाड़ी इंटर-ज़ोनल टूर्नामेंट में भाग लेंगे और वहां से जीतने वाली टीम ऑल-ज़ोनल चैंपियनशिप में उतरेगी। सर्वोटेक स्पोर्ट्स के निदेशक ऋषभ भाटिया ने कहा, ÷ड्रीम लीग ऑफ इंडिया हमारी उस सोच का हिस्सा है, जिसमें हम हर गली-मोहल्ले के खिलाड़ी को एक मंच देना चाहते हैं। अब टेनिस क्रिकेट में भी भारत को विश्व पटल पर छाने का मौका मिलेगा। सोनू सूद ने कहा, यह सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि सपनों को उड़ान देने का एक मंच है। ड्रीम लीग ऑफ इंडिया उन हजारों युवाओं की प्रेरणा बनेगी जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने जुनून के पीछे भागते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रीम लीग ऑफ इंडिया भारतीय टेनिस क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत है, जो देश के कोने-कोने से प्रतिभा को पहचान और सम्मान दिलाने का वादा करती है।

भीड़ में फंसी

# श्वेता तिवारी की बेटी, इस शख्स ने गोद में उठाकर पलक को गाड़ी से उतारा, वीडियो वायरल



टीवी की मशहूर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी अब बॉलीवुड एक्ट्रेस हैं. उनकी फैन फॉलोविंग लाखों में है जो उनकी एक झलक के लिए कुछ भी कर जाते हैं. बीते रोज एक वीडियो सामने आया, जो वायरल हो रहा है. जब पलक एक इवेंट में पहुंचीं और भीड़ ने उनका गाड़ी से उतरना मुश्किल कर दिया तब वो कैसे उतरीं और कैसे अंदर गईं ये देखना दिलचस्प है.

फिल्म द भूतनी को लेकर मुंबई में एक इवेंट रखा गया था, जहां पलक तिवारी पहुंची. 29 अप्रैल की देर रात ये वीडियो सामने आया जब पलक इवेंट में जाने के लिए गाड़ी से उतरने की कोशिश करती हैं, लेकिन भीड़ की वजह से उतर नहीं पातीं, तब जो होता है उसी की वजह से पलक आज सुर्खियों में हैं.

**पलक तिवारी को गाड़ी से उतारने वाला कौन है ?**

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें पलक तिवारी को एक शख्स गोदी में उठाकर गाड़ी से उतरने में मदद करता है. अब फैंस इस वीडियो के कमेंट बॉक्स में अलग-अलग चीजें लिख रहे हैं. एक ने लिखा, 'ये इनका बॉयफ्रेंड है क्या ?' वहीं किसी दूसरे ने लिखा, 'नहीं, नहीं ये तो इनका बॉडीगार्ड हो सकता है.' ऐसे ही लोग अपने-अपने अनुमान लगा रहे हैं.

हालांकि, खबर ये है कि वीडियो में नजर आने वाला ये लड़का जिसने पलक तिवारी को गोद में उठाया है वो उनकी टीम में से एक है. गोद में उठाकर उसने पलक को भीड़ से बचाकर नीचे उतारा और फिर पलक इवेंट के लिए चली जाती हैं. इस इवेंट में संजय दत्त से लेकर मौनी रॉय तक, कई सितारे पहुंचे थे और पलक तिवारी भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं.

फिल्म का निर्देशन सिद्धांत कुमार सचदेव ने किया है और फिल्म को संजय दत्त ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म में संजय दत्त नजर भी आएंगे, इनके अलावा फिल्म में पलक तिवारी, सनी सिंह और मौनी रॉय भी अहम किरदारों में हैं. फिल्म का ट्रेलर और कई गाने पहले ही लॉन्च हुए, जिसे पसंद किया जा रहा है.

**पलक तिवारी की डेब्यू फिल्म कौन सी थी ?**

24 साल की पलक तिवारी की मां टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हैं और पिता एक्टर राजा चौधरी हैं. पलक के पैरेंट्स तलाक ले चुके हैं और पलक अपनी मां के साथ रहती हैं. पलक तिवारी ने 2021 में वेब सीरीज रोजी-द सैफरोन चैप्टर से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी. बॉलीवुड में इनकी पहली फिल्म किसी का भाई किसी की जान थी, जिसमें पलक तिवारी सलमान खान जैसे बड़े स्टार के साथ नजर आई थीं.

## अजय देवगन की 'रेड' के आगे इस मामले में पिछड़ी संजू बाबा की 'भूतनी'... क्या संजय हार जाएंगे ये बाजी?



अजय देवगन की फिल्मों को लेकर लोग काफी एक्साइटेड रहते हैं. साल 2018 में अजय की फिल्म आई थी जिसका नाम था रेड. अब जल्द ही इस फिल्म का दूसरा पार्ट यानी सीक्वल रिलीज के लिए तैयार है. रेड 2 पहले से भी ज्यादा इंटेंस और मजेदार होने वाली है. कल अजय की रेड 2 रिलीज हो रही है. लेकिन अजय की रेड 2 के साथ संजू बाबा की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूतनी का बड़ा क्लैश है.कल यानी 1 मई को अजय की रेड 2 और संजय दत्त और मौनी रॉय की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूतनी रिलीज होने वाली है. इस जंग के लिए अभी लगभग 12 घंटों का समय है, लेकिन उससे पहले ही संजू बाबा इस एक बात में अजय से अभी से काफी पीछे हैं. आईए जानते हैं कि आखिर कहां संजय अजय से पीछे रह गए.

**इस मामले में पिछड़ी भूतनी**

बुक माई शो एप पर दोनों फिल्मों की बुकिंग की जा रही है. लोगों से दोनों फिल्मों को ठीकठाक रिस्पॉन्स मिल रहा है. वहीं दूसरी ओर दोनों के बीच एक जंग देखने को मिल रही है, जहां इंटरेस्ट के मामले में अजय की रेड ने संजू की भूतनी को मात दे दी. जहां खबर लिखे जाने तक 220.1 हजार लोगों ने रेड देखने में दिलचस्पी दिखाई है, तो वहीं भूतनी के लिए केवल 38.7 हजार लोग एक्साइटेड हैं.

**संजय दत्त क्यों हैं नाखुश ?**

वैसे तो असल जिंदगी में सिर्फ अजय देवगन ही नहीं बल्कि इंडस्ट्री के कई बड़े सितारों के साथ संजय दत्त की दोस्ती है. लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अजय देवगन की फिल्म रेड 2 के मुकाबले संजू बाबा की फिल्म द भूतनी को थिएटर मालिक और डिस्ट्रीब्यूटर से मिल रही ट्रीटमेंट से न तो संजय दत्त खुश हैं, न ही इस फिल्म के मेकर्स.

हाल ही में अपनी फिल्म के नए गाने को लॉन्च करते समय संजय दत्त ने मीडिया के सामने अपना दर्द बयां किया. एक ही इंडस्ट्री का हिस्सा होने के बावजूद अपनी फिल्म के लेकर हो रहे भेदभाव से संजय दत्त बिल्कुल भी खुश नहीं हैं.

## क्या सलमान खान सिकंदर के Flop होते ही हज पर गए? दुआ मांगते तस्वीर वायरल, ये है सच्चाई



अभिनेता सलमान खान के चाहने वालों की कमी नहीं है. भले ही उनकी पिछली फिल्म 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई न कर पाई हो, लेकिन उनके फैंस के दिलों में उनके लिए प्यार जर्रा बराबर भी कम नहीं हुआ है. इसका सबूत ये है कि सलमान खान से जुड़ी कोई भी चीज़ सोशल मीडिया पर आती है तो वो तुरंत वायरल हो जाती है. अब सलमान की एक तस्वीर जमकर वायरल हो रही है, जिसमें वो मक्का में काबा परिसर में खड़े होकर दुआ मांगते नज़र आ रहे हैं. पर इस तस्वीर की सच्चाई कुछ और ही है. आइए बताते हैं.

दरअसल सलमान खान की जो तस्वीर आप देख रहे हैं वो असली नहीं है. इस तस्वीर को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की मदद से बनाया गया है. इस तस्वीर को हाजी सलमान (सलमान खान) नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट से 28 अप्रैल को शेयर किया गया था. इसके साथ कैप्शन में लिखा था, अल्लाह हिदायत दे. साथ में दुआ मांगने वाली इमोजी भी कमेंट की गई थी.

**फेक फोटो कर दी शेयर**

तस्वीर दो दिन पहले अपलोड की गई थी. सलमान खान नाम के इस शख्स के इंस्टाग्राम पर 1.8 मिलियन यानी करीब 18 लाख फोलोवर्स हैं. दो दिनों में इस तस्वीर पर 3 लाख 85 हज़ार से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं. इसके अलावा 2 हजार से ज्यादा कमेंट्स इस पोस्ट पर हो चुके हैं. हाजी सलमान के इंस्टा को खंगालने से पता चलता है कि वो आम तौर पर सलमान की तस्वीरें नहीं शेयर करते हैं. ऐसे में ये ज्यादा मुमकिन है कि एआई वाली तस्वीर को उन्होंने कहीं देखा हो और अपलोड कर दिया हो.

तस्वीर को गौर से देखेंगे तो आप खुद ही समझ जाएंगे कि ये असली नहीं है. सलमान खान के हाथों की उंगलियां, उनके होंठ, दाढ़ी, हाथ, कई चीजें सामान्य नहीं लग रही हैं. थोड़ी सी गहराई से देखते ही आप समझ जाएंगे कि तस्वीर में झोल है. इसके अलावा एक बात ये भी है कि सलमान खान जैसा बड़ा स्टार अगर हज या उमराह के लिए मक्का जाएगा तो हर जगह यही खबर चलेगी. ऐसे में आपको यही सलाह है कि कोई भी चीज़ जब भी देखें तो चार बार देखें. तुरंत उसे सच न मानें. शक होने पर सच्चाई का पता करें और उसके बाद ही कुछ शेयर करें.


**कमेंट्स की आ गई बाढ़**

सलमान को उमराह वाले लिबास में और काबा में दुआ मांगता देख उनके फैंस खुशी से झूम उठे. एक ने लिखा, अल्लाह पाक हर मुसलमान को हिदायत दे. इसके अलावा कई लोगों ने माशाल्लाह लिखा. हालांकि कई लोगों ने तुरंत पकड़ लिया कि ये तस्वीर असली नहीं है. कई लोगों ने हाजी सलमान को बताया भी है कि ये तस्वीर आई से बनाई गई है और ऐसी तस्वीर न डाला करें. हालांकि दो दिन होने के बाद भी इस तस्वीर को डिलीट नहीं किया गया है.



# मलाइका अरोड़ा के खिलाफ जारी होगा गैर जमानती वारंट? कोर्ट ने दी चेतावनी, सैफ अली खान से जुड़ा है केस

सैफ अली खान होटल विवाद मामले में मुंबई की एक अदालत ने मलाइका अरोड़ा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करने की चेतावनी दी है. साल 2012 में एक होटल में हुए झगड़े के मामले में मलाइका अरोड़ा को गवाह के तौर पर पेश होना था, लेकिन 29 अप्रैल को वो पेश नहीं हुईं.अदालत ने अप्रैल में ही मलाइका के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था. समन मिलने के बावजूद वो 29 अप्रैल को कोर्ट में पेश नहीं हुईं, इस पर अदालत ने नाराजगी जाहिर की है.कोर्ट ने कहा कि मलाइका को समन जारी किया गया था. समन की जानकारी होने के बावजूद वो जानबूझकर कोर्ट की कार्रवाई में पेश नहीं हुईं. इससे पहले कोर्ट ने मलाइका के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था और उन्हें 29 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था.




**कोर्ट ने दी चेतावनी ?**

मंगलवार को मामले की सुनवाई थी. मलाइका नहीं पहुंचीं, लेकिन उनके एक वकील कोर्ट में मौजूद थे. इसके बाद चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने कहा, जानकारी होने के बावजूद, वो जानबूझकर कोर्ट की कार्रवाई से बचने की कोशिश कर रही हैं. कोर्ट ने मलाइका को पेश होने के लिए आखिरी मौका दिया और कहा कि मामले की अगली सुनवाई 9 जुलाई को होगी.कोर्ट ने साथ में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर मलाइका पेश नहीं होती हैं तो उनके खिलाफ एक गैर-जमानती वारंट जारी किया जा सकता है. कोर्ट ने पहली बार 15 फरवरी को मलाइका के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था. 8 अप्रैल को दोबारा कोर्ट ने उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया.

**क्या है पूरा मामला ?**

22 फरवरी 2012 को सैफ अली खान अपने कुछ दोस्तों के साथ एक फाइव स्टार होटल में डिनर के लिए गए थे. उस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी करीना कपूर खान, करिश्मा कपूर, मलाइका अरोड़ा, अमृता अरोड़ा और कुछ परुष दोस्त थे. वहां उनका एनआरआई बिजनेसमैन इकबाल मीर शर्मा से झगड़ा हो गया था.